राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# उज्ज्वल दुनिया
रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



## आज का दिन

**इतिहास के पन्नों में 03 जुलाई : हिंदी सिनेमा के 'जानी' राजकुमार ने दुनिया को कहा अलविदा**

भारतीय सिनेमा के इतिहास में 03 जुलाई का दिन महान अभिनेता राजकुमार की पुण्यतिथि के रूप में याद किया जाता है। वर्ष 1996 में इसी दिन हिंदी फिल्मों के इस दिग्गज कलाकार का निधन हुआ। अपनी दमदार आवाज, प्रभावशाली व्यक्तित्व और अनूठी संवाद अदायगी के कारण राजकुमार ने हिंदी सिनेमा में ऐसी अमिट पहचान बनाई, जिसे आज भी दर्शक याद करते हैं। 08 अक्टूबर 1926 को तत्कालीन बलूचिस्तान (अब पाकिस्तान) में जन्मे राजकुमार का वास्तविक नाम कुलभूषण पंडित था। फिल्मों में आने से पहले वे मुंबई पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे।

वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 117 | रांची, शुक्रवार, 03 जुलाई 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




### मुख्यमंत्री ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता का दिया संदेश

# मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को रांची के कांके स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत स्वयं एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया।

मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के सभी पात्र मतदाताओं से तय समय सीमा के भीतर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के समक्ष निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ नम्बर-290 की बीएलओ ने एन्यूमरेशन फार्म भरने की प्रक्रिया पूरी की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्वयं अपना एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया।




मुख्यमंत्री ने राज्य के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपना एसआईआर प्रपत्र भरें तथा मतदाता सूची में अपनी जानकारी का सत्यापन सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की लोकतांत्रिक भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की आधारशिला है।

मुख्यमंत्री ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्र मतदाता एसआईआर अभियान में बढ़-चढ़कर अपनी महती भूमिका निभाएं तथा अपने परिवार, पास-पड़ोस और समाज के अन्य लोगों को भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित होकर एसआईआर प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करें। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, ईआरओ-सह-एडीएम धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, बीएलओ वेरोनिका देवी उपस्थित रहे।

## एसीबी ने रिश्वत लेते पेटरवार प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू को किया गिरफ्तार



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**धनबाद।** बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) धनबाद की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सरकारी कर्मचारी को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित पर शौचालय निर्माण योजना की शेष राशि जारी करने के एवज में घूस मांगने का आरोप है।

इस संबंध में एसीबी धनबाद के अपर पुलिस अधीक्षक बिनोद कुमार महतो ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, प्रमंडलीय कार्यालय धनबाद को एक संवेदक ने शिकायत दी थी कि ओरदाना 10+2 उच्च विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद भुगतान की शेष राशि जारी करने के लिए पेटरवार प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित बड़ा बाबू गुलाम रसूल दस हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोपित की ओर से आठ हजार रुपये की रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।

सत्यापन सही पाए जाने पर एसीबी धनबाद थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ट्रैप टीम का गठन किया गया। गुरुवार को टीम ने पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित पुराने भवन में जाल बिछाकर आरोपित मो. गुलाम रसूल को परिवादी से आठ हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में की गई।

गिरफ्तार आरोपित मो. गुलाम रसूल पेटरवार प्रखंड कार्यालय में सहायक उर्दू अनुवादक के साथ अतिरिक्त प्रभार में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत हैं। एसीबी ने आरोपित को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 'अमृतलाल नागर : भारतीय धर्म व संस्कृति' पुस्तक का अनावरण किया



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को अमृतलाल नागर भारतीय धर्म और संस्कृति पुस्तक का लोकार्पण करते हुए कहा कि भारतीय धर्म और संस्कृति की समृद्ध परंपरा को समझने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने में ऐसे शोधपरक ग्रंथों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक अमृतलाल नागर के कथा-साहित्य के माध्यम से भारतीय धर्म, संस्कृति और जीवन-मूल्यों का गंभीर व संतुलित अध्ययन प्रस्तुत करती है।

राज्यपाल ने कहा कि अमृतलाल नागर का साहित्य भारतीय समाज, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त दस्तावेज है। भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता, समन्वय और मानवीय दृष्टिकोण जैसे मूल्यों का पुस्तक में गंभीरता से उल्लेख किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा भारतीय संस्कृति में रुचि रखने वाले सभी पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

राज्यपाल ने अपने जीवन के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान उन्हें लगभग एक वर्ष तक कारागार में रहना पड़ा था। उस अवधि में उन्हें अनेक साहित्यिक पुस्तकों एवं उपन्यासों के अध्ययन का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उसी समय उन्होंने अमृतलाल नागर सहित अनेक साहित्यकारों की कृतियों का गहन अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी साहित्य की अपनी अलग विशेषता और समृद्ध परंपरा है, जो भारतीय समाज, संस्कृति और मानवीय मूल्यों को गहराई से अभिव्यक्त करती है। राज्यपाल ने पुस्तक की लेखिका डॉ. समीक्षा मिश्र को इस कृति के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## नेतृत्व को अधिकार से नहीं, सेवा से पहचाना जाता है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को उपराष्ट्रपति भवन में राज्यसभा सदस्य डॉ. अजीत माधवराव गोपचड़े द्वारा शुरू की गई एमपी लीड फेलोशिप के 40 प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। प्रभागियों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सच्चा नेतृत्व पद, शक्ति या अधिकार से नहीं बल्कि समाज सेवा से पहचाना जाता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने व्यवहार में विनम्रता, ईमानदारी और करुणा को अपनाएं और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाएं। एक अच्छा नेता वही है जो लोगों की समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए काम करे।

उपराष्ट्रपति ने देश की एकता और अखंडता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा, ͙भारत एक था, है और हमेशा रहेगा।͙ उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे क्षेत्र, भाषा और जाति जैसी सीमाओं से ऊपर उठकर देशहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत है।



### भारत की विकास यात्रा का उल्लेख

उन्होंने भारत की ऐतिहासिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 1960 के दशक में देश को खाद्य संकट का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज भारत दुनिया के सबसे बड़े खाद्यान्न निर्यातकों में शामिल है।

उन्होंने युवाओं से कहा कि वे पिछली पीढ़ियों के संघर्षों को समझें और उनसे प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान दें। उपराष्ट्रपति ने एमपी लीड फेलोशिप के चयनित 40 प्रतिभागियों को बधाई दी, जिनका चयन 5,000 से अधिक आवेदकों में से हुआ है। यह कार्यक्रम युवाओं को कक्षा से बाहर वास्तविक दुनिया से जोड़ता है और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि अवसरों के साथ निरंतर मेहनत और योग्यता जरूरी है। उन्होंने युवाओं को बड़ा सपना देखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य में उनमें से कुछ लोग देश के सर्वोच्च पदों तक भी पहुंच सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह फेलोशिप सांसद डॉ. अजीत माधवराव गोपछड़े द्वारा शुरू किया गया दो महीने का इंटर्नशिप कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य युवाओं को शासन, नीति-निर्माण और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक समझ देना है।

## भारत-जापान आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता, एआई के क्षेत्र में करेंगे सहयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और जापान गुरुवार को आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में बड़े स्तर पर सहयोग करने को सहमत हुए हैं। दोनों देशों के बीच आज 16 बिन्दुओं पर सहमति बनी। इसमें आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणापत्र, एआई के क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त वक्तव्य और ऊर्जा लचीलापन पर संयुक्त वक्तव्य शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में आज अपनी समकक्ष सनाए तकाइची के साथ 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लिया। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य दिया जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने तकाइची को छोटी बहन कहकर संबोधित किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान भारत-जापान संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक वार्ता हुई, जिनमें व्यापार एवं निवेश, आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, रक्षा और जन-समुदाय आदान-प्रदान शामिल थे। उन्होंने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ठोस प्रगति हुई। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने तीन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपनाया- आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणापत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त वक्तव्य और ऊर्जा लचीलापन पर संयुक्त वक्तव्य। दोनों नेताओं ने आर्थिक सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और अनुसंधान एवं विकास से संबंधित प्रमुख समझौता ज्ञापनों और समझौतों के आदान-प्रदान को देखा। दोनों पक्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली गतिविधियों की सूची पर सहमत हुए।



प्रधानमंत्री मोदी ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि अगले 10 सालों में भारत जापान से 10 ट्रिलियन येन (जापानी मुद्रा) के निवेश और देश में काम कर रही जापानी कंपनियों की संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

वार्ता के बाद पत्रकार वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे परे शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने में हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की भूमिका को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि आज की बैठकों से कई महत्वपूर्ण परिणाम निकले हैं, जो मोटे तौर पर तीन प्रमुख क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। ये क्षेत्र हैं आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, आर्थिक सुरक्षा, रक्षा, आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ीकरण, प्रौद्योगिकी, नवाचार और जन-समुदाय आदान-प्रदान सहित कई क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूत नींव पर विचार-विमर्श किया। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे परे शांति, समृद्धि और स्थिरता के संदर्भ में हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की भूमिका को स्वीकार किया।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि बहुपक्षीय मोर्चे पर दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल सुधार के लिए अन्य जी4 देशों के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, जिसमें स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों का विस्तार शामिल है, जिसका अधिकांश सदस्य देश समर्थन करते हैं, ताकि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके। दोनों प्रधानमंत्रियों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट और कड़ी निंदा की, जिसमें पाकिस्तान से होने वाला सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की घोर निंदा की।

## कैबिनेट की बड़ी सौगात : रिम्स-2, नई सेवा नियमावलियां और सड़क परियोजनाओं समेत कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में जनकल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रशासन, सड़क अवसंरचना और रोजगार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में झारखंड योजना सेवा नियमावली-2026, समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग नियमावली-2026 तथा निम्नवर्गीय लिपिक-सह-कंप्यूटर संचालक सेवा नियमावली-2026 के गठन को स्वीकृति दी गई। साथ ही राज्य में नवनियुक्त सरकारी कर्मियों के लिए निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने करीब 4,189 करोड़ रुपये की लागत से रिम्स-2 की स्थापना को मंजूरी दी। इसके अलावा राज्य के चिकित्सा संस्थानों में इंटर्नशिप कर रहे विदेशी चिकित्सा स्नातकों को वृत्तिका (स्टाइपेंड) देने, मनरेगा के तहत आदिम जनजाति समूह (पीवीटीजी) परिवारों को 100 दिनों के अतिरिक्त 50 दिन रोजगार उपलब्ध कराने तथा श्रावणी मेला-2026 के लिए 28 अस्थायी मेला ओपी और 19 यातायात ओपी के गठन को भी स्वीकृति दी गई।

बैठक में चतरा, साहिबगंज, दुमका, रांची और पाकुड़ में 500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। वहीं बोकारो में पेमिया ऋषिकेश विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी करने, सरायकेला-खरसावां में औद्योगिक इकाई के लिए सरकारी भूमि लीज पर देने तथा बाणसागर परियोजना के तहत बिहार-झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे संबंधी समझौते को भी स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिपरिषद ने कई न्यायालयीय आदेशों के अनुपालन में पदोन्नति, वेतन, पेंशन और सेवा संबंधी मामलों पर भी निर्णय लिए। साथ ही मार्च 2023 तक की अवधि के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की राजस्व लेखा परीक्षा रिपोर्ट को विधानसभा के आगामी सत्र में प्रस्तुत करने की मंजूरी दी गई। बैठक में एक चिकित्सा पदाधिकारी को सेवा से बर्खास्त करने सहित कई प्रशासनिक प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

## तमिलनाडु गैस रिसाव हादसा : झारखंड के सभी 42 प्रवासी श्रमिक सुरक्षित घर लौटे

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर चला राहत अभियान, श्रमिकों ने जताया आभार

**रांची।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में अमोनिया गैस रिसाव हादसे के बाद बचाए गए झारखंड के सभी 42 प्रवासी श्रमिक सुरक्षित अपने-अपने घर लौट आए हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष ने राहत एवं बचाव अभियान चलाकर श्रमिकों की सकुशल वापसी सुनिश्चित की। हादसे में मृत झारखंड की महिला श्रमिक का पार्थिव शरीर भी सम्मानपूर्वक उनके गृह जिले पहुंचाया गया। राज्य सरकार के विशेष अनुरोध पर रेलवे ने अलप्पुझा-धनबाद एक्सप्रेस में विशेष स्लीपर कोच उपलब्ध कराया, जिससे सभी श्रमिक चेन्नई से सुरक्षित झारखंड पहुंचे। इसके बाद प्रशासन की व्यवस्था से उन्हें उनके गृह जिलों और गांवों तक पहुंचाया गया। यात्रा के दौरान भोजन, पेयजल और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई थी। सुरक्षित घर लौटने पर श्रमिकों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर किए गए प्रयासों से वे सकुशल अपने परिवारों के बीच लौट सके।

# पद्मश्री एवं पद्मभूषण डॉ. सुरेश आडवाणी के द्वारा होगी ऑर्किड समागति कैंसर सेंटर, रांची का भव्य उद्घाटन

**उज्जवल दुनिया संवाददाता**

रांचीः देश के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ पद्मश्री एवं पद्मभूषण डॉ. सुरेश आडवाणी 5 जुलाई को टरांची स्थित ऑर्किड समागति कैंसर सेंटर का भव्य उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के चिकित्सकगण, प्रबंधन टीम एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ. आडवाणी कैंसर उपचार में समर्पित डे-केयर सेंटरों की आवश्यकता एवं महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे। ऑर्किड समागति कैंसर सेंटर जैसे समर्पित संस्थान कैंसर मरीजों के लिए राहत और भरोसे का केंद्र बनेंगे। ऑर्किड समागति कैंसर सेंटर में झारखंड के प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सतीश शर्मा (विभागाध्यक्ष, मेडिकल ऑन्कोलॉजी) एवं डॉ. अजय कुमार (कंसल्टेंट ऑन्कोलॉजिस्ट) सहित अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर उपचार की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह केंद्र झारखंड एवं बिहार का एक अत्याधुनिक समर्पित कैंसर डे-केयर सेंटर होगा, जहां टार्गेट थेरेपी, कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी तथा कैंसर उपचार के दौरान बाल झड़ने की समस्या को कम करने के लिए स्कैल्प कूलिंग सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। साथ ही यहां सर्जिकल ऑन्कोलॉजी एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी की व्यापक सेवाएं विशेषज्ञ नर्सिंग एवं प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है। संस्थान की एक विशेष पहल यह है कि यहां कुछ कर्मचारी स्वयं कैंसर सर्वाइवर हैं, जो मरीजों को भावनात्मक सहयोग प्रदान करेंगे। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं (NGOs) के साथ साझेदारी के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, ऑर्किड समागति कैंसर सेंटर का उद्देश्य मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श, समय पर जांच, आधुनिक उपचार एवं संवेदनशील देखभाल एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, ताकि झारखंड एवं बिहार के कैंसर मरीजों को बेहतर और समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।




# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति राँची की बैठक का आयोजन



रांची। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), राँची की बैठक का आयोजन सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) श्री नृपेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में किया गया । इस अवसर पर श्री संजय कडम्बार, सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) राँची तथा पर्यवेक्षक श्री विचित्रसेन गुप्त, उप निदेशक, पूर्व क्षेत्र, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय सहित राँची शहर स्थित लगभग 28 पीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री नाथ ने कहा कि सर्वप्रथम मेकॉन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के जिन विजेताओं को यहाँ पुरस्कार दिया गया है उन्हें शुभकामनाएं ! साथ ही नराकास की वार्षिक पुरस्कार योजना 2025-26 के विजेता कार्यालयों सी0सी0एल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और मेकॉन लिमिटेड को हार्दिक बधाई ! राजभाषा कार्यान्वयन के जो प्रयास इन कार्यालयों ने किए हैं निश्चित तौर पर अन्य कार्यालय उनसे प्रेरणा लेकर अपने-अपने यहाँ राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति सुनिश्चित कर सकेंगे। आगे उन्होंने यह कहा कि राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत हमें यह उत्तरदायित्व सौंपा गया है कि हम न केवल अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित करें, बल्कि एक समन्वित प्रयास के माध्यम से हिंदी को प्रशासनिक कार्यों की मुख्य भाषा बनाएं। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ऐसे ही समन्वित कार्यान्वयन का मंच है जहाँ आपसी विचार विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को सुचारु बनाया जाता है।

# सहकारिता सप्ताह: एनसीसीएफ ने सफाई कर्मियों को बांटी फर्स्ट एड किट

**उज्जवल दुनिया संवाददाता**




रांची। सहकारिता सप्ताह के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ की रांची शाखा ने सामाजिक सरोकार की दिशा में पहल करते हुए रांची नगर निगम के सफाई कर्मियों के बीच फर्स्ट एड किट का वितरण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके योगदान का सम्मान करना था। कार्यक्रम में एनसीसीएफ रांची के शाखा प्रबंधक प्रिंस कुमार सहित शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रिंस कुमार ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा में इन कर्मियों का योगदान अमूल्य है और सहकारिता सप्ताह के अवसर पर उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह छोटा-सा प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ सहकारिता सदस्य मनोज झा ने भी सफाई कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सहकारिता के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए समाज निर्माण में स्वच्छता कर्मियों की अहम भूमिका की सराहना की और उन्हें पूरी ऊर्जा एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। फर्स्ट एड किट प्राप्त करने वाले नगर निगम के सफाई कर्मियों ने एनसीसीएफ की इस पहल की सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। **उज्जवल दुनिया संवाददाता** कार्यक्रम के अंत में एनसीसीएफ के अधिकारियों ने भविष्य में भी जनहित और सहकारिता से जुड़े ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**उज्जवल दुनिया संवाददाता**




रांची। प्रातः 11:00 बजे से, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (ऊढटव), रांची के सेमिनार हॉल में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य युवा आयोग के तत्वावधान में, अविष्कार फाउंडेशन के सहयोग से तथा ऊढटव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के समन्वय से आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 100झ200 छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे यह एक प्रभावशाली एवं जागरूकता फैलाने वाला सत्र सिद्ध हुआ। कार्यक्रम को पैनल चर्चा के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथियों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथियाँ एवं पैनलिस्ट थीं:

- श्रीमती मनीषा सिंह, समाजसेवी एवं अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, झारखंड
- डॉ. सरिता, चिकित्सा पदाधिकारी, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, रांची
- डॉ. रीना नंद, सहायक प्राध्यापक, ऊढटव

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करने के साथ किया गया। चर्चा का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना था। श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि मासिक धर्म को किसी भी प्रकार का सामाजिक वर्जना (टैबू) न मानकर इसे एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार करना चाहिए तथा इसके प्रति जन-जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. सरिता ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्त्रळ संतुलन बनाए रखने, सामान्य एवं गंभीर लक्षणों की पहचान करने तथा आवश्यक होने पर चिकित्सा परामर्श लेने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने कई भ्रांतियों को दूर करते हुए सही स्वास्थ्य संबंधी आदतों पर जोर दिया। डॉ. रीना नंद ने छात्राओं को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें प्रश्न पूछने और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का इंटरैक्टिव स्वरूप इसकी विशेषता रहा, जिसमें छात्राओं ने खुलकर अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। इस दौरान मासिक धर्म से जुड़े कई मिथकों का खंडन किया गया, जिससे यह कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। कुलपति डॉ राजीव मनोहर ने इस प्रकार के आयोजन पर कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों रूप में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व हमें जिम्मवारियों का अहसास कराता है।

# महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे ने किया संरक्षा एवं विकास कार्यों का निरीक्षण

**उज्जवल दुनिया संवाददात**

गोरखपुरः महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे श्री उदय बोरवणकर ने लखनऊ मण्डल के गोण्डा-बुढ़वल-सीतापुर रेलखण्ड का विस्तृत संरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, स्टेशन पुनर्विकास, ट्रैक-ब्रिज सुरक्षा तथा संरक्षा उपकरणों की समीक्षा की। महाप्रबंधक श्री उदय बोरवणकर ने प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री नीलमणि, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री राजेश कुमार, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रकाश चन्द्र जायसवाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट) श्री नवीन झा, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री मुरारी लाल मकवाना तथा मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री सुमित कुमार एवं मण्डल रेल प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गोण्डा स्टेशन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने गोण्डा स्टेशन भवन के डिजाइन, स्ट्रक्चर और मास्टर प्लान का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। यात्री सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्लेटफार्म संख्या 1 को सुदृढ़ करने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा फूड ट्रैक एवं रेल आहार स्टालों का जायजा लिया। स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के डॉग स्क्वायड टीम से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और परिवर्धित गार्ड ब्रेक वैन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अधिकारी विश्रामालय परिसर, गोंडा में पौधरोपण भी किया ।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने मनाया 'सीए दिवस '

## रांची ब्रांच के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने छात्रों को दी मार्गदर्शन

**उज्जवल दुनिया संवाददाता**



रांची। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा मंगलवार को कैरियर उन्मुख ₹सीए दिवस ₹ का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) पाठ्यक्रम, करियर विकल्प और परीक्षा-तैयारी से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियाँ देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। वाणिज्य विभाग के समन्वयक डॉ. जी. सी. बास्के ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया तथा विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी जैसे प्रतिष्ठित एवं उत्तरदायित्वपूर्ण पेशे की महत्ता से अवगत कराया।

सत्र में रांची ब्रांच, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (कउअक) के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में उअ अनिश जैन (चेयरमैन), उअ विवेक खोवाल (वाइस चेयरमैन), उअ दिलीप कुमार (सचिव), उअ हरेंद्र भारती (कोषाध्यक्ष), उअ अभिषेक केडिया (पूर्व चेयरमैन) तथा उअ सावित्री भी उपस्थित रहीं। आयोजन के समन्वयक श्री आकाश कुमार ने कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित किया और अपने बहुमूल्य योगदान से आयोजन को प्रभावी बनाया।कार्यक्रम में 450 छात्र छात्राओं ने भाग लिया । आईसीएआई अध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि सीए कोर्स केवल परीक्षा ही नहीं बल्कि नैतिकता, व्यावसायिक दक्षता और निरन्तर सीखने की भावना का नाम है। उन्होंने परीक्षा रणनीति, समय प्रबंधन, महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करने और प्रैक्टिकल अनुभव लेने के महत्व पर जोर दिया। उपाध्यक्ष ने अध्ययन योजना, मैटेरियल का सही उपयोग और परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक सुझाव दिए। दोनों ने छात्रों को मैटेरियल, मॉक टेस्ट और कोचिंग संसाधनों का स्मार्ट उपयोग करने की नसीहत दी। कार्यक्रम का प्रभावी एवं आकर्षक संचालन श्रीमती अंकिता सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट मंच-संचालन शैली से पूरे कार्यक्रम को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित बनाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न पूछे, जिनका अतिथियों ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। यह संवादात्मक सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। अंत में डॉ. चाहत आजम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी विशिष्ट अतिथियों, विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन पर आईसीएआई प्रतिनिधियों और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और छात्रों को लगातार मेहनत करने तथा मार्गदर्शन लेने के लिए प्रेरित किया।

# डॉक्टर्स डे, *सी.ए.डे एवं पौधारोपण से हुआ लायनेस्टिक ईयर का शुभारंभ




रांचीःआज लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के नए सत्र की शुभारंभ राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस,राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस एवं पौधारोपण आदि पुनीत कार्यक्रम से हुआ। कार्यक्रम का आयोजन रिंग रोड रांची स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए फलदार,छायादार एवं औषधीय वृक्ष सुरक्षित स्थानों मे लगाए गए।इसके पूर्व समाज मे उत्कृष्ठ योगदान देने वाले डॉक्टर और सी.ए. को मोमेंटोज भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर क्लब प्रशासक लायन प्रेमशंकर मिश्रा ने कहा धरती पर डॉक्टर भगवान के रूप में हैं कोविड काल में उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर हजारों लोगों की जान बचाई। वहीं सचिव लायन दीपक कुमार साहु ने कहा सी.ए.उद्यमियों के वित्तीय मामलों को सही दिशा देकर देश को मजबूती प्रदान करते हैं।नए सत्र 2026- 2027 के लिए लायन विजय कुमार पाठक अध्यक्ष एवं लायन जितेंद्र कुमार सिन्हा ब्रांड एम्बेसडर एवं लीडरशिप चेयरपर्सन बने। कार्यक्रम के अंत में पीआरओ लायन शिव किशोर शर्मा ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया एवं कहा यह आयोजन समाज सेवा,सहयोग एवं सम्मान की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

# रांची में 'तिकासा अमृततुल्य' के पहले फ्रेंचाइजी स्टोर का शुभारंभ



रांचीः रांची में 'तिकासा अमृततुल्य' के पहले फ्रेंचाइजी स्टोर का शुभारंभ, सिर्फ 10 में मिलेगी प्रीमियम गुड़ की चायरांची, 2 जुलाईः राजधानी रांची के कचहरी चौक स्थित कौलेश्वरी टॉवर में गुरुवार को 'तिकासा अमृततुल्य' के पहले फ्रेंचाइजी स्टोर का भव्य शुभारंभ किया गया। इस उद्घाटन समारोह में कंपनी के डायरेक्टर्स, शहर के गणमान्य नागरिकों, व्यवसायियों और बड़ी संख्या में चाय प्रेमियों ने हिस्सा लिया।देशभर में सफल ब्रांड का झारखंड में विस्तार'तिकासा अमृततुल्य' दरअसल देशभर में सफलतापूर्वक संचालित 'टेस्टी' ब्रांड का एक नया प्रीमियम विस्तार है। वर्तमान में 'टेस्टी' के देश के 5 राज्यों में 250 से अधिक सफल आउटलेट्स चल रहे हैं। इसी अनुभव और गुणवत्ता के भरोसे के साथ अब झारखंड में तिकासा ब्रांड की शुरूआत रांची से की गई है।गुणवत्ता और किफायती मूल्य पर जोरकंपनी के डायरेक्टर कर्ण भिंगार्डे ने बताया कि तिकासा का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को सिर्फ ?10 में प्रीमियम गुणवत्ता वाली गुड़ की चाय उपलब्ध कराना है। कंपनी 'डायरेक्ट मैन्युफैक्चरिंग से कस्टमर तक' के मॉडल पर काम करती है। इससे चाय की गुणवत्ता पर पूरा नियंत्रण रहता है और हर क्षेत्र के ग्राहकों की पसंद के अनुसार स्वाद दिया जाता है।सिर्फ चाय नहीं, मिलेंगे कई और उत्पादतिकासा केवल गुड़ की चाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक गुड़ आधारित 'हेल्दी बेवरेज एवं फूड सॉल्यूशंस' का संपूर्ण ब्रांड है। यहां ग्राहकों के लिए गुड़ की चाय के साथ-साथ गुड़ पाउडर, तरल गुड़, गुड़ कैंडी और घरेलू उपयोग के लिए विभिन्न रिटेल पैक भी बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे।कम निवेश में मुनाफे का मौका और मुंबई का वड़ा पावकंपनी के एक अन्य डायरेक्टर आत्मा प्रकाश सिंह ने कहा कि तिकासा का फ्रेंचाइजी मॉडल कम निवेश में एक लाभदायक व्यवसाय का अवसर प्रदान करता है। कंपनी अपने फ्रेंचाइजी पार्टनर्स को ट्रेनिंग, ऑपरेशन, क्वालिटी कंट्रोल, ब्रांडिंग और मार्केटिंग सहित हर स्तर पर पूरा सहयोग देती है। उन्होंने यह भी बताया कि रांची के ग्राहकों के लिए यहां 'मुंबई स्टाइल वड़ा पाव' भी एक विशेष आकर्षण होगा, जो गुड़ की चाय के साथ एक नया और बेहतरीन स्वाद देगा।भरोसेमंद चाय संस्कृति विकसित करने का लक्ष्यकंपनी के डायरेक्टर पंकज कुमार तिवारी ने कहा कि गुणवत्ता, स्वच्छता, किफायती मूल्य और ग्राहकों का विश्वास ही तिकासा की सबसे बड़ी पहचान है। कंपनी का लक्ष्य झारखंड सहित पूरे देश में एक भरोसेमंद और संगठित चाय संस्कृति को विकसित करना है।वही, रांची के पहले फ्रेंचाइजी संचालक दीपक गुप्ता ने खुशी जताते हुए कहा कि अब शहरवासियों को एक ही स्थान पर प्रीमियम गुड़ की चाय, मुंबई स्टाइल वड़ा पाव, ताजे स्नैक्स और गुड़ से बने हेल्दी उत्पादों का बेहतरीन अनुभव मिलेगा।लालपुर में जल्द खुलेगा दूसरा स्टोरकंपनी प्रबंधन ने जानकारी दी कि कचहरी चौक के पहले स्टोर के बाद अब रांची के लालपुर क्षेत्र में दूसरे फ्रेंचाइजी स्टोर की तैयारी भी अंतिम चरण में है। इसका शुभारंभ भी जल्द ही किया जाएगा। इसके साथ ही झारखंड के अन्य प्रमुख शहरों में भी तिकासा अमृततुल्य के नए आउटलेट्स शुरू करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है।

# पासवा के संरक्षक पूर्व वित्त मंत्री वर्तमान लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव रहेंगे कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष !

राँची। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा आयोजित 14वें ऐतिहासिक छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियाँ अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। आगामी 6 जुलाई को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, राँची में आयोजित इस भव्य समारोह में 20,000 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले विशिष्ट अतिथियों के विषय में जानकारी देते हुए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि झारखंड के उच्च शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री माननीय श्री सुदीव्य कुमार कुमार सोनू करेंगे छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घघाटन वही झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह, जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री माननीय हफीजुल हसन रहेंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पासवा के संरक्षक पूर्व वित्त मंत्री वर्तमान लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव रहेंगे कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि समारोह में जैक, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का एक जनआंदोलन बन चुका है। उन्होंने बताया कि समारोह में राज्य के विभिन्न विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राएँ अपनी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बनाएंगे। इसके लिए विद्यालयों द्वारा बड़े पैमाने पर पंजीकरण कराया जा रहा है। आलोक कुमार दूबे ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक अपना पंजीकरण नहीं कराया है, वे शीघ्र अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें, ताकि सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित किया जा सके। विद्यालयों के माध्यम से सामूहिक पंजीकरण के साथ-साथ विद्यार्थी व्यक्तिगत रूप से भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# पुलिस मनगढ़ंत कहानी गढ़कर केस को दबाने और निर्दोष को फंसाने का कर रही काम : आदित्य साहू

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने जमशेदपुर हिमांशु सिंह हत्याकांड में पुलिस और राज्य सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि झारखंड में कोई भी घटना घटित होने पर मामले को डायवर्ट करने का पुलिस का स्वभाव बन चुका है। पुलिस घटना के मूल चीजों से ध्यान भटकाने का काम करती है। पूर्व के कई घटनाओं में इस प्रकार की चीजें देखने को मिली है। जमशेदपुर मामले में भी इसी की पुनरावृत्ति की जा रही है। जमशेदपुर मामले में मनगढ़ंत कहानी गढ़कर केस को दबाने और निर्दोष को फंसाने का काम कर रही है। पुलिस और सरकार को इससे बाज आनी चाहिए।

साहू गुरुवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। साहू ने कहा कि इस मामले में जिस व्यापारी नीरज सिंह का नाम पुलिस ला रही है, जिस दिन घटना घटी उस दिन नीरज सिंह अपने प्रतिष्ठान में थे भी नहीं। नीरज सिंह अपने प्रतिष्ठान को काफी दिनों से चलाने का काम करते रहे हैं। यह बार अवैध रूप से संचालित नहीं किया जा रहा है। इसे चलाने के लिए सरकार ने बकायदा लाइसेंस दिया है और तमाम सरकारी प्रावधानों का अनुपालन करते हुए बार का संचालन नीरज सिंह के जरिये किया जा रहा है।

साहू ने सवालिया लहजे में पूछा कि यदि नीरज सिंह अवैध रूप से कारोबार कर रहे थे तो उसे पुलिस-प्रशासन एवं विभाग ने पहले क्यों नहीं बंद कराया । यह कैसे चलाया जा रहा था । सरकार के द्वारा निर्गत लाइसेंस गलत थे तो इसे रद्द क्यों नहीं किया गया। क्या उस प्रतिष्ठान के भीतर उस युवक की हत्या हुई है। जब यह जगजाहिर है कि हत्या बीच चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी में हुई है तो फिर इस तरह की मनगढ़ंत कहानी बनाकर केस को दूसरी दिशा देकर क्यों भटकाया जा रहा है।

साहू ने इस मामले में अपराधियों के साथ-साथ हत्या के समय मौजूद पुलिसकर्मियों पर भी मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की मांग की है। साथ ही उन्होंने नीरज सिंह पर दर्ज किए गए मुकदमा की निष्पक्ष जांच कर केस से उनका नाम तत्काल हटाने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि गलती कोई करें और सजा किसी और को क्यों। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस द्वारा नीरज सिंह की दो-दो गाड़ियों को सीज करने की बात सामने आ रही है। नीरज सिंह की पत्नी और बेटी को पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे उनके परिवार का जीवन तनावपूर्ण हो गया है, यह अनुचित है। पार्टी गलत चीजों को संरक्षण नहीं दे सकती है और किसी के साथ ज्यादती हो, इसे बर्दाश्त भी नहीं कर सकती है। साहू ने कहा कि स्पष्ट है कि जमशेदपुर की घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई है। वह युवक जान बचाने के लिए पुलिस की वाहन में घुसता है। अपराधी पुलिस के सामने पुलिस वाहन से खींचकर सड़क पर पटककर उसकी हत्या कर देते हैं। एक अन्य युवक कलकत्ता में अभी भी जीवन और मौत के बीच लड़ाई लड़ रहा है। पूरे घटनाक्रम में पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। इस घटना ने राज्य की पूरी कानून व्यवस्था और पुलिसिया सिस्टम को तार तार करने का काम किया है। इस दौरान प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अजय साह, शोभा यादव एवं संदीप वर्मा भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### ओपन जेलों की निगरानी पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से 20 जुलाई तक स्टेटस रिपोर्ट तलब




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के ओपन जेलों की निगरानी व्यवस्था पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने सरकार को 20 जुलाई तक विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया है मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में ओपन जेल की मॉनिटरिंग को लेकर कमेटी गठित कर दी गई। इस पर अदालत ने 20 जुलाई तक सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर आगे की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। अब मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को 10 दिनों में तीन सदस्यीय मॉनिटरिंग कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही सरकार को 24 जून 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया था। राज्य सरकार को झारखंड में संचालित सभी ओपन जेल की स्थिति, प्रबंधन और कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने देश के सभी राज्यों को ओपन जेल की मॉनिटरिंग करने के लिए गृह विभाग को एक कमेटी बनाने को कहा है। कमेटी ओपन जेल की मॉनिटरिंग करें और वहां मिल रही चिकित्सा सुविधा, भोजन आदि सुविधा को बेहतर करने सहित कैदियों को मुख्य धारा से जोड़ने पर काम करें।

### एयरपोर्ट पर के राजू का भव्य स्वागत, मना सुबोध कांत का जन्मदिन



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी के राजू के रांची आगमन पर गुरुवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान एयरपोर्ट परिसर कांग्रेस कार्यकताओं के नारों और उत्साह से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रभारी के राजू ने सुबोध कांत सहाय को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, दीघार्यु और सक्रिय सार्वजनिक जीवन की कामना की। उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने कहा कि के राजू का झारखंड दौरा संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से प्रदेश संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच लगातार सक्रिय है और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सुबोध कांत सहाय का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, जनसेवा और पार्टी के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। कार्यक्रम में विधायक विल्सन कोंगाड़ी, दयामनी बारला, अभिलाष साहू, शशि भूषण राय, कमल ठाकुर, सुरेन राम, अरुण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सास की हत्या में बहू दोषी करार, सजा पर 14 जुलाई को सुनवाई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के दौरान सास की हत्या के मामले में अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने आरोपित बहू फूलो देवी को दोषी ठहराया है। अदालत सजा के बिंदु पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी। मामले में फूलो देवी ट्रायल का सामना कर रही थी। अभियोजन के अनुसार, घटना 9 जून 2024 को लापुंग थाना क्षेत्र के कारूंम गांव में हुई थी। आरोपित के पति ने घटना के बाद लापुंग थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के मुताबिक, आपसी विवाद के दौरान फूलो देवी ने अपनी सास मानमईत देवी के सिर पर ईंट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उन्हें जमीन पर पटककर गला दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

# डीएसपीएमयू में आदिवासी छात्र संघ का ताला-बंदी प्रदर्शन, फूंका पुतला

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में गुरुवार को आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) ने अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में ताला-बंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित रहीं। विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कुलपति एवं खेल विभाग के समन्वयक का पुतला दहन किया तथा चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। छात्रों ने खेल विभाग में कथित अनियमितताओं, अवैध वसूली और महिला छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान एसीएस अध्यक्ष विवेक तिर्की सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि खेल शिक्षक परमेश्वर महतो ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल कराने के नाम पर खिलाड़ियों से अवैध रूप से धन की वसूली की। साथ ही महिला छात्राओं ने उनके खिलाफ यौन शोषण तथा खिलाड़ियों के साथ अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए हैं। खेल प्रमाण-पत्र बाहरी लोगों को कथित रूप से पैसे लेकर जारी करने का भी आरोप लगाया गया। विवेक तिर्की ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 को कुलपति राजीव मनोहर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई थी तथा 5 जून को राज्यपाल से भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि गठित जांच समिति की रिपोर्ट भी सार्वजनिक नहीं की गई है। कार्यक्रम में एसीएस एवं विभिन्न छात्र संगठनों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# जेवीएम श्यामली में काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेता छात्र सम्मानित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में आयोजित दो दिवसीय संस्कृत काव्य पाठ प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य बीएन झा ने कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की आत्मा है। इसके अध्ययन और वाचन से विद्यार्थियों में शुद्ध उच्चारण, एकाग्रता, संस्कार और बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जूनियर वर्ग (कक्षा 9-10) में ध्रुव नंदन झा ने प्रथम, वेदांत और कुमारी नंदिनी ने द्वितीय एवं नितिन सौरभ और सृष्टि प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सब-जूनियर वर्ग (कक्षा 6-8) में अनुष्का मिश्रा प्रथम, नंदिनी सिन्हा और अद्यानशा पलक द्वितीय एवं प्रतीक कुमार तथा रुद्र प्रताप पाठक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छह से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्कृत श्लोकों, स्तोत्रों और काव्यों का सस्वर पाठ प्रस्तुत किया। महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र, शिव तांडव स्तोत्र, लिंगाष्टकम, मधुराष्टकम, गीत गोविंद, श्रीराम स्तुति, श्रीहरि स्तोत्र और गणेश स्तोत्र सहित विभिन्न रचनाओं की प्रस्तुति से पूरा सभागार भक्तिमय वातावरण में सराबोर हुआ। प्रतियोगिता का मूल्यांकन वरिष्ठ संस्कृत शिक्षक अमरेंद्र पाठक और अखिलेंद्र झा ने किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जमशेदपुर मामले में मुख्यमंत्री की कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति : बाबूलाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रांची, 02 जुलाई (हि.स.)। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर हत्याकांड के मामले में मुख्यमंत्री की ओर से एसपी-एसएसपी को सस्पेंड किए जाने की कार्रवाई को सिर्फ खानापूर्ति करार दिया है। मरांडी गुरुवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसपी को हटाना कोई सजा नहीं है। पुलिस के सामने किसी की हत्या होती है तो इसके लिए पूरी तरह पुलिस जिम्मेवार है। जो जानकारी है कि अभी तक पुलिसकर्मियों पर कोई एफआईआर नहीं किया गया है और न ही ऐसी कोई मंशा दिख रही है। यदि मुख्यमंत्री वास्तव में हत्याकांड के दोषियों को सजा दिलाने के लिए गंभीर हैं तो उन पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज कराएं, जिनकी मौजूदगी में हत्या हुई है। मरांडी ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उल्टा उन लोगों पर एफआईआर किया गया है जिनके होटल से वे लोग खाना खाकर निकले थे। अगर किसी के घर से कोई खाना खाकर निकलता है और सड़क पर पुलिस की मौजूदगी में किसी की हत्या हो जाती है तो उसमें उस घर वाले अथवा होटल मालिक का क्या दोष। मरांडी ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। कहीं कानून नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था की इस बिगड़ी स्थिति के लिए सिर्फ और सिर्फ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने कहा कि जो जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात एक एएसआई अजय सिंह के सामने डीजीपी तक नतमस्तक हैं। पुलिस अधिकारियों के तबादले से लेकर अवैध वसूली तक के कार्य उनके इशारे पर ही हो रहे हैं। जब तक यह परंपरा चलती रहेगी, शासन-प्रशासन ऐसे काम करेगा तब तक प्रदेश की कानून व्यवस्था भला कैसे सुदृढ़ हो सकती है।

# मंत्री ने 25 बीडीओ को उपलब्ध कराया विभागीय वाहन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग की ओर से राज्य के 25 प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को विभागीय वाहन उपलब्ध कराए गए। झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विभागीय मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने सभी नवनियुक्त बीडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस पहल से विकास योजनाओं की जमीनी निगरानी, क्षेत्रीय निरीक्षण और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान में तेजी आएगी। मंत्री ने अधिकारियों से संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारियों की कार्यशैली से सरकार की छवि बनती है, इसलिए टालमटोल की प्रवृत्ति से बचते हुए योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वाहन की कमी के कारण कई बार योजनाओं की निगरानी प्रभावित होती थी, जिसे दूर करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। शेष प्रखंडों में भी जल्द विभागीय वाहन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में अधिकारियों पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण विकास योजनाओं के संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने पंचायतों को आय के स्रोत बढ़ाने, डिजिटल पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने और पंचायत स्तर पर अधिकाधिक सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में सचिव मनोज कुमार, अपर सचिव प्रेरणा दीक्षित, अपर सचिव अरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव एस अली खान सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## एचईसी मजदूरों का वेतन भुगतान 07 जुलाई तक होने का आश्वासन

**रांची।** एचईसी मजदूरों की आमसभा में गुरुवार को विभिन्न श्रमिक समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर हटिया स्थित एचईसी परिसर में चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता राम कुमार नायक ने की, जबकि हरेंद्र प्रसाद यादव ने मजदूरों के समक्ष मांगपत्र पढ़कर सुनाया। सभा के बाद प्रबंधन को मांगपत्र सौंपे जाने की जानकारी दी गई। सभा को संबोधित करते हुए जान मोहम्मद ने मजदूरों से मान्यता प्राप्त यूनियन के साथ एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कटे हुए अधिकारों की बहाली के लिए यूनियन संघर्ष के साथ-साथ प्रबंधन से वार्ता भी करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले आंदोलनों में मजदूरों को नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन एकजुटता के बल पर सभी सुविधाएं फिर से बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर भवन सिंह ने कहा कि मजदूरों का वेतन हर हाल में 07 जुलाई 2026 तक भुगतान कर दिया जाएगा, जबकि 04 जुलाई 2026 या उसके बाद किसी भी दिन वेतन जारी होने की संभावना है।

झारखण्ड सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग
(सूचना भवन राँची)

**Request for proposal (RFP)**

राज्य के अतिविशिष्ट महानुभावों के विभिन्न माप के फोटो मुद्रण, फ्रेमिंग एवं झारखण्ड के विभिन्न जिलों, प्रखंडो, पंचायतों में आपूर्ति हेतु विभिन्न एजेंसियों के कोटिवार (Category wise) चयन एवं दर निर्धारण के संबंध में।

RFP के संदर्भ में सूचनाओं का विवरण निम्नांकित है–

| क्र०स० | विवरण | विवरण की जानकारी |
|---|---|---|
| 1.1 | RFP संदर्भ संख्या। | 1416 |
| 1.2 | RFP जारी करने वाला प्राधिकरण। | निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार, सूचना भवन, राँची। |
| 1.3 | परियोजना का नाम | राज्य के अतिविशिष्ट महानुभावों के विभिन्न माप के फोटो मुद्रण, फ्रेमिंग एवं झारखण्ड के विभिन्न जिलों, प्रखंडो, पंचायतों में आपूर्ति हेतु विभिन्न एजेंसियों के कोटिवार (Category wise) चयन एवं दर निर्धारण के संबंध में। |
| 1.4 | निविदा दस्तावेज जारी करने की तिथि। | 02.07.2026 |
| 1.5 | RFP दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय। | 08.07.2026 को शाम 5:00 बजे तक |
| 1.6 | प्री–बिड (निविदा पूर्व) बैठक। | 06.07.2026 को मध्यायन् 12:00 बजे |
| 1.7 | बिड/ RFP खोलने की तिथि। | 13.07.2026 को अपराह्न 4:00 बजे |
| 1.8 | निविदा/ RFP जमा करने का माध्यम। | ऑनलाईन www.Jharkhandtenders.gov.in पर |
| 1.9 | ई एम डी (EMD) | निविदादाताओं को 200000/– (दो लाख) रूपये की EMD केवल Online माध्यम से जमा करनी होगी। |
| 1.10 | पत्राचार का पता। | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार, सूचना भवन, राँची, दूरभाष– 0651–2281522, 2282458 E-mail- iprd123@gmail.com |

नियम एवं शर्तें और RFP दस्तावेज की विस्तृत प्रति विभागीय वेबसाईट www.prdjharkhand.in या वेबसाईट www.Jharkhandtenders.gov.in से भी Download की जा सकती है। निविदादाता झारखण्ड सरकार की वेबसाईट www.Jharkhandtenders.gov.in पर Online माध्यम से निविदा समर्पित कर सकते हैं।

निदेशक
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

PR 383860 IPRD(26-27)#D

कृषि निदेशालय, झारखण्ड, राँची
कार्यालय–जिला कृषि पदाधिकारी, गुमला।

**आवश्यक-सूचना**

गुमला जिला के सभी कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्नवत् है :–

| S. No. | Company Name | Urea | DAP | MOP | SSP | Complex | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ind./Imp. | IND/IMP | | | 20:20:0:13 | 14:28:00 | 14:28:14 | 15:15:15:9 | 10:26:26 | 16:16:16 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 2100.00 | - | - | - | 1950/2400 | - |
| 2 | NFL | 266.50 | 1350.00 | - | - | 2250.00 | - | - | 1950.00 | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | 640.00 | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 650.00 | 1750.00 | 1775.00 | - | - | 1950.00 | - |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1850/1975 | 650.00 | - | - | - | - | - | 2050.00 |
| 7 | MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | - | - | 1800.00 | - | - | - | - | - |

नोट :–
1. यूरिया की प्रति बोरी 45 KG Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 KG Pack size होती है ।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/जिला कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है ।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत् सख्त कार्रवाई की जायेगी ।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गुमला।

PR 383800 (Agriculture) 26-27 (D)

# दो वर्ष रहा बेमिसाल: सांसद मनीष जायसवाल ने प्रस्तुत किया विकास का विस्तृत लेखा-जोखा

## हजारीबाग के विकास को मिली नई गति, संसद में उपस्थिति और जनहित के सवालों में बनाया रिकॉर्ड

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के संसदीय कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने बीते दो वर्षों के दौरान क्षेत्र में हुए विकास कार्यों और अपनी संसदीय उपलब्धियों का एक-एक कर विस्तृत ब्यौरा प्रेस से साझा किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, मांडू विधायक निर्मल महतो, आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष परमेश्वर महतो और भाजपा जिलाध्यक्ष सहित भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करते हुए जिलाध्यक्ष ने 22 जून 2024 से लेकर जून 2026 तक के सफल कार्यकाल की जमकर सराहना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्र सरकार की सभी जनहितकारी और कल्याणकारी योजनाओं को सुदूर ग्रामीण इलाकों के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया है और वे लगातार जनता के सुख-दुख में हमेशा सक्रिय रहे हैं।

### संसद के भीतर मनीष जायसवाल ने दर्ज कराई रिकॉर्ड भागीदारी

सदन के भीतर अपनी जवाबदेही और सक्रियता की विस्तृत जानकारी देते हुए सांसद श्री जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि की सबसे पहली और बड़ी जिम्मेदारी संसद में अपने क्षेत्र की जनता की आवाज को मजबूती से उठाना और केंद्र की योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने गर्व के साथ आंकड़े साझा करते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान लोकसभा में उनकी कुल उपस्थिति छियानवे प्रतिशत (96%) दर्ज की गई है, जो कि छियासी प्रतिशत (86%) के राष्ट्रीय औसत से बहुत आगे है। इसी प्रकार, उन्होंने इन दो वर्षों में देश के विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े कुल दो सौ ग्यारह (211) जनहित के प्रश्न पूछे, जबकि झारखंड के सांसदों का औसत एक सौ छब्बीस (126) और राष्ट्रीय औसत महज एक सौ तीन (103) प्रश्नों का ही है। सांसद ने स्वास्थ्य, शिक्षा, रेलवे, रोजगार, कोयला और पर्यटन सहित कुल अड़तीस (38) मंत्रालयों से संबंधित विषयों पर आयोजित इकतीस (31) महत्वपूर्ण बहसों में भी हिस्सा लेकर क्षेत्र की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया।

### ग्रामीण विकास और मजबूत सड़क निर्माण पर रहा विशेष जोर


क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के अपने प्रयासों को रेखांकित करते हुए सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से क्षेत्र के सभी सुदूर गांवों को मुख्य सड़क संपर्क से जोड़ने की दिशा में बेहद तीव्र गति से कार्य हुआ है। इसी का परिणाम है कि पिछले दो वर्षों की अवधि में हजारीबाग जिले के भीतर तिरानवे (93) किलोमीटर और रामगढ़ जिले के भीतर छियासठ (66) किलोमीटर नई शानदार सड़कों का निर्माण पूर्ण कराया गया है, जिसके साथ ही यातायात को सुगम बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण भी पूरा किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की पूरी तस्वीर ही बदलकर रख दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत हजारीबाग जिले में दस हजार आठ सौ चौवन (10,854) और रामगढ़ जिले में छह हजार छह सौ बाईस (6,622) ग्रामीण पक्के आवासों का निर्माण संपन्न कराकर हजारों गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित आशियाना उपलब्ध कराया गया है।

### रेलवे नेटवर्क का विस्तार और हवाई कनेक्टिविटी के लिए प्रयास जारी

क्षेत्र में रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार पर चर्चा करते हुए सांसद ने बताया कि बरकाकाना रेलवे स्टेशन को कायाकल्प के लिए इसे केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'अमृत भारत स्टेशन योजना' में शामिल कराया गया है। इसके साथ ही, हजारीबाग में रेलवे कोचिंग डिपो का निर्माण कार्य वर्तमान में युद्धस्तर पर जारी है, जिसके पूरा होते ही हजारीबाग स्टेशन से देश के विभिन्न राज्यों के लिए कई नई और महत्वपूर्ण लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन आसानी से संभव हो सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि कोडरमा-बरकाकाना रेलखंड के दोहरीकरण (डबलिंग) की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और इस बड़ी परियोजना पर बहुत जल्द धरातल पर काम शुरू होने जा रहा है। इसके अलावा रेलवे को कई नई ट्रेनों के संचालन के प्रस्ताव भी भेजे गए हैं। वहीं हजारीबाग एयरपोर्ट के बहुप्रतीक्षित मुद्दे पर सांसद मनीष जायसवाल ने साफ शब्दों में कहा कि केंद्र सरकार इसके निर्माण के लिए पूरी तरह तैयार बैठी है, परंतु झारखंड राज्य सरकार द्वारा आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण निर्माण कार्य अटका हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार जिस दिन भी जमीन का हस्तांतरण कर देगी, उसी दिन केंद्र सरकार एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया को हरी झंडी दे देगी।

## एक नजर

### स्थानीय टाउन हॉल में आज लगेगा दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला सह कौशल विकास मेला




**हजारीबाग।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग द्वारा शुक्रवार 3 जुलाई 2026 को स्थानीय टाउन हॉल, हजारीबाग में दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला सह कौशल विकास मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला सुबह 10:00 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक आयोजित होगा। इस एकदिवसीय रोजगार मेला सह कौशल विकास मेले में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा अलग-अलग रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। मेले के माध्यम से विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। हजारीबाग जिले के सभी इच्छुक युवक एवं युवतियां इस मेले में भाग लेकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। जिला प्रशासन ने जिले के युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रोजगार मेला में शामिल होकर रोजगार एवं कौशल विकास के इस अवसर का लाभ उठाएं।

### 26वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हजारीबाग की टीम लोहरदगा रवाना

#### 12 सदस्यीय दल में 6 बालक और 6 बालिकाएं शामिल; संघ के पदाधिकारियों ने पदक जीतकर लौटने का जताया भरोसा



**हजारीबाग।** लोहरदगा में आयोजित होने वाली 26वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर एवं जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए हजारीबाग की टीम पूरी तरह तैयार है। 2 से 4 जुलाई तक चलने वाली इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हजारीबाग की 12 सदस्यीय टीम गुरुवार को हजारीबाग रेलवे स्टेशन से लोहरदगा के लिए रवाना हो गई। टीम के रवाना होने के समय खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखा गया। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग के खिलाड़ी अलग-अलग भार वर्गों में राज्य के अन्य जिलों से आए चुनौती देने वाले खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करेंगे। संतुलित है टीम का चयन, 6 बालक और 6 बालिकाएं करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व ताइक्वांडो संघ द्वारा इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए चुनी गई हजारीबाग की टीम में लड़के और लड़कियों को समान प्रतिनिधित्व देते हुए बेहद संतुलित दल तैयार किया गया है। टीम में 6 बालक एवं 6 बालिकाएँ शामिल हैं, जो सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग में जिले की ओर से चुनौती पेश करेंगे। हजारीबाग का मान बढ़ाने वाले इन चुनिंदा खिलाड़ियों में शिवांश राज, आराध्या केसरी, अंशिका राय, आराध्या राय, अलंग यशराज, रिया गोस्वामी, अंतरा कुमारी, आदित्य कुमार, कार्तिक कुमार, चिराग कुमार, निशांत कुमार एवं विवेक चौधरी शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए कड़ा अभ्यास किया है।

### दुख की घड़ी में मानवता का संबल बनेगा रेड क्रॉस सोसाइटी, रोटरी क्लब ने भेंट किया अत्याधुनिक डेड बॉडी फ्रीजर




**हजारीबाग।** सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय सेवा की भावना को सशक्त करते हुए रोटरी क्लब हजारीबाग ने रेड क्रॉस सोसाइटी, हजारीबाग शाखा को एक अत्याधुनिक डेड बॉडी फ्रीजर भेंट किया है। यह पहल उन परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, जिन्हें किसी कारणवश अंतिम संस्कार में विलंब होने की स्थिति का सामना करना पड़ता है। रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से यह सुविधा आम लोगों को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने इस फ्रीजर के संचालन एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी मनोज गुप्ता को सौंपी है। आवश्यकता पड़ने पर कोई भी व्यक्ति रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकरिणी सदस्य मनोज गुप्ता (मैंगो मैंन) से 9431336480 पर संपर्क कर इस सुविधा का लाभ ले सकता है। सुविधा का लाभ लेने वाले व्यक्ति से मृतक का आधार कार्ड तथा परिजन का आधार कार्ड लिया जाएगा। डेड बॉडी फ्रीजर को हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी भवन परिसर में रखा गया है, जहां से यह जरूरतमंद परिवारों को उपलब्ध कराया जाएगा। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि कई बार परिजनों के दूर-दराज से आने, कानूनी प्रक्रिया पूरी होने अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से अंतिम संस्कार में विलंब हो जाता है। ऐसी परिस्थितियों में शव को सुरक्षित रखना परिवार के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। इसी सामाजिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब ने रेड क्रॉस सोसाइटी को यह अत्याधुनिक फ्रीजर उपलब्ध कराया है, ताकि जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में सम्मानजनक और त्वरित सहयोग मिल सके। रेड क्रॉस सोसाइटी ने इस मानवीय सहयोग के लिए रोटरी क्लब हजारीबाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों संस्थाओं का उद्देश्य केवल सेवा है और यह पहल समाज के प्रति संवेदनशीलता एवं सामाजिक दायित्व का प्रेरक उदाहरण है। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी ईश्वर से यही प्रार्थना करती है कि किसी भी परिवार को इस सुविधा की आवश्यकता कभी न पड़े, क्योंकि यह जीवन के सबसे पीड़ादायक क्षणों से जुड़ी व्यवस्था है। लेकिन यदि किसी परिवार पर ऐसी विपत्ति आती है, तो रेड क्रॉस उसकी पीड़ा को थोड़ा कम करने के लिए हरसंभव सहयोग देने के लिए सदैव तैयार रहेगा। हमारा प्रयास है कि दुख की घड़ी में कोई भी परिवार संसाधनों के अभाव में परेशान न हो। सेवा, संवेदना और मानवता के इसी उद्देश्य के साथ यह सुविधा आम लोगों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

### बड़कागांव थाना प्रभारी ने पॉस्को एक्ट मामले के आरोपी युवक को भेजा जेल



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर नाबालिक लड़की को बरामद किया। इसके साथ ही पॉस्को एक्ट के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेज दिया गया है । उक्त मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की माता के द्वारा बड़कागांव थाना में आरोपी युवक प्रकाश कुमार साव के खिलाफ आवेदन दिया गया । जिसमें प्रकाश कुमार साव के द्वारा लड़की को अपहरण कर कहीं ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हजारीबाग जेल भेज दिया गया है। बड़कागांव थाना में कांड संख्या -116 /26 , धारा 96 / 137 (2) , दो 65 (1) बीएनएस एवं 06 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज की गई। आरोपी प्रकाश कुमार साव पिता सुरेश साव ग्राम सेरंगदाग ,थाना टंडवा , जिला चतरा का रहने वाला है।

## सांसद के दो साल-बेमिसाल, एनडीए विधायकों और नेताओं ने सांसद मनीष जायसवाल के सेवा और विकास कार्यों को सराहा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के कार्यकाल के सफल दो वर्ष पूर्ण होने पर एनडीए गठबंधन के विधायकों, नेताओं और कार्यकताओं ने सांसद मनीष जायसवाल के उपलब्धियों को लेकर पैराडाइज रिसॉर्ट में आयोजित एक विशेष प्रेस-वार्ता के दौरान उन्हें संयुक्त रूप से बधाई दिया। इस अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद, मांडू विधानसभा क्षेत्र के आजसू पार्टी के विधायक निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष, हजारीबाग आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो और रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बबला सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने सांसद मनीष जायसवाल के जनहित के सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और उनके कार्यकाल को बेमिसाल बताया।

## हजारीबाग में आदिवासी बालिका छात्रावास में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के केबी महिला कॉलेज परिसर में स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्षरत है। 200 से अधिक आदिवासी छात्राएं पेयजल के लिए परेशान हो रही हैं। छात्रावास में पानी की सुविधा नहीं होने की वजह से रोजमर्रा के कामकाज भी पूरे नहीं हो पा रही है। छात्रावास के पिछले हिस्से में बनी बाउंड्री वॉल छोटी होने की वजह से मनचले युवक हमेशा घुस आते हैं, ऐसे में बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। जिला प्रशासन और कल्याण विभाग को जानकारी देने के बाद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कॉलेज की छात्राओं को खाना बनाने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी नहीं होने के कारण दूसरे हॉस्टल या कॉलेज परिसर से ही छात्राएं पानी लाती हैं। सुबह और शाम छात्राओं की लंबी कतार चापानल के आसपास देखा जा सकता है। इधर चापानल से भी लाल पानी आता है। छात्राएं कहती हैं कि शौचालय और कपड़े धोने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। कॉलेज में जब पढ़ाई समाप्त हो जाती है तो परिसर से पानी लाया जाता है। पानी के इंतजाम में लगे रहने के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी कई बार छात्रावास पहुंचे हैं और उन्होंने आश्वासन भी दिया है लेकिन निष्कर्ष कुछ नहीं निकला है। कॉलेज प्रबंधन, आदिवासी बेटियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में विफल साबित हुआ है। हजारीबाग के केबी वीमेंस कॉलेज परिसर में कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रावास में 200 से अधिक छात्राएं रहती हैं, जो विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई कर रही हैं।

## डॉक्टर्स डे पर लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग ने चिकित्सकों को किया सम्मानित, समाज सेवा के लिए जताया आभार

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) के गौरवमयी अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एक निजी अस्पताल परिसर में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों को उनके द्वारा समाज और मानव सेवा में दिए जा रहे अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्षा स्वाति वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े इन कोरोना योद्धाओं और जीवनदाताओं के प्रति समाज की ओर से कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करना था। समारोह का पूरा वातावरण डॉक्टरों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और भावनात्मक स्मृतियों से ओतप्रोत नजर आया।

### डॉ. रजत चक्रवर्ती एवं डॉ. ए. पी. चैतन्य मोमेंटो देकर हुए सम्मानित

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लायंस क्लब की अध्यक्षा स्वाति वर्मा ने मंच पर शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रजत चक्रवर्ती एवं डॉ. ए. पी. चैतन्य को विशेष रूप से मोमेंटो (स्मृति चिन्ह) भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए स्वाति वर्मा ने कहा कि चिकित्सक केवल शारीरिक बीमारियों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि पृथ्वी पर मानव जीवन को बचाने और पूरे समाज को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सम्मानित होने वाले दोनों वरिष्ठ चिकित्सकों की जनसेवा की भावना, मरीजों के प्रति उनके समर्पण और चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी निरंतर सक्रियता के लिए दिल से धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यों की खुलकर सराहना की।

## हजारीबाग के व्यस्ततम जिला परिषद चौक पर बड़ा हादसा टला, अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक

### नशे की हालत में ड्राइविंग की आशंका, चौक के बीचों-बीच फंसा वाहन; प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा 'रफ्तार अधिक होती तो हो सकती बड़ी दुर्घटना'

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शुमार जिला परिषद चौक पर गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया। घटना के समय चौक पर आम लोगों की भारी भीड़ थी और लगातार वाहनों की आवाजाही जारी थी। इसी दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने की आशंका के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क के बीच बने डिवाइडर को लांघते हुए उसके ऊपर जा चढ़ा। अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर के पत्थरों के बीच चौक के बिल्कुल बीचों-बीच जाकर फंस गया। राहत की बात यह रही कि इतनी बड़ी लापरवाही के बावजूद इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा सूझबूझ से बची लोगों की जान

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस वक्त यह वाक्या हुआ, उस समय चौक पर सामान्य दिनों की तरह भारी चहल-पहल थी। चश्मदीदों के अनुसार, यदि ट्रक की रफ्तार थोड़ी भी अधिक होती या वह अनियंत्रित होकर किसी दूसरी दिशा में मुड़ जाता, तो कई वाहन और राहगीर इसकी चपेट में आ सकते थे और एक बहुत ही गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती थी। यह गनीमत रही कि समय रहते अनियंत्रित ट्रक सीधे जाकर डिवाइडर के पत्थरों और मलबे के बीच फंस गया, जिसके चलते ट्रक आगे नहीं बढ़ पाया और मौके पर कोई जनहानि नहीं हुई। इस अप्रत्याशित घटना के बाद कुछ देर के लिए पूरे चौक पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।


### यातायात पुलिस ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन, कुछ समय के लिए रुकी रही गाड़ियों की रफ्तार

सड़क के बीचों-बीच ट्रक के फंस जाने और इस हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय यातायात पुलिस की टीम बिना समय गंवाए तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए डिवाइडर पर फंसे ट्रक को वहां से सुरक्षित हटाने के लिए तत्काल क्रेन की मदद से एक रेस्क्यू अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षा और राहत कार्य को देखते हुए कुछ समय के लिए जिला परिषद चौक पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित रही और लंबा जाम लग गया। हालांकि, पुलिस बल की मुस्तैदी के कारण ट्रक को क्रेन की मदद से खींचकर सड़क से किनारे किया गया, जिसके बाद यातायात को फिर से सामान्य कराया जा सका और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

## हजारीबाग के डीईओ को मिली बोकारो की कमान, कुमारी नीलम बनीं हजारीबाग की नई जिला शिक्षा पदाधिकारी

### स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी की 41 अधिकारियों की तबादला सूची; कई जिलों के डीईओ, डीएसई और डाइटी प्राचार्यों का हुआ स्थानांतरण

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से शिक्षा विभाग के बेड़े में एक बहुत बड़ा फेरबदल किया है। विभाग द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के तहत राज्य के कई जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी और विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों (DIET) के प्राचार्यों सहित कुल 41 शिक्षा अधिकारियों का बड़े पैमाने पर स्थानांतरण और पदस्थापन किया गया है। 29 जून 2026 को जारी इस अधिसूचना में हजारीबाग जिले के शिक्षा महकमे को लेकर विशेष बदलाव देखने को मिला है, जहाँ हजारीबाग के निवर्तमान जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन का तबादला कर उन्हें बोकारो का नया जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है, जबकि उनकी जगह रामगढ़ की डीईओ कुमारी नीलम को हजारीबाग की कमान सौंपी गई है।

### कुमारी नीलम को मिला प्रमंडल का अतिरिक्त प्रभार, आयुष कुमार बने हजारीबाग DIET के प्राचार्य

हजारीबाग जिले के लिए हुए इस महत्वपूर्ण फेरबदल के तहत रामगढ़ से स्थानांतरित होकर आ रहीं नई जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम को न सिर्फ जिले की जिम्मेदारी दी गई है, बल्कि उन्हें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंप दिया गया है। वहीं, हजारीबाग के निवर्तमान डीईओ प्रवीण रंजन अब बोकारो जिले में बतौर जिला शिक्षा पदाधिकारी अपनी सेवाएं देंगे। इसके अलावा, हजारीबाग स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) में भी नया बदलाव हुआ है, जहाँ अब आयुष कुमार को हजारीबाग (DIET) का नया प्राचार्य नियुक्त किया गया है।

### प्रदीप ठाकुर बने जैक के नए सचिव, रांची और कोल्हान में भी बड़ी तैनाती

विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार, सचिवालय में विशेष दायित्व निभा रहे प्रशासी पदाधिकारी प्रदीप ठाकुर को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) का नया सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, रांची जिला में मोहम्मद वसीम अहमद को नया जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है, जो इससे पहले गिरिडीह में तैनात थे। रांची की निवर्तमान डीईओ निशु कुमारी को अब पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है और इसके साथ ही उन्हें कोल्हान प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी मिला है। पूर्वी सिंहभूम के निवर्तमान डीईओ मनोज कुमार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची में प्रशासी पदाधिकारी बनाया गया है, जबकि आशीष कुमार पाण्डेय को पूर्वी सिंहभूम से हटाकर प्राथमिक शिक्षा निदेशालय में उपनिदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### विभिन्न जिलों में नए जिला शिक्षा पदाधिकारियों का पदस्थापन

स्थानांतरण सूची के तहत दीप्ति कुमारी को खएढउ से खूंटी का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है। प्रेस कुमार को लातेहार से पश्चिमी सिंहभूम का डीईओ नियुक्त किया गया है। संदीप कुमार को पलामू का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाते हुए पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जगरनाथ लोहरा को बोकारो से गढ़वा का नया डीईओ बनाया गया है। अभय कुमार शील खूंटी से रामगढ़ के नए डीईओ होंगे। मुकुल राज को गिरिडीह से कोडरमा का डीईओ बनाया गया है। संजीत कुमार को रामगढ़ से दुमका का डीईओ, विनय कुमार को रांची से गिरिडीह का डीईओ और कंचन कुमारी को कोडरमा से चतरा का नया जिला शिक्षा पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। पाकुड़ के डीईओ नयन कुमार को अब साहिबगंज का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है।

# पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के कांग्रेस पार्टी में वापसी के साथ ही क्षेत्र में बड़ी चहल कदमी

## रणनीतिक बैठक में आगामी 6 जुलाई से जन अधिकार कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार

उज्जवल दुनियां संवाददाता



**केरेडारी।** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के कांग्रेस पार्टी में वापसी के साथ हीं क्षेत्र में चहल कदमी बढ़ गई है! इस कड़ी में पूर्व मंत्री 2 जुलाई को केरेडारी प्रखंड का दौरा कर आगामी 6 जुलाई से आहूत जन अधिकार कार्यक्रम को लेकर केरेडारी पंचायत भवन में आयोजित बैठक में शामिल हुए! बैठक में निर्णय लिया गया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कोयला कंपनियों से प्रभावित विस्थापित, किसानों एवं ग्रामीणों को उनका अधिकार दिलाने तथा भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को प्रभावी रूप से लागू कराने के उद्देश्य से आगामी 06 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले जन-अधिकार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज केरेडारी पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. दिलदार अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 06 जुलाई को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के. राजू, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी सहित सरकार के कई माननीय विधायकगण के प्रस्तावित दौरे को सफल बनाने तथा प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों की समस्याओं को उनके समक्ष मजबूती से रखने की रणनीति तैयार की गई! बैठक में योगेन्द्र साव ने कहा कि वर्षों से कोल परियोजनाओं एवं विभिन्न विकास योजनाओं से प्रभावित ग्रामीणों को न्याय नहीं मिल पाया है। अब समय आ गया है कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के प्रावधानों को पूरी तरह लागू कर विस्थापितों, किसानों एवं प्रभावित परिवारों को उनका वैधानिक अधिकार दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी न्याय और अधिकार की लड़ाई को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित नेताओं एवं ग्रामीणों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि 06 जुलाई के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा तथा क्षेत्र के विस्थापितों, किसानों एवं प्रभावित परिवारों की समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्षों ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। साथ हीं कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया! कार्यक्रम के तहत रसदा गांव (छाया डैम), पतरातू सुबह 10:00 बजे गोंदलपुरा 11:30 बजे, चेपा कला मैदान 12:30 बजे, समाधान भवन 1:30 बजे, कण्डाबेर बाजार टांड झ 3:00 बजे, बसरिया बाजार 4:00 बजे, पगार 4:30 बजे और ग्राम पचड़ा 5:00 बजे।

अब मिलेगा विस्थापितों को न्याय, योगेन्द्र साव ने ठाना है। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू कराना है।? यही संदेश लेकर कांग्रेस नेताओं का यह दौरा प्रभावित क्षेत्रों के लोगों में नई उम्मीद जगा रहा है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता चंदन गुप्ता दिलदार अंसारी हेवई पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अमित दुबे समेत अन्य लोग मौजूद थे!

## बरकट्ठा के अलपीटो गांव में हाथियों का उत्पात, दरवाजा-खिड़की तोड़कर चट कर गए अनाज

### वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने में नाकाम, ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम अलपीटो में हाथियों के झुंड ने बीती रात जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने दो घरों के दरवाजे-खिड़की तोड़ दिए और घर में रखा अनाज चट कर गए। घटना के बाद से ग्रामीण दहशत में हैं।

### दरवाजा तोड़कर चावल खा गया हाथी

रात को अलपीटो उरदाटांड पासवान टोला निवासी मुनिलाल पासवान, पिता भातू पासवान के घर पर हाथियों के झुंड ने हमला कर दिया। हाथियों ने मकान का दरवाजा और खिड़की तोड़कर अंदर रखे चावल को चट कर गया। साथ ही घर में रखे अन्य सामानों को भी बर्बाद कर दिया।

### परमेश्वर महतो का घर भी क्षतिग्रस्त

हाथियों ने अलपीटो निवासी परमेश्वर महतो, पिता घमंडू महतो के घर का दरवाजा भी तोड़कर बूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया।

### सुबह देखे गए थे तीन हाथी, बच्चे के साथ झुंड

ग्रामीणों ने बताया कि अहले सुबह तीन हाथियों के झुंड को अलपीटो और गयपहाड़ी के जंगल में विचरण करते देखा गया था। इस झुंड में हाथी का एक बच्चा भी शामिल है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को देकर हाथियों को सुरक्षित क्षेत्र में निकालने की मांग की थी।

### वन विभाग की टीम नाकाम, झिंगीबराई की ओर गए हाथी

मंगलवार की रात सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और हाथियों को भगाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में हाथियों का झुंड गयपहाड़ी जंगल होते हुए झिंगीबराई की ओर चला गया।

### मुआवजे की मांग

झामुमो मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने वन विभाग से हाथियों को गांव से निकालने और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा राशि देने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि हाथियों के आतंक से फसल और जान-माल का खतरा बना हुआ है। वन विभाग से स्थायी समाधान की मांग की गई है।

## बरही में रेलवे ट्रैक के पास से रेलकर्मी की बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के रामनगर पहाड़ी स्थित रेलवे लाइन के पास से एक रेलकर्मी की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बरही थाना में अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिहार के नालंदा जिले के बेन थाना क्षेत्र अंतर्गत हरप्रसाद बिगहा निवासी एवं वर्तमान में बरही रेलवे स्टेशन में कार्यरत सुनील कुमार की ड्यूटी 30 जून 2026 को रामनगर पहाड़ी के समीप रेलवे लाइन के किमी 19/8 पर लगी थी। ड्यूटी के दौरान उन्होंने अपनी लाल-काले रंग की बजाज पल्सर 150 सीसी वाहन संख्या बीआर 01 सीके 7826 रेलवे लाइन के पास खड़ी कर दी थी। सुनील कुमार ने बताया कि रातभर रेलवे लाइन की निगरानी करने के बाद जब वह 1 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे वापस अपनी मोटरसाइकिल के पास पहुंचे तो वाहन वहां से गायब था। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कोई पता नहीं चल सका। उन्होंने आशंका जताई कि अज्ञात चोर उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। बताया गया कि चोरी गई मोटरसाइकिल सुनील कुमार के बड़े भाई सत्येन्द्र कुमार के नाम पर पंजीकृत है। मामले में बरही थाना पुलिस ने कांड संख्या 225/26 के तहत अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रसोईया-धमना में पुलिस का बड़ा एक्शन, 697 किलो अवैध डोडा बरामद



### मुर्गी फॉर्म के पास बने कमरे से मिले 47 बोरे मादक पदार्थ, दो तस्करों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के रसोईया-धमना गांव में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 697 किलोग्राम डोडा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। मामले में दो लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि रसोईया-धमना निवासी बंगाली साव उर्फ बबलू साव एवं सुनील राणा द्वारा मुर्गी फॉर्म के समीप बने एक कमरे में बड़ी मात्रा में डोडा का भंडारण कर उसकी तस्करी की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान संबंधित कमरे का ताला बंद मिला। कमरे के मालिक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और गवाहों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कर ताला तोड़ा गया। तलाशी के दौरान कमरे के अंदर रखे 47 बोरों में भारी मात्रा में डोडा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन से सभी बोरों का वजन कराया, जिसमें कुल वजन 697 किलोग्राम पाया गया।

## एसबीएमसीएच के 500 आउटसोर्सिंग कर्मियों को 5 महीने से नहीं मिला वेतन, भुखमरी की कगार पर परिवार

### सिविल सर्जन कार्यालय और ट्रेजरी के बीच 'त्रिशंकु' बने कर्मचारी; उपायुक्त को ज्ञापन सौंप दी हड़ताल की चेतावनी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के प्रतिष्ठित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सब्र का बांध अब पूरी तरह टूट चुका है। अस्पताल में कार्यरत लगभग 500 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पिछले 4-5 महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण इन कर्मियों और उनके परिवारों के सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित कर्मचारियों ने अपनी इस दर्दनाक स्थिति की लिखित जानकारी हजारीबाग के उपायुक्त को सौंपकर अविलंब हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। कर्मचारियों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन ने उनके वेतन का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित नहीं कराया, तो वे काम ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल और उग्र आंदोलन पर जाने के लिए पूरी तरह से बाध्य होंगे।

### एएनएम, जीएनएम और वार्ड बॉय समेत कई विभाग ठप होने के आसार

अस्पताल में आउटसोर्सिंग के माध्यम से बहाल किए गए इन 500 कर्मियों में एएनएम, जीएनएम, वार्ड बॉय, लैब असिस्टेंट, कंप्यूटर ऑपरेटर और ओटी असिस्टेंट जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम करने वाले लोग शामिल हैं। इन कर्मचारियों का कहना है कि वे सभी बेहद अल्प वेतनभोगी हैं, जिन्हें मात्र 15 हजार से 20 हजार रुपये के बीच मासिक मानदेय मिलता है। इतने कम वेतन के बावजूद लगातार 4 महीने से पैसे न मिलने के कारण किसी के घर का राशन पूरी तरह समाप्त हो चुका है, तो किसी के बच्चों की स्कूल फीस न जमा होने के कारण उनका विद्यालय जाना बंद हो गया है। स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि बीमार कर्मचारी और उनके बूढ़े मां-बाप पैसों की तंगी की वजह से अपनी जरूरी दवाइयां तक नहीं खरीद पा रहे हैं।

### सिविल सर्जन ऑफिस और ट्रेजरी के बीच झूल रही है वेतन की फाइल

सदर अस्पताल में पदस्थापित पीड़ित कर्मचारी सुभाष कुमार सिंह ने प्रशासनिक ढर्रे पर सवाल उठाते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि जब भी कर्मचारी अपनी फरियाद लेकर सिविल सर्जन (सीएस) के पास जाते हैं, तो वहां से यह कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है कि फाइल आगे बढ़ा दी गई है और मामला ट्रेजरी (कोषागार) में रुका हुआ है। इसके विपरीत, जब कर्मचारी ट्रेजरी कार्यालय के चक्कर काटते हैं, तो उन्हें बताया जाता है कि सीएस कार्यालय से भेजे गए बिलों में गंभीर त्रुटियां और प्रॉब्लम हैं। इस तरह सिविल सर्जन कार्यालय और ट्रेजरी विभाग की आपसी खींचतान और कागजी उलझनों के बीच 500 कर्मचारियों का भविष्य पिछले कई महीनों से अधर में झूल रहा है।

## फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन संघ बड़कागांव के नव चयनित पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

### प्रखंड के सभी पंचायतों के नए अध्यक्ष का किया गया चयन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में बीते 21 जून को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ बड़कागांव के नए पदाधिकारी का चुनाव के माध्यम से चयन किया गया था, जिसमें नव चयनित पदाधिकारियों का गुरुवार को बड़कागांव पूर्वी पंचायत भवन में एक समारोह आयोजित कर सभी नवचयनित पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रत्येक पंचायत से एक-एक अध्यक्ष का चयन किया गया। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ के नवचयनित पदाधिकारियों में सत्येंद्र कुमार गुप्ता (अध्यक्ष), ऐतवा तुरी (उपाध्यक्ष), बालेश्वर कुमार (सचिव), चरण राम (कोषाध्यक्ष ), मोहम्मद काजिम (उप सचिव), पवन कुमार सिंह (उप कोषाध्यक्ष) रामेश्वर राम ,महासचिव), मोहम्मद संजर हुसैन (महासचिव), जगन्नाथ साव, शहादत हुसैन, युगेश्वर रविदास, फुलेश्वर साव, संजय कुमार (संरक्षक), महिला प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी, महिला प्रखंड उपाध्यक्ष अमर लता सहित कई सदस्यों का चयन किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत से एक-एक पंचायत अध्यक्ष का भी चयन किया गया जिसमें सिंदूवारी से संतोष कुमार रवि, चेपाकला से राजेंद्र प्रसाद, डाडीकला शहादत हुसैन, सिकरी सोनू कुमार गुप्ता,सिरमा गंगाधर साहू, बड़कागांव मध्य रवि कुमार, बड़कागांव पश्चिमी विनोद राणा, बड़कागांव पूर्वी ग्राम विकास महिला मंडल, सांढ़ जागेश्वर महतो, कांडतरी फूलचंद राम, चंदौल सुरेंद्र कुमार, महुदी कुंदन कुमार, बादम मुनेश्वर राम, गोंदलपुरा सुनील कुमार, नयाटांड शिवनारायण प्रसाद, चौपदार बलिया मोहम्मद जफर, हरली तुलेश्वर कुमार, नापो बुधनाथ साव आंगों रफीक आलम, उरीमारी ज्योति महिला मंडल, तलश्वार शिवचरण महतो, पोटंगा सूर्यमुखी महिला मंडल, गरसुला गंगा महिला मंडल का चयन सर्वसम्मति से किया गया और यह निर्णय लिया गया कि आगे से प्रखंड में हम सभी मिलकर एकजुट होकर कोई भी काम करेंगे, जिससे किसी भी समस्या का त्वरित निष्पादन किया जा सके।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन



**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईटी-जेईई, नीट एवं क्लैट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा-पद्धति, विषय चयन, अध्ययन रणनीति तथा सफल करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन आशीष कुमार, पंकज कुमार एवं आचल कुमार ने विद्यार्थियों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के प्रभावी तरीकों, समय-प्रबंधन तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि करियर काउंसलिंग विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता रही। कक्षा नवम से द्वादश तक के छात्र-छात्राओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## एक नजर

### सांसद मनीष जायसवाल की त्वरित पहल रंग लाई, उरीदीरी में 24 घंटे के भीतर लगा नया ट्रांसफार्मर



**कटकमसांड़ी।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम उरीदीरी में महज 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उन्होंने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर कुछ दिन पूर्व जल जाने के कारण पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल से शीघ्र समाधान की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने तत्काल अपने सहयोगी विशेषांक वर्मा को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उनके प्रयासों से मात्र 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर गांव में स्थापित कर दिया गया। नवनिर्मित ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कटकमसांडी पश्चिमी मंडल के सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव एवं पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के प्रति हमेशा संवेदनशील रहते हैं और आम जनता की छोटी-बड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान कराने का निरंतर प्रयास करते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि समय पर ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव की बिजली व्यवस्था पुनः बहाल हो गई है, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है।

### समाजसेवी ने शादी में किया सहयोग, ड्रेसिंग टेबल एवं इंडक्शन दिया



**बड़कागांव।** बड़कागांव चंदौल पंचायत अंतर्गत महुगाई खुर्द निवासी समाजसेवी रंजीत पंडित ने अपने निजी खर्चे से गरीब लोगों के लिए सामाजिक सेवा के तहत विशेष कार्य किया जा रहा है। एक शादी समारोह में रंजीत ने होरम गांव निवासी भिखू महतो की बेटी की शादी में इंडक्शन एवं सोती गांव निवासी बालेश्वर राम की पुत्री को ड्रेसिंग टेबल देकर सहयोग कर पुण्य का कार्य किया है। रंजीत ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है, हमें उनकी निरंतर सेवा करनी चाहिए। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रकाश राम, धर्मेंद्र कुमार, कुंदन कुमार, अजय राम व अन्य शामिल थे।

### हरली के पास सड़क हादसे में एक की मौत, ग्रामीणों ने किया एनएच-522 जाम



**दारु।** थाना क्षेत्र के एनएच-522 पर हरली के पास रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बाइक की टक्कर से दिनेश्वर राम, जो पेशे से राजमिस्त्री थे, गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ। घटना की सूचना मिलते ही दारु थाना पुलिस एवं एसडीपीओ की मदद से दोनों घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान दिनेश्वर राम की मृत्यु हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-522 को जाम कर दिया। बाद में अंचल अधिकारी रामबालक कुमार , दारु थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह तथा ग्रामीणों के प्रयास से जाम समाप्त कराया गया।अंचल अधिकारी ने मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में थाना में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया था।

### बरही के जीतपुर में फाइलेरिया जांच के लिए नाइट ब्लड सर्वे, 302 ग्रामीणों के रक्त नमूने लिए गए



**बरही।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत बरही प्रखंड के जीतपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र अंतर्गत सेंटिनल साइट बरसोंत गांव में बुधवार की रात 10 बजे से विशेष नाइट ब्लड सर्वे (रात्रिकालीन रक्त जांच अभियान) चलाया गया। अभियान के दौरान 20 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुषों की फाइलेरिया जांच के लिए कुल 302 रक्त स्लाइड (ब्लड सैंपल) संग्रह किए गए। अनुमंडलीय अस्पताल बरही के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि फाइलेरिया के परजीवी (पैरासाइट) रात के समय ही मानव रक्त में सक्रिय रहते हैं। इसी कारण इस बीमारी की सटीक पहचान के लिए रात्रिकालीन जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में यह नाइट ब्लड सर्वे एक महत्वपूर्ण कदम है। यह जांच अभियान अनुमंडलीय अस्पताल बरही के वीबीडी (वेक्टर बॉर्न डिजीज) सुपरवाइजर मो. ईरशाद आलम की निगरानी में आयोजित किया गया। अभियान की गुणवत्ता की निगरानी के लिए राज्य पिरामल टीम के असू राय एवं अर्क राज, जिला वीबीडी सलाहकार मैमूर सुल्तान तथा जिला पिरामल टीम के प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे। अभियान में अनुमंडलीय अस्पताल के सीनियर लैब तकनीशियन प्रहलाद कुमार, विष्णु कुमार महतो, शाहिद अली, राहुल कुमार, मृत्युंजय चौरसिया (एमपीडब्ल्यू), संतोष कुमार एवं उपेंद्र कुमार दास ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए कुल 302 रक्त पट्ट (ब्लड स्लाइड) संग्रह किए। वहीं, क्षेत्र की सहिया साथी माया देवी तथा सहिया बबीता देवी, शोभा देवी, वीणा देवी और यशोदा देवी ने ग्रामीणों को जागरूक करने और जांच के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि ऐसे अभियान फाइलेरिया की समय पर पहचान और इसके प्रभावी उन्मूलन में अहम भूमिका निभाते हैं।

### कटकमसांडी सीएचसी में सुविधाओं का घोर अभाव, ऑपरेटर नहीं होने से शोपीस बनी एक्स-रे मशीन

**कटकमसांडी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एक बार फिर सामने आई है। अस्पताल परिसर में एक्स-रे मशीन उपलब्ध होने के बावजूद ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं होने से यह वर्षों से अनुपयोगी पड़ी है। इसका खामियाजा क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें जांच और उपचार के लिए निजी क्लीनिकों अथवा हजारीबाग सदर अस्पताल का सहारा लेना पड़ता है। हाल ही में कटकमसांडी स्टेडियम में आयोजित सुब्रतो फुटबॉल टूनामेंट के दौरान एक खिलाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया। खेल के दौरान उसका हाथ टूट गया, जिसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए कटकमसांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। लेकिन अस्पताल में एक्स-रे जांच की सुविधा संचालित नहीं होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन स्थापित है, लेकिन सरकारी ऑपरेटर के अभाव में इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप मरीजों को निजी जांच केंद्रों में जाकर अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है।

# बरमसिया छठ तालाब एवं जर्जर सड़क का विधायक राज सिन्हा ने किया निरीक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने आज बरमसिया स्थित छठ तालाब का स्थल निरीक्षण किया, जहाँ नालियों का गंदा पानी गिरने से तालाब प्रदूषित हो रहा है। साथ ही तालाब का बांध टूट जाने के कारण दुहाटांड़झबरमसिया मार्ग अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है, जिससे स्थानीय लोगों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

निरीक्षण के दौरान विधायक राज सिन्हा ने स्थानीय नागरिकों से विस्तारपूर्वक बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मौके से ही नगर आयुक्त से वीडियो कॉल के माध्यम से सड़क एवं छठ तालाब की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने इस गंभीर जनसमस्या के त्वरित, प्रभावी एवं स्थायी समाधान हेतु अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। नगर आयुक्त ने विधायक को आश्वस्त किया कि आगामी दो दिनों के भीतर आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए समस्या के समाधान की दिशा में कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि छठ तालाब करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है और इसका प्रदूषित होना अत्यंत चिंता का विषय है। वहीं सड़क की बदहाल स्थिति आमजन के आवागमन के साथ-साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं से जुड़े प्रत्येक विषय का शीघ्र, प्रभावी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने दोहराया कि वे जनहित के प्रत्येक मुद्दे पर निरंतर सक्रिय रहते हुए जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। निरीक्षण के दौरान भाजपा युवा नेता भागीरथ दास, चंदू शर्मा, शंकर सिंह, राजकुमार, सुजीत कुमार, विनोद राम, सुजीत रवानी सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## चिन्मय विद्यालय बोकारो में चिन्मय अमृत यात्रा का भव्य स्वागत आज, तैयारी पूरी

**बोकारो ।** चिन्मय मिशन के स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में पूरी दुनिया में चिन्मय अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत चिन्मय अमृत यात्रा शुरू की गई है, जो 295 दिनों में 35 हजार किमी की यात्रा पूरी करेगी। पुणे दिसंबर महीने में शुरू हुई यात्रा 3 और 4 जुलाई को बोकारो पहुंचने वाली है। इसको लेकर चिन्मय विद्यालय बोकारो और चिन्मय मिशन बोकारो की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यात्रा का भव्य स्वागत तीन जुलाई को शोभा यात्रा के साथ चिन्मय विद्यालय बोकारो में किया जाएगा। अंतिम चरण की तैयारियों का जायजा लेने के लिए चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती, सचिव हरिहर राउत, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आरएन मलिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, वरीय उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार और उप प्राचार्य डॉ. रोशन शर्मा ने तैयारियों का जायजा लिया। स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने अमृत यात्रा के बोकारो आगमन को लेकर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने सभी बोकारो वासियों को इसके लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि चिन्मय अमृत यात्रा केवल एक यात्रा नहीं है, बल्कि ये गुरुदेव के साथ जुड़ने और उनके आदर्शों के बारे में जानने का स्वर्ण अवसर है। अमृत यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि चिन्मय मिशन के संस्थापक स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के जीवन से जुड़े हर पक्ष के बारे में अमृत वाहिनी में विस्तार से जानकारी दी गई है। भव्य शोभायात्रा के बारे में जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्री बिस्वरूप मुखोपाध्याय ने बताया कि चिन्मय अमृत यात्रा 3 और 4 जुलाई को बोकारो में रहेगी। 3 जुलाई को यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। सबसे पहला स्वागत होली क्रॉस स्कूल के पास किया जाएगा, जहां से गाड़ियों की लंबी कतार के साथ भव्य शोभा यात्रा की शुरूआत होगी। इसके बाद अगले पड़ाव में नया मोड़ में इसके स्वागत किया जाएगा, आगे बोकारो मॉल के पास स्वागत किया जाएगा और अंत में यात्रा पीएनटी मोड़ पहुंचेगी। यहां से यात्रा का स्वागत करने के बाद छाऊ नृत्य के साथ पैदल यात्रा करते हुए गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की पादुका को चिन्मय विद्यालय के मुख्य द्वार तक लाया जाएगा।

## बोकारो पुलिस का बड़ा एक्शन: महिलाओं से चैन छिनतई करने वाला अंतरराज्यीय गिरोह बेनकाब, 5 गिरफ्तार

### वारदातों का खुलासा, नकदी, बाइक और छीना गया सामान बरामद; तीन रख्ळ की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों तक पहुंची पुलिस

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो शहर और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं को निशाना बनाकर लगातार चैन छिनतई की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित तीन विशेष जांच दल (रख्ळ) की त्वरित कार्रवाई में गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से छीना गया सोने जैसा लॉकेट, बिना नंबर की बाइक, 48 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 23 जून को सेक्टर-4 थाना क्षेत्र के लक्ष्मी मार्केट के सामने बाइक सवार दो अपराधियों ने एक महिला के गले से सोने की चैन झपट ली थी। इस मामले में तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर ओडिशा के जाजपुर निवासी भोला दास को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बोकारो, गिरिडीह, रामगढ़ समेत कई जिलों में महिलाओं से चैन छिनतई की सात वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इधर, 30 जून को चास के प्रभात होटल के समीप एक महिला के गले से सोने के लॉकेट सहित मोती की माला झपटकर फरार हुए अपराधियों का भी पुलिस ने पदार्फाश कर दिया। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने 25 जून को रानी सती क्लॉथ स्टोर के सामने हुई चैन छिनतई की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपियों में भोला दास (ओडिशा), राणा उर्फ रजनीश सिंह, बिट्टू कुमार सिंह, श्रवण सिन्हा तथा परमानंद कुमार वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह के सदस्यों का झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के विभिन्न थानों में भी आपराधिक इतिहास दर्ज है। पूरे अभियान का नेतृत्व नगर पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन एवं चास के सहायक पुलिस अधीक्षक वेदांत शंकर ने किया। सेक्टर-4 और चास थाना पुलिस की संयुक्त टीम तथा तकनीकी शाखा की सक्रिय भूमिका से इस संगठित गिरोह का भंडाफोड़ संभव हो सका। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

## बीएसएल के आरएमएचपी विभाग में स्पर्श-वेलफेयर वॉक: केयर एंड कनेक्ट का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों के कल्याण, सहभागिता तथा कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ह्लस्पर्श झ वेलफेयर वॉक: केयर एंड कनेक्टह्व पहल के अंतर्गत आरएमएचपी विभाग में वेलफेयर वॉक का आयोजन किया गया । इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों से उनके कार्यस्थल पर सीधा संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को समझना, उपलब्ध कल्याणकारी सुविधाओं का आकलन करना तथा आवश्यक सुधारों एवं नई पहलों की संभावनाओं की पहचान करना है।

इस वेलफेयर वॉक का नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया। उनके साथ आरएमएचपी, सीईडी एवं मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित विभागों की टीम ने आरएमएचपी विभाग के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया। इस दौरान कार्यस्थल की परिस्थितियों, उपलब्ध कल्याणकारी सुविधाओं तथा उनके प्रभावी उपयोग का अवलोकन किया गया और इन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं नए वेलफेयर उपायों को लागू करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कार्यस्थल को और अधिक सुरक्षित, समावेशी एवं संवेदनशील बनाने के संबंध में कई उपयोगी सुझाव भी प्राप्त हुए। ह्लस्पर्श झ वेलफेयर वॉक: केयर एंड कनेक्टह्व पहल कर्मचारियों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ एवं कर्मचारी-केंद्रित कार्य वातावरण विकसित करने के प्रति बोकारो स्टील प्लांट की सतत प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। भविष्य में भी इस प्रकार के संवाद एवं फीडबैक-आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित सुझावों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाता रहेगा।

## डीवीसी स्थापना दिवस पर अंतर विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**एग्यारकुंड।** (दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर मैथन परियोजना के मैथन क्लब (एरिया-4) में सीएसआर के तहत अंतर विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन परियोजना प्रधान सुबीर कुमार साहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रबंधक (सीएसआर) डॉ. कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि डीवीसी शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। प्रतियोगिता में डीवीसी एवं गैर-डीवीसी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले मुकाबले में सीनियर वर्ग में एचएस स्कूल लेफ्ट बैंक ने डेनोबिली स्कूल को हराकर जीत दर्ज की। वहीं जूनियर वर्ग में एचएस स्कूल लेफ्ट बैंक ने एसबी स्कूल को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

# शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक दायित्वों के चार दशक अनुकरणीय : आयुक्त

### ऐतिहासिक उत्सव के साथ मनी डीपीएस बोकारो की माणिक्य जयंती

### उपलब्धियां एवं कीर्तिगाथा एक मिसाल : डॉ. त्यागी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं स्वयं से पहले सेवा के संकल्प को साकार करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो ने अपने चार दशकों का सफर तय कर गुरुवार को अपनी स्थापना की माणिक्य जयंती मनाई। ऐतिहासिक उत्सव के माहौल में आयोजित इस समारोह में जहां रंगारंग प्रस्तुतियों की धूम रही, वहीं 40 वर्षों के गौरवशाली अतीत की यादें साझा की गईं और पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों विद्यार्थी पुरस्कृत भी किए गए। इस अविस्मरणीय अवसर के मुख्य अतिथि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त विजय कुमार गुप्ता (भाप्रसे) एवं सम्मानित अतिथि विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. एम. एस. त्यागी थे। जबकि, विशिष्ट अतिथियों में अंजना गुप्ता एवं सुनीता त्यागी शामिल रहीं। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने डीपीएस बोकारो परिवार को रूबी जुबिली की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के साथ अपने जुड़ाव के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन, समर्पण, उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्वों के चार दशक सफलतापूर्वक पूरे किए हैं, जो अपने-आप में अनुकरणीय है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों, उनके व्यक्तित्व-निर्माण एवं सपने साकार करने की दिशा में उन्होंने विद्यालय की भूमिका को सराहते हुए विद्यार्थियों को यहां मिलनेवाले अवसरों का लाभ लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए ईमानदारी और अनुशासन जरूरी है। बच्चे खुद पर विश्वास रखें तथा चुनौतियों से बिना डरे मेहनत के रास्ते अपना लक्ष्य प्राप्त करें। देश के विकास में बच्चों का बहुत महत्व है। उनके सपने, उनकी मेहनत और उनका चरित्र देश का निर्माण करेंगे।

सम्मानित अतिथि विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. एम. एस. त्यागी ने स्कूल के स्थापना-काल से जुड़ीं अपनी यादें साझा की। साथ ही, वर्तमान प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार के नेतृत्व में विद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियों एवं कीर्ति-गाथा को अपने-आप में मिसाल बताया। इसके पूर्व, अतिथियों के हरित स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई तथा केक काटा गया।

### विद्यालय ने दी देश के लिए परिवर्तनकारी पीढ़ियां : डॉ. गंगवार

कार्यक्रम के आरंभ में अपने स्वागत संबोधन में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी आगंतुक अतिथियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए चार दशकों की इस यात्रा को समर्पण और विकास का सफर बताया। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो ने 40 वर्षों में देश के लिए परिवर्तनकारी पीढ़ियां तैयार की हैं। यहां से निकले विद्यार्थी अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और अपने विद्यालय का परचम लहरा रहे हैं। राष्ट्र में बदलाव लाने वाला व्यक्तित्व तैयार करना हमारा ध्येय रहा है। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर भी संक्षिप्त प्रकाश डाला तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के योगदान को बहुमूल्य बताया।

### 217 मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत, जमुना बना ओवरऑल बेस्ट हाउस

समारोह के दौरान अतिथियों ने सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं के टॉप 10 और विषयवार शत-प्रतिशत अंक लाने वाले कुल 170 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। वहीं, सत्र 2025-26 के लिए मेधा सम्मान के तहत पढ़ाई के अलावा खेलकूद, कला-संस्कृति, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, पर्यावरण, छायांकन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करनेवाले 47 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें स्टूडेंट काउंसिल के शीर्ष पदधारी भी शामिल रहे। गंगा सदन को बेस्ट हाउस (कल्चरल) का पुरस्कार मिला, जबकि जमुना सदन ने खेल और शिक्षा के साथ-साथ ओवरऑल बेस्ट हाउस का पुरस्कार अर्जित किया। अतिथियों ने डीपीएस बोकारो द्वारा समाज के अभिवंचित वर्ग के बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केन्द्र के विद्यार्थियों में विद्यालय पोशाक का वितरण भी किया। इसके अलावा विद्यालय की त्रैमासिक गृह-पत्रिका जेनिथ का विमोचन भी किया गया।

## एक नजर

### बीएसएल के कोक ओवन विभाग ने उत्पादन एवं बिक्री में बनाए नए कीर्तिमान



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक ओवन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही तथा जून 2026 में उत्पादन एवं बिक्री के क्षेत्र में कई नई उपलब्धियाँ हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। जून 2026 में कोक ओवन द्वारा प्रतिदिन औसतन 531 ओवन पुशिंग दर्ज की गई। जो अब तक का सर्वोच्च मासिक प्रदर्शन है। इससे पूर्व मार्च 2026 में प्रतिदिन 530 ओवन पुशिंग का रिकॉर्ड स्थापित किया गया था। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कोक ओवन विभाग ने प्रतिदिन औसतन 526 ओवन पुशिंग कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023 -24 के पहली तिमाही में प्रतिदिन 513 ओवन पुशिंग का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया था। कोल केमिकल्स की बिक्री में ऐतिहासिक उछाल के साथ कोक ओवन विभाग ने जून 2026 माह में कोल केमिकल्स की बिक्री का एक नया रिकॉर्ड बनाया जो अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री है। इससे पूर्व सितंबर 2024 में मासिक बिक्री का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कोल केमिकल्स की कुल बिक्री का सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान भी स्थापित किया गया है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कोल केमिकल्स की बिक्री का रिकॉर्ड स्थापित किया गया था। कोक ओवन विभाग की ये उपलब्धियाँ न केवल उत्पादन दक्षता और परिचालन उत्कृष्टता को दशार्ती हैं, बल्कि यह टीम के अथक और समर्पित प्रयासों का भी जीवंत परिणाम हैं और भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी।

### आईएमए कुमारधुबी शाखा द्वारा डॉक्टर्स डे समारोह का भव्य आयोजन




**एग्यारकुंड।** कुमारधुबी क्लब में आईएमए कुमारधुबी शाखा द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (Doctors' DÔy) के अवसर पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिम बंगाल सरकार के पीएचईडी एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री डॉ. अजय कुमार पोद्दार थे। कार्यक्रम में निरसा से लेकर कुल्टी क्षेत्र तक के बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लेकर चिकित्सकीय सेवा,समाज के प्रति अपने दायित्व तथा स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के संकल्प को दोहराया। समारोह की अध्यक्षता आईएमए कुमारधुबी शाखा के अध्यक्ष डॉ. आर. एन. सिंह ने की, जबकि शाखा के सचिव डॉ. आई. एम. सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. जोगेंद्र प्रसाद एवं डॉ. रामजी द्विवेदी, संयुक्त सचिव डॉ. देवार्षि गुप्ता सहित शाखा के सभी पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।इस दौरान दो वक्ताओं ने मेडिकल टापिक्स पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सकों में डॉ. एस. के. गुप्ता, डॉ. डी. बनर्जी, डॉ. एस. बी. बनर्जी, डॉ. एस. मिश्रा, डॉ. अवंतिका, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. विनय कुमार, डॉ. देब सहित कुल 39 अन्य चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार पोद्दार ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक समाज के लिए सेवा, समर्पण और मानवता का सर्वोच्च उदाहरण हैं। उन्होंने सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में डॉक्टरों की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रहेगी। डाक्टर पोद्दार ने कहा कि वे इस ब्रांच से सालों से जुड़े हुए हैं और हर तरह के मदद के लिए वे तैयार है। उन्होंने कहा कि यहां आकर बहुत अपनापन महसूस करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी चिकित्सकों के सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मंच का संचालन डॉ आर एन सिंह और डॉ रामजी द्विवेदी द्वारा किया गया।

### आयुष फाउंडेशन धनबाद के बैनर तले द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी में करवाया गया साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम का सफल आयोजन

**धनबाद।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं को देखते हुए आयुष फाउंडेशन धनबाद (AFD) द्वारा आज द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी में विद्यार्थियों के बीच एक विशेष साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था, ताकि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के डिजिटल अपराध का शिकार न बनें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सरल एवं रोचक तरीके से बताया गया कि आजकल साइबर अपराधी किस प्रकार फर्जी कॉल, फिशिंग लिंक, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई स्कैम, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी जॉब ऑफर, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी लॉटरी, डिजिटल अरेस्ट जैसे विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल कर लोगों को ठगते हैं। साथ ही यह भी समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाता विवरण, एटीएम पिन, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी कभी साझा नहीं करनी चाहिए। बच्चों को यह भी बताया गया कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) अपनाएँ तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। पूरी जानकारी पोस्टर्स, उदाहरणों और संवादात्मक प्रस्तुति के माध्यम से दी गई, जिससे विद्यार्थियों ने विषय को आसानी से समझा और उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम को और अधिक रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया और सही उत्तर देकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। विजेता प्रतिभागियों को आयुष फाउंडेशन धनबाद की ओर से हैंडमेड बुकमार्क, हस्तनिर्मित एनवेलप एवं अन्य प्रेरणादायक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन उपहारों का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास तथा सीखने की भावना को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय के प्राचार्य मदन सर ने आयुष फाउंडेशन धनबाद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने की सही दिशा प्रदान करते हैं तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादक: मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# उपायुक्त ने जिला भू अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक में लंबित मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के दिए निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला भू-अर्जन से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां इस बैठक में भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जहां समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने एनएच 80 फेज 2 परियोजना के तहत संरचनाओं के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के लिए संबंधित अंचलाधिकारी को आवश्यक अभिलेख शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही साथ साहिबगंज सदर क्षेत्र में अधिग्रहित 3.21 एकड़ भूमि की जांच कर जल्द प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा।

आगे बैठक में बताया गया कि एनएचएआई पीआईयू की विभिन्न परियोजनाओं के लिए कुल 451.402 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। जहां इसके लिए प्राप्त ?452.36 करोड़ में से ?433.87 करोड़ की राशि रैयतों के बीच वितरित की जा चुकी है, जबकि शेष ?18.49 करोड़ का भुगतान प्रक्रियाधीन है। जहां उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की परियोजनाओं तथा बरहरवा के पिपरा मौजा में इंटेक वेल सह पंप हाउस निर्माण से जुड़े मुआवजा भुगतान की भी समीक्षा की गई। जहां उन्होंने भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को स्थानीय विवादों का शीघ्र समाधान कर भुगतान प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। उधर बरहरवा प्रखंड के श्रीकुंड शिवपहाड़ पथ निर्माण परियोजना में नोटिस वितरण के दौरान आ रही समस्याओं पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं संबंधित अंचलाधिकारी को रैयतों के साथ बैठक कर सभी बाधाओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वही समदानाला बंदरगाह रेल लाइन निर्माण परियोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बोरियो, साहिबगंज और तालझारी प्रखंडों से आवश्यक अभिलेख प्राप्त हो चुके हैं। जहां परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (एसआईए) कार्य हेतु नियमानुसार एजेंसी का चयन शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया। इस बैठक में अपर समाहर्ता विजय कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन प्रभारी अमर जॉन आईन्द तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रेन के दिव्यांग कोच में आग लगाने वाला आरोपी साहिबगंज से गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंज:** बरहरवा आजिमगंज पैसेंजर ट्रेन के दिव्यांग कोच के शौचालय में आग लगने की घटना का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने खुलासा कर दिया है। जहां बीते दिनों 21 जून को हुई इस घटना में अज्ञात व्यक्ति ने शौचालय में बीड़ी पीने के दौरान प्लास्टिक के कमोड का ढक्कन जला दिया था और चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया था।

जहां आरपीएफ ने सीसीटीवी फुटेज, संदिग्ध की चाल (गेट एनालिसिस) और खुफिया सूचना के आधार पर 29 जून को आरोपी को साहिबगंज स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। जहां पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। जहां उसे रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट, साहिबगंज के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे 24 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उधर पूर्व रेलवे ने इस कार्रवाई को आरपीएफ की त्वरित और पेशेवर जांच का उदाहरण बताते हुए कहा कि ट्रेनों में धूम्रपान करना प्रतिबंधित और दंडनीय अपराध है। जहां रेलयात्रियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत आरपीएफ को देने की अपील की गई है।

# पत्रकार हित सर्वोपरि, गठित जांच समिति ने निभाई अपनी जिम्मेदारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र की पुलिस के द्वारा चेकनाका पर खबर संकलन करने के लिए गए चार पत्रकारों को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने के मामले में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन साहिबगंज जिला इकाई ने बुधवार को जिलाध्यक्ष चंदन सिंह के नेतृत्व में संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों के साथ आवश्यक बैठक की थी। जहां बैठक के दौरान यह प्रस्ताव लिया गया था कि राजनजक उप कारा में बंद सभी चारों पत्रकारों से तीन सदस्यीय टीम मिलकर उनकी भी आपबीती सुनेगी और आगे संगठन फिर कोई ठोस निर्णय लेगी। जहां प्रदेश नेतृत्व के निर्देश एवं जिला इकाई द्वारा पारित प्रस्ताव के आलोक में गठित तीन सदस्यीय जांच समिति टीम ने गुरुवार को अपनी जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए राजमहल उपकारा पहुंचकर न्यायिक हिरासत में बंद चारों पत्रकारों से मुलाकात की तथा पूरे घटनाक्रम से संबंधित उनका पक्ष गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ सुना।

जहां गठित जांच समिति ने राजमहल उप कारा में बंद चारों पत्रकारों से जुड़े सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों की जानकारी एकत्रित की है। उधर प्राप्त तथ्यों के आधार पर विस्तृत जांच प्रतिवेदन शीघ्र ही झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन, साहिबगंज जिला इकाई को सौंपा जाएगा जिसके बाद संगठन आगे की आवश्यक कार्रवाई पर निर्णय लेगा। जहां झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन साहिबगंज जिला इकाई, गठित जांच समिति के सभी सदस्यों के साहस, निष्पक्षता, प्रतिबद्धता एवं संगठनात्मक दायित्वों के प्रति समर्पण की सराहना करती है तथा उन्हें इस महत्वपूर्ण कार्य के सफल निष्पादन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देती है। जहां झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन का पत्रकार हित में संकल्प स्पष्ट है कि ₹पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संगठन सदैव निष्पक्ष, लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से कार्य करता रहेगा।


## सफेदपोश बनाम कलम चार पत्रकार भेजे गए जेल मामले में सामाजिक कार्यकर्ता अरशद नसर ने खोला मोर्चा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** जिले के कोटालपोखर थाने में चार पत्रकारों को पीटकर जेल भेजने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जहां बीते मंगलवार को झारखंड पश्चिम बंगाल सीमा पर बेहुआ व राहीमटाड़ चेकनाका पर अवैध खनन गतिविधियों की कवरेज करने पहुंचे डब्ल्यूएम 24/7 न्यूज चैनल के वसीम अकरम, मो. मोहसिन राजा, जेके 24/7 न्यूज चैनल के लाल मोहम्मद शेख तथा सारी कथा न्यूज चैनल के मो. मोसर्रफ तोहिद को पेट्रोलिंग दल ने कोटालपोखर थाना बुलाया जहां उनके साथ अभद्र व्यवहार कर बेरहमी से मारपीट की गई और मोबाइल से सबूत वाले वीडियो जबरन डिलीट कराए गए। उधर बिना निष्पक्ष जांच, बिना आईडी वेरिफाई किए कोटालपोखर थाना में राजमहल के पंचायत सचिव दिनेश कुमार, जो चेकनाका पर मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर तैनात थे के बयान पर चारों पत्रकारों पर कांड संख्या 47/26 भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 126(2), 115(2), 117(2), 109(1) हत्या का प्रयास, 132, 221, 308(2), 352, 351(2) एवं 3(5) के तहत केस दर्ज कर आनन फानन में न्यायिक हिरासत में राजमहल जेल भेज दिया। जहां इस पूरे मामले में पर्दे के पीछे एक सफेदपोश सत्ता पक्ष नेता की अहम भूमिका सामने आ रही है। वही चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह आरटीआई एक्टिविस्ट सैयद अरशद नसर ने खुलासा किया है कि चेकनाका पर अवैध वसूली का सिंडिकेट उसी नेता के इशारे पर चल रहा था जिसके सबूत पत्रकारों के कैमरे में कैद हो गए थे। जहां उन्हीं सबूतों को मिटाने के लिए थाने में वीडियो डिलीट कराए गए और उल्टा पत्रकारों पर ही हत्या के प्रयास का केस लाद दिया गया है। जहां अरशद नसर ने इसे ₹सत्ता के संरक्षण में लोकतंत्र का अपहरण₹ बताते हुए सवाल उठाए कि बिना जांच एफआईआर किसके कहने पर हुई? डिलीट वीडियो में उस सफेदपोश के गुर्गों की अवैध वसूली थी क्या? पत्रकारों ने कोई दुर्व्यवहार नहीं किया तो बीएनएस 109 हत्या का प्रयास क्यों? जहां पुलिस ने प्रेस को जानकारी क्यों छिपाई?

# वार्ड संख्या 18 में सड़क पर फैली गंदगी से लोगों में आक्रोश





उज्जवल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 में बायसी स्थान जाने वाले मुख्य रास्ते पर गाय का मलमूत्र एवं खटाल की गंदगी फेंके जाने से स्थानीय लोगों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जहां स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बबलू यादव के गाय खटाल से निकलने वाला मलमूत्र और अन्य गंदगी सड़क पर ही बहा दी जाती है, जिससे सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई है। वही रास्ते पर कीचड़, दुर्गंध और गंदे पानी के जलजमाव होने के कारण राहगीरों को आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है। वही विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को फिसलन भरे रास्ते से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जहां ग्रामीणों और मोहल्लेवासियों ने नगर परिषद प्रशासन एवं नगर थाना से मांग किया है कि सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए तथा रास्ते की सफाई कराकर लोगों को राहत दिलाई जाए। वही लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उधर स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे प्रशासन के समक्ष सामूहिक रूप से अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। जहां फिलहाल सड़क पर फैली गंदगी लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है।

# बालिका अंडर 17, बालिका एवं द्वितीय लिटिल चैंप अंडर 12 बालक सिद्धो कान्हु स्टेडियम में भव्य उद्घाटन

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंज:** जिला शिक्षा परियोजना के द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय 65 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनार्मेंट बालक अंडर 15, बालक अंडर 17, बालिका अंडर 17 बालिका एवं द्वितीय लिटिल चैंप बालक अंडर 12 का भव्य उद्घाटन गुरुवार को शहर के सिद्धो कान्हु स्टेडियम में किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेलकूद पदाधिकारी कुमार हर्ष, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल पर किक मारकर किया। जहां इस मौके पर जिला खेलकूद पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रखंड में जीत कर जिला में आना आपके शारीरिक शिक्षक और आपकी कड़ी मेहनत और अभ्यास का परिणाम है। जहां जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है कि आपका प्रयास और खेल भावना। वही आपने जिस लगन के साथ यहाँ तक का सफर तय किया है, उसे ऐसे ही जारी रखें। वही मैदान पर आपका पसीना आने वाले कल के लिए आपको एक बेहतर खिलाड़ी और इंसान बनाएगा। वही अपने प्रशिक्षकों और माता पिता का सम्मान करें, जिन्होंने आपको इस मुकाम तक पहुँचाया है। इस मौके पर जिला खेल प्रभारी शबनम तबस्सुम, टूनार्मेंट संचालन के लिए शारीरिक शिक्षक बीरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, लूसी कुमारी, राकेश कुमार, संजय सिंहा, चंद्रकांत गौतम, दीपक सिंह आदि मौजूद थे। उधर मैच परिणाम में अंडर 12 लिटिल चैंप्स बालक वर्ग के मैच में मंडरो ने बोरियो को, उधवा ने साहिबगंज को, पतना ने तालझारी को और राजमहल ने बरहरवा को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं बालिका अंडर 12 वर्ग में प्रथम स्थान पर राजमहल, द्वितीय स्थान पर पतना एवं तृतीय स्थान साहिबगंज को मिला। जहां अंडर 17 बालिका वर्ग के मैच में पहले राउंड के लिए बरहरवा ने मंडरो को 02-01 से, पतना ने राजमहल को पेनल्टी शूट में 4-2 से, उधवा और साहिबगंज के बीच उधवा को वॉक ओवर मिला। वहीं बोरियो की टीम ने तालझारी को मात देकर अगले राउंड में प्रवेश किया। उधर बरहेट ने पतना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।जहां सेमीफाइनल में बरहरवा ने बरहेट को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उधर बोरियो ने भी उधवा को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जहां फाइनल के रोमांचक मुकाबले में बोरियो और बरहरवा में शानदार मैच पेनल्टी पर खत्म हुआ। जहां बरहरवा ने पेनल्टी शूट आउट में बोरियो को 4-3 से जीतकर प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बंगाली टोला, तिलकधारी कुआं के पास अज्ञात हमलावरों ने युवक को मारी गोली हुई मौत, जांच में जुटी नगर थाना पुलिस



**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगाली टोला, तिलकधारी कुआं के निकट बुधवार की देर रात को स्थानीय युवक आदर्श उर्फ पुक्कू उम्र 20 वर्ष पिता सुनील कुमार दास को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी। जहां बताया जा रहा है कि गोली युवक के बाएं सीने में लगी है। उधर वारदात की सूचना मिलते ही नगर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दलबल के साथ घायल युवक को अपने सरकारी वाहन से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने जांचोपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल नगर थाना क्षेत्र की पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वही मामले की जानकारी मिलने के बाद मुख्यालय डीएसपी रविकांत साव भी सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक युवक के परिजनों से पूछताछ करते हुए नजर आए। जहां इस दर्दनाक घटना के बाद से मृतक युवक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

### जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण का प्रमीत तिवारी ने दिया अनूठा संदेश, लगाया अमरूद का पौधा



**बरहरवा:** झारखंड कांग्रेस के जिला स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष प्रमीत तिवारी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के मालिन गांव स्थित सरकारी जमीन पर अमरूद का पौधा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेना चाहिए। आगे उन्होंने आमलोगों से अपील किया कि वे भी अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधारोपण करें ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकें। उधर स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। जहां कार्यक्रम के दौरान पौधे की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का भी संकल्प लिया गया।

### 43 वां साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव 2026 के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे आयोजित



**साहिबगंज:** 43 वां साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव 2026 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जहां इसके तहत गुरुवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया में वाद विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। उधर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। उधर कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए 43 वां साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव के प्रधान संयोजक डॉ. सच्चिदानंद मिश्रा ने कहा कि जिला स्थापना के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जहां इसके तहत वाद विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया। वही साहिबगंज जिला का गौरवशाली इतिहास,इसकी समृद्ध परंपराएं, इसकी धार्मिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ताकि स्कूली छात्र छात्राएं अपनी समृद्ध विरासत को समझें इस पर गर्व करें और इसे आगे बढ़ाने अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। वही 45 वां स्थापना महोत्सव का टैगलाइन साहिबगंज के लिए चलना है चलिए कदम से कदम मिलाकर चलिए। उधर अपने संक्षिप्त उद्घाटन भाषण में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने कहा कि शिक्षा ही अंतिम विकल्प है जहां मनोयोग से पढ़ें और विभिन्न गतिविधियों में बढ़कर पर हिस्सा लें इसका जीवन में बहुत महत्व है। आगे कुमार हर्ष ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से प्रतिभावान छात्रों को मंच मिलता है और उनकी प्रतिभा का निखार होता है और कार्यक्रमों में भाग लेने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। उधर वाद विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में संत जेवियर विद्यालय अंग्रेजी मीडियम, रेलवे उच्च विद्यालय, राजस्थान इंटर विद्यालय, पब्लिक उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नगर पालिका, कन्या जमुना दास बालिका उच्च विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जहां वाद विवाद का विषय ₹आर्थिक विकास और आधुनिक जीवन शैली एवं पर्यावरण संरक्षण पर संभव है₹ पर 12 प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपनी बात तार्किक पूर्ण ढंग से रखा। जहां तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल की टीम ने कक्षा 10 वीं की छात्रा शिल्पा पीहू को प्रथम, तेजस कुमार को द्वितीय (दोनों संत जेवियर्स विद्यालय अंग्रेजी मीडियम), छात्र आकाश कुमार रेलवे उच्च विद्यालय को तृतीय स्थान प्रदान किया। वही निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध साहित्यकार अनिरुद्ध प्रभास, एनआरपी सेंटर के प्राचार्य मनोज कुमार झा एवं बच्चू लाल ,मनोरंजन हंस जगत सदस्य थे। वही चित्रांकन प्रतियोगिता सत्र की अध्यक्षता पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अनवर अली ने किया। जहां चित्रांकन प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 40 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जहां चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छात्रा तनु कुमारी कक्षा 9 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया, छात्रा साक्षी कुमारी कक्षा 9 वीं पीएम श्री उत्क्रमित राजकीय उच्च विद्यालय नगर पालिका को द्वितीय स्थान एवं छात्रा एकता श्री संत जेवियर्स विद्यालय अंग्रेजी मीडियम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 11 प्रतिभागियों को सांत्वना होना पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। जहां कलाकार अमृत प्रकाश, पर्यावरणविद् नवल कुमार झा एवं सरिता मिश्रा चित्रांकन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल थे। वही वाद विवाद एवं चित्रांकन प्रतियोगिता के प्रभारी शिक्षक मनोहर शर्मा ने संचालन एवं बेहतर प्रबंधन किया। जहां मंच संचालन मनोहर शर्मा ने किया।

# संपादकीय

## बच्चों को डिजिटल दुनिया से बचना होगा

सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग से लेकर जेनरेटिव आई तक डिजिटल दुनिया हमारे जीवन और स्वास्थ्य की दशा तय करने वाला मजबूत कड़ी बन चुका है ।इसमें यह विशेष कर बच्चों और युवाओं के लिए और ज्यादा घातक साबित हो रहा है ,दुनिया भर में बचपन को डिजिटल टेक्नोलॉजी द्वारा प्रोग्राम्ड किया जाता है और वही यह तय कर रहा है बच्चे कैसे सीखते हैं और आपस में जुड़ते हैं। हम किसी तकनीक की निंदा नहीं करते हैं। लेकिन यह सच्चाई है और इसका सामना करना होगा। डिजिटल वातावरण दूरगामी लाभों का वादा तो करता है पर बच्चों के स्वास्थ्य और विकास के लिए बहुत ही गंभीर और जोखिम भी पैदा करता है ।कुछ करने के लिए अभी देर नहीं हुई है लेकिन छोटे-छोटे बदलाव करके हम बच्चों को इससे बहुत हद तक बचा सकते हैं। डिजिटल उपकरण लर्निंग कम्युनिकेशन और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में अवसरों का विस्तार कर सकता है विशेष रूप से दूर दराज या संकटग्रस्त क्षेत्रों में रहने वालों बच्चों के लिए और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस में रचनात्मक कम्युनिटी और जुड़ाव की भावना भी देता है। बच्चों की वेल बिल्डिंग के मामले में जेनरेटिव और अव सर दोनों को बढ़ाने वाला जिम्मेदारी से उपयोग किया जाए तो विशेष रूप से बनाए गए आई उपकरण शिक्षा और स्वास्थ्य में सहायक हो सकते हैं। लेकिन रिश्तों एंपैथी या सेल्फ कंट्रोल को लेकर उनका दीर्घकालिक प्रभाव फिलहाल तो स्पष्ट नहीं है । और ऑफलाइन रिश्तो को विस्थापित कर रहा है ।ऑनलाइन यौन शोषण और दूर व्यवहार भी वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है एआई जनित गलत कंटेंट और डीप फेक वाली यौन या पुलिंग वाले सामग्री में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है ।कई प्लेटफार्म तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए बनाए गए हैं। जिसे हानिकारक सामग्री के संपर्क से बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अच्छा नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष:-** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ? में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृष:-** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन:-** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

**कर्क:-** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

**सिंह:-** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्कषचता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

**कन्या:-** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला:-** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ? में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9


**वृश्चिक:-** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु:-** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक ङ्कषचताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग। शुभांक-4-7-8

**मकर:-** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

## दैनिक पंचांग

**3 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2026 वर्ष का 154 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** तृतीया 21.22 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 01.00 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** शुभ 08.12 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 08.13 बजे तदनन्तर विष्टि 21.22 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872729
**जूलियन दिन** 2461194.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 17
**विशेष** गणेश चतुर्थी व्रत।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | वृष में | **मिथुन** | 06.06 बजे से |
| **चंद्र** | धनु में | **कर्क** | 08.20 बजे से |
| **मंगल** | मेष में | **सिंह** | 10.36 बजे से |
| **बुध** | मिथुन में | **कन्या** | 12.48 बजे से |
| **गुरु** | कर्क में | **तुला** | 14.59 बजे से |
| **शुक्र** | मिथुन में | **वृश्चिक** | 17.13 ब.से |
| **शनि** | मीन में | **धनु** | 19.29 बजे से |
| **राहु** | कुंभ में | **मकर** | 21.34 बजे से |
| **केतु** | सिंह में | **कुंभ** | 23.21 बजे से |
| **राहुकाल** | | **मीन** | 00.54 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | **मेष** | 02.24 बजे से |
| बजे तक | | **वृष** | 04.04 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| **लाभ** | 05.54 से 07.22 बजे तक | **उद्वेग** | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| **अमृत** | 07.22 से 08.51 बजे तक | **शुभ** | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| **काल** | 08.15 से 10.19 बजे तक | **अमृत** | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| **शुभ** | 10.19 से 11.47 बजे तक | **चर** | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| **रोग** | 11.47 से 01.16 बजे तक | **रोग** | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| **उद्वेग** | 01.16 से 02.44 बजे तक | **काल** | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| **चर** | 02.44 से 04.12 बजे तक | **लाभ** | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| **लाभ** | 04.12 से 05.41 बजे तक | **उद्वेग** | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# आपदा से पहले तकनीक की चेतावनी






प्रकृति जब अपना निर्णय सुनाती है, तब वह किसी से अनुमति नहीं लेती, किसी कैलेंडर पर तारीख नहीं देखती और न ही किसी महाशक्ति की सीमाओं का सम्मान करती है। भूकम्प, सुनामी, बाढ़, बादल फटना या ज्वालामुखी–इनमें से कोई भी आपदा यह नहीं पूछती कि सामने विकसित राष्ट्र है या विकासशील, गरीब है या अमीर। एक क्षण पहले तक जिस शहर में जीवन अपनी सामान्य गति से चल रहा होता है, अगले ही क्षण वही शहर धूल, मलबे और चीखों में बदल सकता है।

प्रकृति का यही स्वभाव मनुष्य को बार-बार यह याद दिलाता है कि विज्ञान ने भले ही आकाश को नाप लिया हो, समुद्र की गहराइयों में उतर गया हो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नया युग रच दिया हो, लेकिन धरती के भीतर उठने वाली हर हलचल पर उसका अभी भी पूर्ण अधिकार नहीं है।

इसीलिए प्राकृतिक आपदाओं के विरुद्ध मनुष्य की सबसे बड़ी लड़ाई उन्हें रोकने की नहीं, बल्कि उनके सामने अपने नुकसान को कम करने की रही है। वैज्ञानिक आज भी यह निश्चित रूप से नहीं बता सकते कि अगला भूकम्प किस दिन, किस समय और किस स्थान पर आएगा। भविष्यवाणी की यह सीमा विज्ञान की असफलता नहीं, बल्कि प्रकृति की जटिलता का प्रमाण है। किंतु इसी विज्ञान ने एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो शायद भविष्यवाणी से भी अधिक मूल्यवान है–समय से पहले चेतावनी।

पहली नजर में छह सेकंड का समय अत्यंत तुच्छ लगता है। घड़ी की सुई छह बार आगे बढ़ती है और समय बीत जाता है। लेकिन यदि उसी छह सेकंड में कोई बच्चा स्कूल की इमारत से बाहर निकल जाए, कोई ऑपरेशन थिएटर में चल रही शल्य-क्रिया सुरक्षित स्थिति में पहुँच जाए, कोई रेलगाड़ी स्वतः धीमी हो जाए, गैस पाइपलाइन बंद हो जाए या कोई परिवार सीढ़ियों की ओर दौड़ पड़े, तो यही छह सेकंड जीवन और मृत्यु के बीच खड़ी सबसे मजबूत दीवार बन सकते हैं। आपदा प्रबंधन की दुनिया में समय मिनटों में नहीं, सेकंडों में मापा जाता है। वेनेजुएला में हाल में आए विनाशकारी भूकम्प ने इसी सत्य को पूरी दुनिया के सामने नए रूप में रखा। त्रासदी भयावह थी, लेकिन उसके बीच आधुनिक तकनीक ने आशा की एक किरण भी दिखाई। गूगल की भूकंपीय पहचान प्रणाली ने भूकम्प के तीव्र झटके आने से लगभग छह सेकंड पहले लाखों एंड्रॉयड उपयोगकताओं के मोबाइल फोन पर चेतावनी भेज दी। लगभग 1.14 करोड़ लोगों तक पहुँचा यह संदेश केवल एक डिजिटल सूचना नहीं था; वह समय का वह छोटा-सा उपहार था, जो असंख्य लोगों को स्वयं को सुरक्षित करने का अवसर दे सकता था।

भूकंप का पहला संकेत अब केवल वैज्ञानिक उपकरण ही नहीं, करोड़ों एंड्रॉयड फोन भी पहचानने लगे हैं। जैसे ही धरती के भीतर से भूकंपीय तरंगें फैलती हैं, मेज या फर्श जैसी स्थिर सतह पर रखे फोन अपनेएक्सेलेरोमीटर सेंसरसे असामान्य कंपन दर्ज कर गूगल के सर्वर को सूचना भेज देते हैं। लाखों फोनों से प्राप्त आँकड़ों का त्वरित विश्लेषण यह तय करता है कि वास्तव में भूकंप आ रहा है या नहीं। यही सामूहिक डिजिटल नेटवर्क कुछ अमूल्य सेकंड पहले जीवनरक्षक चेतावनी जारी करने में सक्षम बनता है।

गूगल की भूकंप चेतावनी प्रणाली आज लगभग 100 देशों में सक्रिय है और उन क्षेत्रों में भी जीवनरक्षक भूमिका निभा रही है, जहाँ कोई राष्ट्रीय पूर्व चेतावनी तंत्र मौजूद नहीं है। 25 जून को वेनेजुएला में आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के भीषण भूकंपों से पहले इसने लगभग1.14 करोड़एंड्रॉयड उपयोगकताओं को समय रहते अलर्ट भेजा। यह केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में लाखों लोगों को स्वयं को सुरक्षित करने का अमूल्य अवसर था। गूगल सामान्यतः 4.5 या उससे अधिक तीव्रता वाले संभावित विनाशकारी भूकंपों पर ही चेतावनी जारी करता है। चूँकि दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत स्मार्टफोन एंड्रॉयड आधारित हैं, इसलिए यह प्रणाली उन देशों के लिए भी एक प्रभावी सुरक्षा कवच बन गई है, जहाँ अभी तक सरकारी भूकंप चेतावनी व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी है।

यह केवल दूर देशों की चिंता नहीं, भारत के लिए भी एक गंभीर चेतावनी है। देश का लगभग60 प्रतिशत भूभागकिसी न किसी स्तर के भूकम्पीय जोखिम वाले क्षेत्र में स्थित है। हिमालयी क्षेत्र, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर-पूर्व, गुजरात और अनेक अन्य इलाके निरंतर भूगर्भीय अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। हमारी सामूहिक स्मृति आज भी 1988के बिहार-नेपाल, 1993 के लातूर, 2001 के भुज, 2005 के कश्मीर, 2011 के सिक्किम, 2015 के नेपाल-भारत सीमा, तथा2021 और 2025 के असमके भूकम्पों की पीड़ा से मुक्त नहीं हो सकी है। इसी तरह2004 कीसुनामी, 2013 की केदारनाथ त्रासदी, 2023 का जोशीमठ भू-धंसाव, और हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ती बाढ़, बादल फटने तथा भूस्खलन की घटनाएँ स्पष्ट संकेत देती हैं कि भारत में आपदाएँ अपवाद नहीं, बल्कि लगातार उपस्थित यथार्थ हैं। ऐसे में हमारे लिए सबसे बड़ी सुरक्षा समय पर चेतावनी और सतत तैयारी ही है।

विज्ञान ने मानवता को एक ऐसा अमूल्य वरदान दिया है, जो भूकम्प की भविष्यवाणी तो नहीं करता, पर असंख्य जीवन बचाने की क्षमता रखता है–प्रारंभिक चेतावनी (अर्ली वार्निंग)। आपदाओं के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार राहत कार्य नहीं, बल्कि समय रहते पहुँची चेतावनी है। भूकम्प को रोका नहीं जा सकता, लेकिन कुछ सेकंड पहले मिला संकेत बच्चों को कक्षा से बाहर, शल्यकक्ष में चिकित्सकों को सतर्क, रेलगाड़ियों को धीमा और गैस पाइपलाइन तथा बिजली संयंत्रों को सुरक्षित स्थिति में पहुँचा सकता है। कई बार जीवन और मृत्यु के बीच कोई विशाल दीवार नहीं, बल्कि समय पर पहुँचा एक संदेश खड़ा होता है।

इसी सोच ने आधुनिक आपदा प्रबंधन की दिशा बदल दी है। अब लक्ष्य केवल राहत पहुँचाना नहीं, बल्कि जोखिम को पहले ही कम करना है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उपग्रह, सेंसर नेटवर्क और स्मार्ट तकनीक इस दिशा में नई संभावनाएँ खोल रहे हैं। किंतु तकनीक तभी प्रभावी होगी, जब उसके साथ भूकम्परोधी निर्माण, कठोर सुरक्षा मानक, सक्षम प्रशासन, नियमित मॉक ड्रिल और जागरूक नागरिकों की भागीदारी जुड़ी हो। अर्ली वार्निंग केवल एक अलर्ट नहीं, बल्कि विज्ञान, शासन और समाज के समन्वय से निर्मित जीवनरक्षक सुरक्षा-कवच है।

प्राकृतिक आपदाओं के विरुद्ध मनुष्य की सबसे बड़ी जीत उन्हें रोक देने में नहीं, बल्कि उनके आने से पहले स्वयं को तैयार कर लेने में है। इतिहास गवाह है कि भूकंप, सुनामी, बाढ़ या चक्रवात सबसे अधिक विनाश वहाँ नहीं करते जहाँ उनकी तीव्रता अधिक होती है, बल्कि वहाँ करते हैं जहाँ तैयारी सबसे कम होती है। इसलिए आपदा प्रबंधन का पहला सिद्धांत है–आपदा से पहले की तैयारी ही असली सुरक्षा है।

भारत में भी अब ऐसी प्रणालियाँ विकसित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से आपातकालीन स्थिति में प्रत्येक मोबाइल फोन तक समय रहते चेतावनी पहुँच सके। यह एक स्वागतयोग्य पहल है, किंतु केवल तकनीक विकसित कर लेना पर्याप्त नहीं होगा। चेतावनी तभी सार्थक होगी, जब उसे प्राप्त करने वाला नागरिक यह जानता हो कि अगले कुछ सेकंड में उसे क्या करना है, और प्रशासन यह जानता हो कि अगले कुछ मिनटों में उसे कैसे कार्य करना है।

भारत की सबसे बड़ी चुनौती अक्सर संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि समन्वय की कमी रही है। अनेक आपदाओं में देखा गया है कि विभिन्न विभाग समान लक्ष्य के बावजूद अलग-अलग दिशाओं में काम करते हैं। इसलिए केवल नागरिकों को ही नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रत्येक अधिकारी, पुलिस, अग्निशमन दल, स्वास्थ्य सेवाओं, स्थानीय प्रशासन और संचार एजेंसियों को नियमित संयुक्त प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल से गुजरना होगा। तकनीक तभी जीवन बचाती है, जब उसके साथ अनुशासित व्यवस्था, त्वरित निर्णय और संस्थागत समन्वय जुड़ा हो। आपदा के समय सबसे बड़ी परीक्षा उपकरणों की नहीं, बल्कि तैयारी, नेतृत्व और सामूहिक उत्तरदायित्व की होती है। यही वह क्षेत्र है, जहाँ भारत को अभी लंबी दूरी तय करनी है। आज सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि अगला भूकंप कब आएगा। यह प्रश्न अभी भी विज्ञान की पहुँच से बाहर है। वास्तविक प्रश्न यह है कि जब धरती के भीतर कंपन शुरू हो, तब चेतावनी मनुष्य तक कितनी जल्दी पहुँच सकती है। यदि यह चेतावनी छह सेकंड पहले पहुँचती है, तो वह छह सेकंड केवल समय नहीं होते; वे किसी बच्चे की साँस, किसी माँ की सुरक्षा, किसी अस्पताल के मरीज, किसी पुल पर दौड़ती रेलगाड़ी और किसी पूरे परिवार के भविष्य में बदल जाते हैं। आपदा प्रबंधन का सबसे बड़ा हथियार राहत सामग्री नहीं, बल्कि समय है।

मानव सभ्यता ने हजारों वर्षों में प्रकृति को समझने की कोशिश की है। हमने नदियों पर बाँध बनाए, समुद्र को मापा, अंतरिक्ष में उपग्रह भेजे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का युग रच दिया। फिर भी धरती के गर्भ में कब तनाव पैदा होगा और वह किस क्षण भूकंप का रूप ले लेगा, इसका सटीक उत्तर अभी भी हमारे पास नहीं है। यह विज्ञान की सीमा अवश्य है, लेकिन यही सीमा उसकी अगली चुनौती भी है।

आने वाले समय में वैज्ञानिक अनुसंधान का सबसे बड़ा लक्ष्य केवल भूकंप का अध्ययन नहीं, बल्कि ऐसी तकनीकों का विकास होना चाहिए जो धरती की सूक्ष्मतम हलचलों को पहले ही पहचान सकें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम सेंसर, उपग्रह, भू-वैज्ञानिक नेटवर्क और वैश्विक डेटा विश्लेषण मिलकर ऐसा तंत्र विकसित करें कि चेतावनी केवल छह सेकंड पहले नहीं, बल्कि शायद तीस सेकंड या एक मिनट पहले पहुँच सके। आपदा के समय अतिरिक्त मिला हर सेकंड मानव जीवन के पक्ष में लिखा गया एक नया अध्याय होगा।

दरअसल, सभ्यता की असली पहचान उसकी ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों या तेज अर्थव्यवस्था से नहीं होगी। उसकी पहचान इस बात से होगी कि संकट की घड़ी में वह अपने नागरिकों को कितनी शीघ्रता से सचेत कर सकती है। जिस दिन विज्ञान धरती की पहली कराह को सुनकर समय रहते पूरी मानवता को आगाह कर सकेगा, उस दिन तकनीक केवल सुविधा का साधन नहीं रहेगी; वह जीवन की सबसे विश्वसनीय संरक्षक बन जाएगी। विज्ञान से मानवता की यही सबसे बड़ी अपेक्षा है किवह शायद भूकंप को रोक न सके, लेकिन इतना अवश्य कर दे कि जब धरती काँपे, तब चेतावनी उससे पहले पहुँच जाए क्योंकि अनेक बार जीवन और मृत्यु के बीच कोई विशाल दीवार नहीं होती; केवल समय पर मिली एक चेतावनी होती है।

आने वाले वर्षों में किसी देश की तकनीकी प्रगति का आकलन केवल उसकी आर्थिक वृद्धि या डिजिटल सेवाओं से नहीं होगा, बल्कि इस बात से भी होगा कि संकट की घड़ी में उसकी तकनीक अपने नागरिकों को कितने सेकंड पहले सचेत कर सकती है। क्योंकि कभी-कभी इतिहास वर्षों में नहीं बदलता बल्किवह केवल छह सेकंड में बदल जाता है।

# खेल कूटनीति: बास्केटबॉल से अमेरिका-भारत निकटता

**चार्वी अरोड़ा**

भारत के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों की एक पीढ़ी के लिए अमेरिका नक्शे पर भले ही दूर हो पर उन्हें वह कहीं करीब महसूस होता है। वे सोशल मीडिया पर नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) के मशहूर खिलाड़ियों को फॉलो करते हैं, यूट्यूब पर उनके खेल की बारीकियों का अध्ययन करते हैं, अपने पसंदीदा खिलाड़ियों पर चर्चा करते हैं और दुनिया के सबसे बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखते हैं।

मई 2026 में यह जुड़ाव नई दिल्ली स्थित अमेरिकन सेंटर में आयोजित फ्रीडम 250 स्लैम डंक एक्सपीरियंसह्व के दौरान साकार हुआ। दिल्ली के स्कूलों और बास्केटबॉल अकादमियों से आए 150 से अधिक विद्यार्थी एनबीए के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए एकत्र हुए। एनबीए अमेरिका की प्रमुख पेशेवर बास्केटबॉल लीग है और खेल के मशहूर बास्केटबॉल खिलाड़ियों का ठिकाना है।

यह कार्यक्रम फ्रीडम 250 समारोहों के तहत आयोजित किया गया था, जो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक पहल है। नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी पेशेवर बास्केटबॉल टीम सैक्रामेंटो किंग्स के साथ साझेदारी कर विद्यार्थियों को बास्केटबॉल खेल, इस खेल में कुशल बनने और साझा आकांक्षाओं के माध्यम से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

### भारत में बास्केटबॉल की बढ़ती पहचान



जब विद्यार्थियों से उनके बास्केटबॉल नायकों के बारे में पूछा जाता है तो वे तुरंत जवाब देते हैं: स्टीफन करी, कोबी ब्रायंट, एलन आइवरसन, डेविन बुकर और जियानिस एंटेटोकाउनम्पो। ये नाम अलग-अलग युगों, टीमों और खेलने की शैलियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बास्केटबॉल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं।

कार्यक्रम के प्रतिभागियों में से एक अफ्युपांग मिश्रा के लिए एंटेटोकाउनम्पो प्रेरणा के स्रोत हैं। मिश्रा मिल्वॉकी बक्स के इस स्टार खिलाड़ी की प्रशंसा करते हैं ह्लक्योंकि वह बहुत प्रभावशाली हैं। कार्यक्रम में शामिल कई युवा खिलाड़ियों की तरह वह भी भारत के बाहर पेशेवर स्तर पर खेलने और अंततः खेल के सर्वोच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की आशा रखते हैं।

ऐसी महत्वाकांक्षाएं पूरे दिन कार्यक्रम के दौरान एक साझा विषय बनी रहीं। नेहरू वर्ल्ड स्कूल के 16 वर्षीय खिलाड़ी कृष्णा सिंह, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है, एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहते हैं। वह कहते हैं, मेरा लक्ष्य एनबीए तक पहुंचना है। उनके सहपाठी मयंक त्यागी का लक्ष्य भी कुछ ऐसा ही है। वह कहते हैं, ह्लमैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं लेकिन मेरा मुख्य लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना है।

पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने शूटिंग, पासिंग और ड्रिब्लिंग स्टेशनों पर अभ्यास किया और सैक्रामेंटो किंग्स के कोच तथा दिल्ली के अन्य खिलाड़ियों से बातचीत की। कई विद्यार्थियों के लिए इस अनुभव ने उनके इस विश्वास को और मजबूत किया कि भारत में बास्केटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है।

नेहरू वर्ल्ड स्कूल की रुद्राक्षी वर्मा कहती हैं,ह्लभारत में बास्केटबॉल बढ़ रहा है और इसका वास्तव में भविष्य है।ह्व उनका मानना है कि यह खेल ऐसे सबक सिखाता है जो खेल प्रदर्शन से कहीं आगे हैं। वह कहती हैं, ह्लयह सिर्फ खेल के बारे में नहीं है। हमें इससे नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलता है, नई तरह की चीजें सीखने को मिलती हैं, हम खेल भावना सीख पाते हैं, जो हम किताबों या किसी अकादमिक शिक्षा से नहीं सीख सकते।ह्व

शिव नादर स्कूल की सिमरन एनबीए के महान खिलाड़ी कोबी ब्रायंट से प्रेरणा लेती हैं, जिनकी समर्पण भावना और अनुशासन आज भी दुनिया भर के खिलाड़ियों को प्रभावित करते हैं। ब्रायंट की प्रसिद्ध ह्लमाम्बा मेंटैलिटीह्व-एक ऐसा दर्शन जो निरंतर आत्म-सुधार और दृढ़ता पर आधारित है- उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

### एनबीए दिग्गज से प्रशिक्षण

विद्यार्थियों ने एनबीए दिग्गज हॉल ऑफ फेमर व्लाडे डीवॉत्स की बातें भी सुनीं, जिनके लॉस एंजिलिस लेकर्स, शार्लट हॉर्नेट्स और सैक्रामेंटो किंग्स के साथ कॅरियर ने उन्हें बास्केटबॉल के सबसे प्रसिद्ध पहचान वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में से एक बनाने में मदद की। प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए डीवॉत्स ने जोर दिया कि सफलता इस बात से निर्धारित नहीं होती कि कोई व्यक्ति कहां से शुरूआत करता है। अपने जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ह्लइससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका जन्म कहां हुआ है। आप अपने सपनों को किसी भी तरह हासिल कर सकते हैं लेकिन आपको सही काम करने होंगे।

डीवॉत्स ने खेल और अकादमिक शिक्षा के बीच संतुलन के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह समर्पण युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, ह्लयदि आप खेल से प्यार करते हैं, कड़ी मेहनत करते हैं और स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बास्केटबॉल निश्चित रूप से आपको एनबीए खिलाड़ी बनने का रास्ता देता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों के लिए संदेश स्पष्ट था- प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन प्रतिबद्धता और तैयारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। डीवात्स ने प्रतिभागियों को याद दिलाया कि जो लोग अपने विकास में निवेश करने के लिए तैयार रहते हैं, उनके लिए अवसर अप्रत्याशित स्थानों से भी उभर सकते हैं। उन्होंने कहा, ह्लयदि आप खेल से प्यार करते हैं, अपने खेल पर मेहनत करते हैं और अपने खेल को विकसित करते हैं तो आगे चलकर, कौन जानता है, आप एनबीए तक पहुंच सकते हैं।

### अमेरिकाझ्रभारत खेल कूटनीति का जीवंत उदाहरण

बास्केटबॉल कौशल से आगे बढ़कर इस कार्यक्रम ने सार्थक संवाद के अवसर भी प्रदान किए। कई विद्यार्थियों ने कहा कि अमेरिकी प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत ने उन्हें खेल से जुड़े लोगों और उनके दृष्टिकोण को बेहतर ढंग से समझने का अवसर दिया। विद्यार्थी प्रतिभागी थियो ने कहा कि कार्यक्रम की सबसे खास बात इसकी आपसी संवाद की प्रकृति थी। वह कहती हैं, ह्लउन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी अलग-थलग महसूस न करे। यह बहुत समग्र अनुभव था।

# आदेश गोयल के नेतृत्व में श्री श्री विश्वविद्यालय की नई शुरूआत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



रांची। वैश्विक नेतृत्व, मानव संसाधन प्रबंधन और संगठन निर्माण के क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रख्यात कॉर्पोरेट विशेषज्ञ श्री आदेश गोयल ने बुधवार को ओड़िशाके कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय के नए कुलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कुलाध्यक्षा प्रोफेसर रजिता कुलकर्णी ने आयोजित विदाई समारोह (ऑनरिंग द लेगेसी, इंस्पायरिंग द फ्यूचर) में उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। बिट्स पिलानी से प्रबंधन अध्ययन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त श्री गोयल को विश्व के पांच महाद्वीपों में कार्य करने का व्यापक अनुभव है। उन्होंने ह्यूजेस सॉफ्टवेयर सिस्टम्स में मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) तथा मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) के रूप में कार्य किया। उनके नेतृत्व में कंपनी 10 हजार से अधिक कर्मचारियों वाली संस्था बनी और सफलतापूर्वक अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) भी पूरा किया। इसके बाद उन्होंने टाटा कम्युनिकेशंस में 14 वर्षों तक वैश्विक मानव संसाधन प्रमुख के रूप में सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने 40 देशों में कार्यरत 15 हजार से अधिक कर्मचारियों के मानव संसाधन प्रबंधन का नेतृत्व किया। उनकी उपलब्धियों का उल्लेख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित दो पुस्तकों 'टैलेंट विंस' और 'द इनसाइड गिग' में भी किया गया है। अपने करियर के शुरूआती दौर में उन्होंने सी-डॉट में भारत की दूरसंचार क्रांति के प्रमुख सूत्रधार सैम पित्रोदा के प्रमुख सहयोगी के रूप में कार्य किया। वर्तमान में वह स्पायर एआई, रिपल एआई तथा वर्ल्ड फोरम फॉर एथिक्स इन बिजनेस के सलाहकार मंडल के सदस्य हैं। इसके अलावा, वे गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं स्वयंसेवी प्रशिक्षक के रूप में नेतृत्व विकास, सुखमय जीवन और समग्र कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। निवर्तमान कुलाध्यक्षा प्रोफेसर रजिता कुलकर्णी, कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) तेजप्रताप तथा कार्मिक निदेशक स्वामी सत्यचैतन्य ने विश्वास व्यक्त किया कि आदेश गोयल का व्यापक अनुभव और प्रभावी नेतृत्व श्री श्री विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास

गोरखपुरः रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर- पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 01 जुलाई,2026 को राजकीय रेलवे पुलिस एवं अपराध आसूचना शाखा,लखनऊ द्वारा संयुक्त निगरानी के दौरान लखनऊ चारबाग पार्सल कार्यालय के पीछे से एक शातिर अपराधी को यात्रियों से चोरी किये गये 02 अदद् मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। 01 जुलाई,2026 को अपराध आसूचना शाखा,गोण्डा द्वारा गाड़ी संख्या-22537 के कोच संख्या एस-3 में यात्रा कर रहे 02 पुरूष यात्रियों को अन्य व्यक्तियों के नाम पर बुक एडिट ई-टिकट पर यात्रा करते हुये पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त अपराधा आसूचना शाखा छपरा द्वारा सीवान रेलवे आरक्षण केन्द्र से एक व्यक्ति को 08 अदद ई-टिकटों के साथ रेलवे आरक्षण टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर गिरफ्तार किया गया। 01 जुलाई,2026 को रेलवे सुरक्षा बल,कन्नौज को प्लेटफार्म संख्या-1 पर लगभग 14 वर्ष की एक नाबालिग बालिका डरी-सहमी हालत में मिली,जिसे चाइल्ड लाइन,कन्नौज को सुपुर्द किया गया। 01 जुलाई,2026 को रेलवे सुरक्षा बल,बस्ती को गाड़ी संख्या-12512 में यात्री का छूटा एक बैग मिला,जिसे बस्ती पोस्ट पर रखा गया, वहाँ से यात्री को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को गाड़ी संख्या-12556 में यात्री का छूटा एक मोबाइल मिला,जिसे गोरखपुर पोस्ट पर जमा किया गया। वहाँ से यात्री के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया गया।

## कैबवे साइड पर 'आई लव गोरखपुर' का सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया




गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा गोरखपुर जंक्शन स्टेशन के गेट संख्या-1 के निकट तथा प्लेटफार्म सं0 09 के निकट कैबवे साइड पर 'आई लव गोरखपुर' का सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया है। एलईडी प्रकाश से सजा यह मॉडल अपनी आधुनिक डिजाइन और भव्यता के कारण यात्रियों, विशेषकर युवाओं व पर्यटकों को सेल्फी लेने के लिए काफी आकर्षित कर रहा है। स्टेशन पर आगमन के साथ ही यह सेल्फी पॉइंट गोरखपुर शहर के प्रति लगाव व गर्व की भावना को दशार्ता है। मण्डल रेल प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि यह पहल 'स्वच्छ व सुंदर स्टेशन' अभियान के अंतर्गत स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक प्रयास है। इससे न केवल स्टेशन की शोभा बढ़ी है, बल्कि यात्री अपनी यात्रा को यादगार बनाकर गोरखपुर की सकारात्मक छवि देश-विदेश तक पहुंचा रहे हैं।

## रोटरी रामगढ़ सिटी के अध्यक्ष बने रोटेरियन राजू अग्रवाल, सचिव बनीं रोटेरियन सुमन चौधरी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



रामगढ़। समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाने वाले रोटरी रामगढ़ सिटी ने नए सत्र के लिए अपने नए नेतृत्व की घोषणा की। क्लब के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य रोटेरियन राजू अग्रवाल ने अध्यक्ष तथा रोटेरियन सुमन चौधरी ने सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया। नए नेतृत्व के साथ क्लब ने सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकारों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।पदभार ग्रहण करने के उपरांत अध्यक्ष रोटेरियन राजू अग्रवाल ने कहा कि रोटरी का मूल उद्देश्य मानवता की निस्वार्थ सेवा है और इसी भावना को केंद्र में रखकर क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास तथा जरूरतमंदों के कल्याण हेतु अनेक जनहितकारी परियोजनाओं को गति देगा। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग और टीम भावना के साथ रोटरी रामगढ़ सिटी समाज सेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।नवनिर्वाचित सचिव रोटेरियन सुमन चौधरी ने कहा कि क्लब की प्रत्येक गतिविधि को व्यवस्थित, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सदस्यों के सहयोग से आगामी सत्र सेवा, सौहार्द और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा।इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने नए अध्यक्ष एवं सचिव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में रोटरी रामगढ़ सिटी सेवा के नए आयाम स्थापित करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक अपनी जनकल्याणकारी गतिविधियों का विस्तार करेगा और ह्लरी१५्री अुङ्क्ष्५ी री'ाह्व की भावना को और अधिक सशक्त रूप से साकार करेगा।क्लब के सभी रोटेरियन सदस्य उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अभिभावक डॉक्टरों का विशेष सम्मान



रामगढ़। डॉक्टर्स डे के अवसर पर श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ कैंट में विद्यालय के अभिभावक डॉक्टरों को उनके अमूल्य योगदान एवं मानव सेवा के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा सातवीं की छात्रा माही कुमारी के पिता डॉ रंजीत कुमार तथा कक्षा छठी की छात्रा काव्या गुप्ता के पिता डॉ मनोज कुमार गुप्ता कार्यक्रम का प्रमुख हिस्सा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान से हुआ। विद्यालय के छात्रझ्रछात्राओं ने उनके सम्मान में स्वनिर्मित पुष्पगुच्छ बनाकर उन्हें भेंट किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री हरजाप सिंह जी ने सभी डॉक्टरों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए समाज में उनके निस्वार्थ भाव से सेवा करने की भूरिझ्रभूरि प्रशंसा की एवं उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने डॉक्टरों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए गीत, भाषण एवं शुभकामना संदेश प्रस्तुत किए। डॉक्टरों ने भी विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी ने डॉक्टरों के निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना करते हुए उन्हें डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएँ दीं। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा।

## राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के बीसीए छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की ऑल इंडिया रैंक



रामगढ़। राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ के कंप्यूटर साइंस एवं टेक्नोलॉजी विभाग के बीसीए (सत्र 2023झ्र27) के प्रतिभाशाली छात्र शिवम कुमार सिंह ने एमसीए कॉमन इंट्रेंस टेस्ट- 2026 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (ठक्ळ), तिरुचिरापल्ली की राष्ट्रीय स्तर की चयन परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 278 प्राप्त कर विश्वविद्यालय, अपने परिवार तथा पूरे झारखंड का गौरव बढ़ाया है।शिवम कुमार सिंह, मिथलेश कुमार सिंह के सुपुत्र हैं तथा हीरक नगर, रांची रोड, रामगढ़ के निवासी हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने शिवम कुमार सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता कठिन परिश्रम, लगन, अनुशासन तथा विश्वविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो(डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने शिवम कुमार सिंह को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल कर विश्वविद्यालय एवं देश का नाम रोशन करेंगे।शिवम कुमार सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा राधा गोविन्द विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट शैक्षणिक मार्गदर्शन और अनुकूल वातावरण को दिया।

## आठ दिनों से खड़े कोयला लदे ट्रकों को छोड़ने की मांग, कारोबारियों ने तोपा पीओ को सौंपा ज्ञापन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



कुजू। सीसीएल तोपा परियोजना में पिछले आठ दिनों से कोयला लदे ट्रकों को खड़ा रखे जाने के विरोध में गुरुवार को कोयला कारोबारियों, अधिकृत लिफ्टरों और ट्रक मालिकों ने परियोजना पदाधिकारी को आवेदन सौंपकर ट्रकों को शीघ्र छोड़ने की मांग की। झारखंड कोल ट्रेडर्स ट्रस्ट के अध्यक्ष काशीनाथ महतो के नेतृत्व में दर्जनों कारोबारी एवं ट्रक मालिक तोपा परियोजना कार्यालय पहुंचे और परियोजना पदाधिकारी सुशील कुमार सिंह से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि कोयला लदे ट्रकों को बिना उचित कारण लंबे समय तक रोककर रखना गैरकानूनी है, जिससे कारोबारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

परियोजना पदाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा डिस्पैच ऑफिसर निलेश कुमार ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि कोयला लदे सभी ट्रकों के दस्तावेजों की जांच जिला स्तर के सक्षम अधिकारियों से कराई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इधर, जानकारी के अनुसार एमवीआई ने तोपा परियोजना कांटाघर पहुंचकर कोयला लदे ट्रकों के सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच भी की।

इस अवसर पर झारखंड कोल ट्रेडर्स ट्रस्ट के अध्यक्ष काशीनाथ महतो, दानिश खान, मुकेश अगरिया, संजय मोदी, अवधेश कुमार, किशोर करमाली, रंजीत सिंह, मो. इस्लाम, जाहिद अंसारी, नीरज सिंह, दामोदर सिंह, सदानंद महतो, इमरान, सुजात, आतीक, बबन, रघुनंदन केशरी, समीम, सलमान, लुकमान सहित बड़ी संख्या में कोयला कारोबारी, डीओधारक, लिफ्टर एवं ट्रक मालिक उपस्थित थे।

फोटो कैप्शनः तोपा परियोजना पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते कोयला कारोबारी, लिफ्टर एवं ट्रक मालिक।


## इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ ने रचा नया कीर्तिमान, सभी 8 श्रेणियों में प्राप्त किए प्रतिष्ठित पुरस्कार



उज्जवल दुनिया संवाददाता

रामगढ़। इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के लिए यह वर्ष अत्यंत गौरवपूर्ण और भावनात्मक रहा। क्लब ने अपने उत्कृष्ट कार्यों, समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के बल पर वार्षिक सम्मान समारोह में सभी 8 प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।क्लब को निम्नलिखित सम्मान प्राप्त हुए बेस्ट क्लब बेस्ट फाइल कीपिंग,5 सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट्स के लिए प्रमाण-पत्र,आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट नमिता श्रॉफ, एफिशिएंट सेक्रेटरी जनेशा वडेरा,एफिशिएंट ट्रेजरर मेघा बगारिया ,बेस्ट आई.एस.ओ.निधि चौधरी, बेस्ट एडिटर नीरू साहनी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर क्लब की अध्यक्षा नमिता श्रॉफ ने कहा कि ये पुरस्कार केवल ट्रॉफियां नहीं हैं, बल्कि पूरे वर्ष सभी सदस्यों द्वारा किए गए अथक परिश्रम, समर्पण, एकजुटता और सेवा भावना का सम्मान हैं।उन्होंने क्लब के प्रत्येक सदस्य का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों के विश्वास, सहयोग और निरंतर उत्साहवर्धन ने टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास दिया। यही सामूहिक प्रयास इन ऐतिहासिक

## रामगढ़ जिलालय में हुआ मुनि सुयश सागरजी का मंगल प्रवेश



रामगढ़। शहर के मेन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में परम पूज्य आचार्य भगवन, गणाचार्य, एवं चर्या शिरोमणि मुनिश्री विशुद्ध सागर जी के परम पूज्य शिष्य मुनिश्री 108 सुयश सागर जी एवं मुनिश्री 108 कौशल्य सागर जी का मंगल प्रवेश हुआ। ज्ञात रहे कि मुनिश्री का विहार झुमरी तिलैया की ओर हो रहा है जहाँ इनका चातुर्मास होना सुनिश्चित हुआ है। मुनिश्री के नगर प्रवेश पर उनकी भव्य अगवानी की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में जैनागम का ध्वज लेकर झूमते गाते शामिल हुए । जिलालय प्रवेश पर उनका पाद प्रक्षालन हुआ। प्रवेश के बाद अपने प्रवचन में मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य अपने अपराधों को दूसरों से छिपा सकता है परन्तु स्वयं एवं स्वयंभू अथार्थ भगवान के सामने सच्चाई आ ही जाती है। इसके अलावा मुनिश्री ने जीवन के उद्देश्य एवं आत्म कल्याण के संबंध में अपना सारगर्भित विवेचन भक्तों को बताया । कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि विगत कुछ दिनों से रामगढ़ समाज के सौभाग्य के द्वार खुल गए हैं। इस कारण लगातार साधु-संतों का सानिध्य प्राप्त हो रहा है, जिससे समाज में एक नई आस्था का संचार हो रहा है। बाद में उपस्थित समाज के सदस्यों के साथ मुनिश्री को श्रीफल अर्पित करते हुए श्री सेठी ने मुनिश्री से कुछ दिनों का प्रवास का निवेदन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष राजू पटनी, सुनील छाबड़ा, राजेश चूड़ीवाल, संजय सेठी, निशांत सेठी अनंत सेठी, अशोक चूड़ीवाल, अरविंद सेठी, नितिन पाटनी,राहुल पाटनी ,सुभाष सेठी ने सराहनीय योगदान दिया। मुनिश्री के मंगल प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं उपस्थित थी। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

# सी ए एवं डॉक्टर्स डे पर रोटरी रामगढ़ सिटी ने किया सम्मान

## पौधे लगाए और अंनपूर्णा योजना के तहत जरूरतमंदों को कराया भोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता





रामगढ़। रोटरी रामगढ़ सिटी द्वारा नए सत्र के पहले दिन राष्ट्रीय सीए डे एवं डॉक्टर्स डे के अवसर पर सम्मान समारोह के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं मानव सेवा को समर्पित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने 100 पौधों का रोपण किया तथा अन्नपूर्णा योजना के तहत 150 जरूरतमंद लोगों को भोजन भी कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं चिकित्सकों के समाज के प्रति अमूल्य योगदान का सम्मान करने के साथ-साथ सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था।सीए डे के अवसर पर सीए रोहित शर्मा एवं सीए सोनम शर्मा को उनके उत्कृष्ट पेशेवर योगदान तथा समाज के प्रति समर्पित सेवाओं के लिए अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।वहीं डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉ. शरद जैन एवं डॉ. सौम्या जैन को चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर रोटरी रामगढ़ सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन राजू अग्रवाल ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जबकि चिकित्सक मानव जीवन की रक्षा कर निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि रोटरी केवल सम्मान तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं मानव सेवा के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी निरंतर निर्वहन कर रही है।क्लब सचिव रोटेरियन सुमन चौधरी ने कहा कि रोटरी रामगढ़ सिटी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान करने के साथ-साथ सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सशक्त बनाते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर समाज सेवा की कामना की गई।कार्यक्रम में रोटेरियन किशन बंसल, रोहित पंसारी, अनिल गोयल, विकास अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रवि अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, प्रकाश अग्रवाल, उमेश राजगढ़िया, सुरेश अग्रवाल, भारत गोयल, हरीश कुमार चौधरी, रुपेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, आदर्श चौधरी एवं राजेश अग्रवाल उपस्थित थे।

# रोजगार मेला में 166 युवाओं को मिला ऑफर लेटर, 25 कंपनियों ने किया चयन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पलामू :** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू की ओर से गुरुवार को टाउन हॉल में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता एवं जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। रोजगार मेले में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से 1200 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए।



विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद 411 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें से 166 युवाओं को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को गार्ड, ट्रेनर, स्टोर कीपर, टेक्नीशियन, मशीन ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर रोजगार मिला।इनमें कई पदों पर प्रतिमाह 20 हजार रुपये तक के वेतन का ऑफर दिया गया। उपायुक्त ने कुछ चयनित अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से ऑफर लेटर भी सौंपा। मौके पर उपायुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के बाद सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव रोजगार है। यदि युवाओं को समय पर रोजगार नहीं मिलता है तो उनका कौशल और प्रतिभा प्रभावित होती है। भारत युवाओं का देश है और युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देकर ही विकसित राष्ट्र का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के अधिक से अधिक युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से कौशल विकास कार्यक्रमों का लाभ उठाने और बेहतर भविष्य के लिए स्वयं को लगातार तैयार रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के पदाधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे।

## भाजपा ने की व्यापारिक संगठनों और आम नागरिकों से बंद को समर्थन देने की अपील

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** बिष्टुपुर के हिमांशु सिंह हत्याकांड और शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने 03 जुलाई को जमशेदपुर बंद का आह्वान किया है। गुरुवार को साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी नेताओं ने कहा कि यह बंद किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि शहर में बेहतर कानून-व्यवस्था और सुरक्षित माहौल की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अभय सिंह, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह



और जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद थे। प्रदेश प्रवक्ता अभय सिंह ने कहा कि हिमांशु सिंह की हत्या ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और आम लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। विधायक पूर्णिमा साहू ने आरोप लगाया कि हत्या, चापड़बाजी, चोरी, छिनतई, नशे के कारोबार और अन्य अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त होता दिख रहा है। महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि भाजपा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने व्यापारिक संगठनों, परिवहन यूनियनों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से बंद को स्वैच्छिक समर्थन देने की अपील की। भाजपा ने स्पष्ट किया कि अस्पताल, एंबुलेंस, दवा दुकानें, दूध और अन्य आवश्यक सेवाएं बंद से मुक्त रहेंगी।

## पलामू में मलय डैम के चैनल की मरम्मत नहीं होने पर सड़क जाम की चेतावनी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पलामू :** जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के किसानों की लाइफलाइन मलय डैम के चैनल संख्या 18 की स्थायी मरम्मत की मांग को लेकर गुरूवार को सतबरवा, सदर और लेस्लीगंज प्रखंड क्षेत्र के किसान उपायुक्त से मिले। उपायुक्त को बताया गया कि चैनल के टूटने के 08 माह बीत जाने के बाद भी मरम्मत नहीं करायी गयी है। पूर्व में भी मरम्मत को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। बरसात का मौसम शुरू हो गया है और किसान खरीफ फसल लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। ऐसे में उनके समक्ष सिंचाई समस्या परेशानी में डाली हुई है। जल्द मरम्मत नहीं की गयी तो किसान सड़क पर उतरकर



आन्दोलन करेंगे और सड़क जाम किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2025 में मलय डैम का 18 नंबर चैनल टूट गया था। इस डैम से तीन प्रखंडों के 105 गांव के लगभग एक लाख 55 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होती है। इनमें सतरबा के 27, मेदिनीनगर सदर के 42 और लेस्लीगंज के 36 गांव शामिल हैं। किसानों ने बताया कि सिंचाई विभाग स्थायी समाधान के बजाय अस्थायी उपायों पर निर्भर है, जिससे उनमें आक्रोश बढता जा रहा है। हालत यह है कि मरम्मत के नाम पर महज 05 छोटी पाइप लगाकर पानी छोड़ने की तैयारी की जा रही है। यह व्यवस्था सिर्फ खानापूर्ति है। पानी के दबाव में कभी भी यह व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में पश्चिमी सिंहभूम सबसे आगे

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूमः** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिला मतदाता गणना प्रपत्रों के वितरण और डिजिटाइजेशन में पूरे झारखंड में पहले स्थान पर पहुंच गया है। जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि का श्रेय निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मनीष कुमार ने गुरुवार को बताया कि जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य तेज गति से जारी है। अब तक 2 लाख 96 हजार 387 गणना प्रपत्र मतदाताओं तक पहुंचाए जा चुके हैं, जो जिले के कुल लक्षित मतदाताओं का 27.34 प्रतिशत है। इस उपलब्धि के साथ पश्चिमी सिंहभूम राज्य में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला जिला बन गया है। वहीं, प्राप्त प्रपत्रों में से 6,036 का बीएलओ ऐप के माध्यम से सफलतापूर्वक डिजिटाइजेशन भी किया जा चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के 39 मतदान केंद्रों पर तकनीकी बाधाओं के कारण ऑनलाइन फॉर्म वितरण संभव नहीं हो सका। ऐसे सभी केंद्रों पर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए ऑफलाइन माध्यम से गणना प्रपत्रों का वितरण कराया गया, जिससे अभियान की रफ्तार प्रभावित नहीं हुई। बीएलओ, सुपरवाइजर और निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि अगले दो दिनों के भीतर कम से कम 50 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण पूरा किया जाए।

## सिक्का गांव की रहस्यमयी मौतों की उच्चस्तरीय जांच कराए सरकार : त्रिपाठी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पलामू :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने जिले के पड़वा प्रखंड अंतर्गत सिक्का गांव में पिछले 15 दिनों के भीतर एक ही परिवार के पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को गुरूवार को पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। इतने दिनों के बाद भी न तो मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाया है और न ही किसी मेडिकल बोर्ड का गठन



किया गया है, जिससे बीमारी की सही पहचान कर भविष्य में अन्य ग्रामीणों को सुरक्षित किया जा सके। त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि इलाज के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई। मरीजों को बिना बीमारी का स्पष्ट कारण बताए अस्पताल से भेज दिया गया। वरिष्ठ चिकित्सकों की उचित निगरानी और सलाह भी उपलब्ध नहीं कराई गई। यदि समय रहते गंभीरता से इलाज किया जाता, तो संभवतः कई अनमोल जानें बचाई जा सकती थीं। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद भी पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से किसी प्रकार की पर्याप्त आर्थिक सहायता या मुआवजा उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और संवेदनहीन रवैया दशार्ता है। पूर्व मंत्री ने सरकार से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, इलाज में लापरवाही बरतने वाले संबंधित चिकित्सकों और अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए एवं पीड़ित परिवार को अविलंब उचित आर्थिक सहायता एवं मुआवजा दी जाए।उन्होंने कहा कि जनता जानना चाहती है कि आखिर एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत किस कारण हुई। सरकार की जिम्मेदारी केवल जांच की घोषणा करना नहीं, बल्कि सच्चाई को सामने लाना और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित करना भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार इस गंभीर मामले में शीघ्र संज्ञान लेकर न्यायसंगत कार्रवाई करेगी।

## डीडी बार हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपित और तीन नाबालिगों को पकड़ा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित डीडी बार के समीप 27 जून 2026 की रात हुए चर्चित हिमांशु सिंह हत्याकांड में पुलिस ने अब तक दो आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ तीन विधि-विरुद्ध नाबालिगों को पकडा है। गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन कर लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि फरार आरोपित गिरफ्तारी के डर से झारखंड छोड़कर अन्य राज्यों में छिपे हुए हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार कार्रवाई कर रही हैं। प्रेस वार्ता में ग्रामीण एसपी शुभम खंडेलवाल, सिटी एसपी ललित मीणा समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे। एसएसपी ने बताया कि 27 जून की देर रात डीडी बार के अंदर हिमांशु सिंह और




प्रत्युष सिंह का विश्वनाथ लोहरा उर्फ बोदरा, सोनु राम सरदार और उनके साथियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद और मारपीट हुई थी। प्रारंभिक स्तर पर मामला शांत हो गया था, लेकिन इसके बाद विश्वनाथ लोहरा ने अपने गांव से अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में उसके साथी धारदार और अन्य घातक हथियारों से लैस होकर पहुंचे और सभी ने मिलकर पूर्व नियोजित तरीके से हिमांशु सिंह और प्रत्युष सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद हमलावरों ने दोनों युवकों पर लगातार वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) भेजा गया, जहां इलाज के दौरान हिमांशु सिंह की मौत हो गई। पीड़ित पक्ष की लिखित शिकायत के आधार पर बिष्टुपुर थाना में 10 नामजद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।एसएसपी ने बताया कि तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, मानवीय आसूचना और अन्य तथ्यों के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 28 जून को आरोपित सोनु राम सरदार उर्फ सोनु मंडल और राज लोहार को गिरफ्तार किया गया। घटना में घायल होने के कारण सोनु राम सरदार का इलाज पहले टीएमएच और बाद में एमजीएम अस्पताल में कराया गया। वहीं राज लोहार को घटना में प्रयुक्त छोटी कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। अनुसंधान के दौरान घटनास्थल से रक्त के नमूने, आरोपितों की छोड़ी हुई रक्तरंजित चप्पल, घटना में प्रयुक्त बाइक, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और डीवीआर जब्त किए गए हैं। इसके अलावा हिमांशु सिंह और प्रत्युष सिंह के रक्तरंजित कपड़े अस्पताल से और आरोपित राज लोहार के रक्तरंजित कपड़े भी साक्ष्य के रूप में जब्त किए गए हैं। पुलिस ने घटनास्थल से बुलेट बाइक संख्या जेएच-05डीसी-0959, वाहन संख्या एमएच-15क्यूसी-2967 और वाहन संख्या जेएच-05 सीडब्ल्यू-9715 को भी जब्त किया है। एसएसपी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर 30 जून को एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया था। इसके बाद 02 जुलाई को दो अन्य विधि-विरुद्ध बालकों को भी निरुद्ध किया गया। सभी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि घटना के दौरान कुछ आरोपितों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल के कार्य में बाधा पहुंचाई, पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की और पुलिस अभिरक्षा में लिए गए एक आरोपित को जबरन छुड़ाकर भगा दिया। इस मामले में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, पुलिस पर हमला करने और आरोपित को अभिरक्षा से छुड़ाने सहित अन्य संबंधित धाराओं में अलग से मामला दर्ज किया गया है। एसएसपी ने कहा कि मामले के सभी फरार आरोपितों की गिरफ्तारी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### विवाह पंजीकरण में रिश्वतखोरी के आरोप, रजिस्ट्री कार्यालय की जांच की मांग



पश्चिमी सिंहभूम : जिला रजिस्ट्री कार्यालय में विवाह पंजीकरण के दौरान कथित अवैध वसूली के आरोपों को लेकर एंटी करप्शन ऑफ इंडिया, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष रामहरि गोप ने गुरुवार को उपायुक्त को लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार विवाह पंजीकरण के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क के अतिरिक्त कुछ कर्मचारियों और कथित बिचौलियों की मिलीभगत से आवेदकों से 500 से 1000 रुपये तक की अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। आरोप है कि जो लोग अतिरिक्त पैसे देने से इनकार करते हैं, उनकी फाइलों में अनावश्यक आपत्तियां लगाकर प्रक्रिया लंबी कर दी जाती है और उन्हें कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण, गरीब और दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है। रामहरि गोप ने कहा कि विवाह पंजीकरण नागरिकों का कानूनी अधिकार है और इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी कर्मचारियों और बिचौलियों की पहचान कर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही कार्यालय में सभी सरकारी शुल्क सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने, प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं ऑनलाइन बनाने तथा प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था लागू करने का भी आग्रह किया है।

### प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का उपायुक्त ने किया उद्घाटन



**पलामू :** पलामू जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित सेवाएं प्रखंड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार से प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का शुभारंभ किया गया। अभियान के प्रथम दिन जिले लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत लेस्लीगंज पंचायत सचिवालय में कैंप का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया इस अवसर पर उपायुक्त ने कैंप में ऑन स्पॉट तैयार किए गए 10 लाभुकों के बीच लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस का वितरण किया। उन्होंने लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल वाहन चलाने की अनुमति नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम के उपरांत भी कैंप में लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया लगातार जारी रही तथा बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया। उपायुक्त ने लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने वाले युवाओं से वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, यातायात नियमों का सम्मान करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश जानें लापरवाही के कारण जाती हैं। यदि सभी नागरिक यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। कैंप में आवेदकों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग द्वारा सभी आवश्यक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गए थे। साथ ही आवेदन एवं लाइसेंस निर्माण कार्य के सुचारू संचालन हेतु पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर ऑपरेटरों की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी, जिससे लाभुकों को त्वरित एवं सहज सेवा उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोद कुमार, लेस्लीगंज अंचलाधिकारी जागो महतो, स्थानीय मुखिया सहित परिवहन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### हत्या पर राजनीति नहीं, अपराधियों की गिरफ्तारी हो प्राथमिकता : सरयू

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा कि हत्या जैसी गंभीर और संवेदनशील घटनाओं को राजनीतिक या व्यक्तिगत लाभ का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 3 जुलाई को प्रस्तावित जमशेदपुर बंद का उद्देश्य किसी सरकार को घेरना नहीं, बल्कि डीडी बार हत्याकांड के फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कराना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। गुरुवार को बिष्टुपुर स्थित अपने आवास पर आयोजित सर्वसमाज एवं सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते हुए सरयू राय ने कहा कि सरकार को इस बंद को अपने खिलाफ नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बंद शहर की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर जनता की चिंता का प्रतीक है। उनका कहना था कि यदि प्रशासन समय पर कार्रवाई करता है तो लोगों का विश्वास भी मजबूत होगा। उन्होंने शहर के सभी व्यवसायियों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और बड़ी कंपनियों से अपील की कि वे शुक्रवार को अपने संस्थान स्वेच्छा से बंद रखें। उनके अनुसार यह बंद किसी संगठन विशेष का नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक संवेदना और अपराध के खिलाफ एकजुटता का संदेश है। उन्होंने सरकारी कार्यालयों से भी इस मुद्दे की गंभीरता को समझने की अपील की। सरयू राय ने कहा कि किसी भी आपराधिक घटना को किसी समाज या राजनीतिक दल से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। ऐसी घटनाओं के विरोध में समाज के सभी वर्गों और सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर आकर अपराध के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी एक समुदाय की घटना पर केवल वही समाज आगे आए और बाकी लोग मौन रहें, तो यह उचित नहीं होगा। उन्होंने शहर में बढ़ रही अड्डेबाजी, जुआ, शराबखोरी और नशाखोरी पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि इन गतिविधियों को पुलिस संरक्षण मिलने के कारण अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है। साथ ही शांति समितियों के गठन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इनमें केवल सक्रिय और जिम्मेदार लोगों को ही शामिल किया जाना चाहिए। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी शिवशंकर सिंह, झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, उषा यादव ,अजय कुमार, संजय मिश्रा, रमेश कुमार, मुश्ताक अहमद, भास्कर मुखी और अंजलि सिंह सहित कई लोगों ने भी अपने विचार रखे।

# वीबी-जी राम जी: 15 दिन में रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता के दावेदार होंगे मजदूर : श्रवण

एजेंसी

**पटना :** विकसित भारत-ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी) का गुरुवार को पटना के अभिवेशन भवन में भव्य शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मनरेगा के 20 वर्षों के लंबे सफर के बाद अब वीबी-जी राम जी के रूप में नई यात्रा की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना के तहत 15 दिन में रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता के दावेदार होंगे मजदूर। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस नई योजना में कामगारों को कई तरीके के लाभ होंगे।



इसमें मुख्य रूप से रोजगार के लिए आवेदन करने वाले कामगारों को निर्धारित समय के भीतर (15 दिन) में काम नहीं दिए जाने पर उन्हें सरकार बेरोजगारी भत्ता देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रथम 30 दिनों के लिए बेरोजगारी भत्ते का दर एक चौथाई और शेष वित्तीय वर्ष के लिए आधा निर्धारित है। अकुशल कामगारों को भुगतान की गई बेरोजगारी भत्ता राशि का वहन राज्य सरकार करेगी और इसकी वसूली उत्तरदायी पदाधिकारी, अभिकरणों से 30 दिन के भीतर की जाएगी। मंत्री कुमार ने बताया कि अकुशल मजदूरों का मास्टर रोल बंद होने पर मजदूरी का भुगतान 15 दिन में नहीं होने पर बकाया राशि का 0.05 फीसदी प्रतिदिन के हिसाब से स्वतः क्षतिपूर्ति देय होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में केंद्र सरकार मांग आधारित फंडिंग करती थी जबकि वीबी-जी राम जी में राज्यों की जनसंख्या, प्रति व्यक्ति आय और पिछड़ापन के आधार पर वित्तीय वर्ष के शुरूआत में ही प्रत्येक राज्य के लिए एक निश्चित बजट बनाने का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना में ग्राम पंचायतों को उनकी स्थानीय आवश्यकताओं एवं विकास इंडेक्स, संसाधनों के आधार पर ए, बी, सी यानी तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विकेंद्रित और स्थानीय योजनाओं को बेहतर बनाने के साथ विकसित भारत 2047 के अनुरूप काम करना है।

मंत्री कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थिति विभागों के पदाधिकारी, जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन ग्रामीण विकास के इतिहास में काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि वीबी-जी राम जी योजना न सिर्फ हमारे प्रदेश के लिए बल्कि देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिक परिवारों के जीवन को बदलना की क्षमता रखती है। मनरेगा और नई योजना वीबी-जी राम जी में कई भिन्नता है।उन्होंने बताया कि मनरेगा में जहां एक वर्ष में 100 दिन के लिए रोजगार की गारंटी मिलती थी वहीं इस नई योजना में अकुशल कामगारों को 125 दिन की रोजगार की गारंटी दी जाएगी। मनरेगा में अकुशल मजदूरी की समस्त राशि का वहन केंद्र सरकार करती थी लेकिन वीबी-जी राम जी में अकुशल मजदूरी मद में 40 फीसदी राशि राज्य सरकार वहन करेगी। कुमार ने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना में नौ महीने के लिए केंद्रांश के रूप में 6715 करोड़ 83 लाख रुपये आवंटित हुए हैं। इसी तरीके से इस योजना को मूर्तरूप देने की दिशा में इसी समयावधि के लिए राज्य सरकार ने 4477 करोड़ 22 लाख रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि जल जीवन हरियाली मिशन के तहत अभी तक राज्य भर में 20 करोड़ से भी अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में 1.25 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में राज्य में किए गए पौधरोपण का ही नतीजा है कि आज हरित क्षेत्र नौ फीसदी से बढ़कर 16 फीसदी तक पहुंच चुका है।

# पारदर्शिता और शुद्धता के साथ पूरा करें जनगणना का प्री-टेस्ट : जिलाधिकारी

एजेंसी

**सारण :** आगामी जनगणना के जनसंख्या गणना पूर्व परीक्षण को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से सोनपुर नगर परिषद सभागार में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों को फील्ड में पूछे जाने वाले प्रश्नों, प्रपत्रों के सही संधारण और डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संकलन की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान नागरिकों से संवाद स्थापित करने के तरीकों तथा संभावित व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर गहन चर्चा की गई। जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी वैभव



श्रीवास्तव ने कहा कि यह देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय गतिविधियों में से एक है, जिसके आधार पर सरकार जनकल्याणकारी नीतियों और विकास योजनाओं का निर्माण करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूर्व परीक्षण का मुख्य उद्देश्य वास्तविक जनगणना से पहले संपूर्ण व्यवस्था का परीक्षण करना तथा कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करना है। जिलाधिकारी ने सभी कर्मियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिला नोडल अधिकारी सह डीएसओ अंजनी कुमार लाल को अपनी टीम के साथ सक्रिय रहने तथा प्रतिदिन सत्र की समाप्ति पर जांच परीक्षा आयोजित करने की हिदायत दी।

# 11 करोड़ का पुल अधूरा, दूल्हे को नाव और कंधों के सहारे पहुंचना पड़ा दुल्हन के घर

एजेंसी

**किशनगंज :** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड की दिगली-दल्लेगांव पंचायत में करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे पुल के अधूरे रहने का खामियाजा ग्रामीण आज भी भुगत रहे हैं। हाल ही में एक शादी समारोह के दौरान दूल्हे को अपनी बारात के साथ मेची नदी नाव से पार करनी पड़ी। नदी पार करने के बाद ग्रामीणों ने दूल्हे को कंधों पर उठाकर दूसरी ओर पहुंचाया।

इस घटना ने क्षेत्र में अधूरे पड़े पुल निर्माण और विकास कार्यों की हकीकत को एक बार फिर उजागर कर दिया। जानकारी के अनुसार, बारात जब मेची नदी के किनारे पहुंची तो आगे जाने के लिए कोई सुगम रास्ता नहीं था। ऐसे में पहले दूल्हे को नाव के सहारे नदी का



एक हिस्सा पार कराया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने उसे कंधों पर बैठाकर दुल्हन के घर तक पहुंचाया। इस दौरान मौजूद लोगों ने पूरी घटना का वीडियो भी बनाया, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि दिगली से दल्लेगांव को जोड़ने वाले पुल का निर्माण कार्य 28 जनवरी 2021 को शुरू हुआ था। निर्माण कार्य जनवरी 2023 तक पूरा होना था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी पुल पूरी तरह चालू नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस परियोजना पर करीब 11 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, बावजूद इसके पुल के दोनों ओर का संपर्क मार्ग और अन्य कार्य अधूरे पड़े हैं। दल्लेगांव पंचायत के हजारों ग्रामीणों के लिए यह पुल आवागमन की महत्वपूर्ण कड़ी है।

## खगड़िया रेल मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चला रेलवे स्टेशन और परिसर में सघन जांच अभियान



एजेंसी

**सहरसा :** समस्तीपुर डिविजन अंतर्गत खगड़िया रेलवे न्यायालय के मजिस्ट्रेट मो काजिब गुरुवार को सहरसा रेलवे जंक्शन पहुंचे। उनके साथ रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे। जिसके बाद उनके नेतृत्व में आरपीएफ और जीआरपी के सहयोग से सहरसा रेलवे जंक्शन के सभी पांच प्लेटफार्म, परिसर और परिक्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना रेल टिकट के रेलवे प्लेटफार्म और ट्रेन में मौजूद लोगों को हिरासत में लिया गया। जिन्हें आरपीएफ थाना ले जाया गया। जहां उनसे जुड़वाना वसूला गया। कुछ यात्रियों ने तत्काल जुमार्ना का भुगतान कर जमानत ले लिया था। जबकि कुछ रेल यात्रियों को जमानत की रकम जमा नहीं कर पाने पर उन्हें खगड़िया जेल भेज दिया गया। रेल मजिस्ट्रेट मो काजिब ने बताया कि रेलवे स्टेशन और स्टेशन पहुंचने वाले कई ट्रेनों की जांच की गई थी। बिना रेल टिकट के यात्रा करने वाले रेल यात्रियों से जुड़वाना वसूला गया था। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव सहित स्थानीय रेल अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित, बिजली आपूर्ति व्यवस्था की हुई समीक्षा

एजेंसी

**सहरसा :** समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में गुरुवार को उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सांसद दिनेशचंद्र यादव ने की। बैठक में जिलाधिकारी सह संयोजक, जिला विद्युत समिति, विद्युत अधीक्षण अभियंता सह सदस्य सचिव संतोष कुमार, वरीय प्रबंधक राजस्व सह सदस्य दीपक कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता अमित कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार सहित सहायक अभियंता सुशील आनंद, सुशील सुधांशु, विजेंद्र कुमार, आई टी मैनेजर, कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित




अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में वरीय प्रबंधक राजस्व अभियंता दीपक कुमार द्वारा विस्तृत रूप से केंद्र प्रायोजित विद्युत योजनाओं की प्रगति के सम्बंध में जानकारी दी गई ।

सांसद द्वारा इसकी समीक्षा करते हुए सभी संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दी गई. साथ ही जिले में विद्युत संरचना के निर्माण कार्यों का सतत अनुश्रवण एवं समन्वय स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने जिले में संचालित विभिन्न विद्युत परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा की।बैठक के दौरान सभी केंद्रीय प्रायोजित विद्युत परियोजनाओं की कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की गई। विद्युत संरचना एवं विद्युत नेटवर्क के विस्तार, संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों के लिए नई विद्युत संरचनाओं के निर्माण की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श हुआ।

इसके अलावा विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता, उपभोक्ताओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने, उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निवारण तथा विद्युत सेवा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की भी समीक्षा की गई।बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध हो सके।

# जीरो ऑफिस डे पर जीविका कर्मी पहुंचे गांव, सामुदायिक संगठनों की कार्यप्रणाली का लिया जायजा

एजेंसी

**किशनगंज :** बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन समिति (जीविका) द्वारा आयोजित दो दिवसीय जीरो ऑफिस डे (शून्य कार्यालय दिवस) के तहत गुरुवार को जिले के सभी जीविका कर्मी कार्यालयी कार्य छोड़कर गांव, पंचायत और प्रखंड स्तर पर पहुंचे तथा स्वयं सहायता समूहों और सामुदायिक संगठनों की कार्यप्रणाली का जमीनी स्तर पर आकलन किया। यह अभियान शुक्रवार को भी जारी रहेगा। जीरो ऑफिस डे के दौरान जीविका के जिला एवं प्रखंड स्तर के प्रबंधकों तथा कर्मियों ने विभिन्न पंचायतों और गांवों में संचालित स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल संघ की बैठकों में भाग लिया। इस दौरान समूहों की गतिविधियों, योजनाओं के क्रियान्वयन, वित्तीय प्रबंधन तथा संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई।



साथ ही जमीनी स्तर पर मौजूद कमियों का आकलन कर प्रतिवेदन तैयार किया गया, ताकि भविष्य में योजनाबद्ध तरीके से उनका समाधान किया जा सके। जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) अनुराधा चंद्रा ने बताया कि जीविका परियोजना की सफलता सामुदायिक संगठनों की मजबूती पर निर्भर करती है। इसी उद्देश्य से जीरो ऑफिस डे के माध्यम से सभी कर्मियों को क्षेत्र में भेजा गया है, ताकि वे स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों एवं संकुल संघों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर सकें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राप्त सुझावों और कमियों के आधार पर आवश्यक नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे तथा सामुदायिक संस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य कार्यालय से आए परियोजना प्रबंधक (बीमा) मो. वारिस इकबाल भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जीरो ऑफिस डे का उद्देश्य कार्यालय में बैठकर समीक्षा करने के बजाय गांवों में पहुंचकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का पता लगाना है। क्षेत्र से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर चिन्हित कमियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर दूर करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।जीविका अधिकारियों के अनुसार, किशनगंज जिले में वर्तमान में 24,183 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे तीन लाख से अधिक जीविका दीदियां जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा जिले में 1,522 ग्राम संगठन एवं 32 संकुल संघ संचालित किए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अल्प ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग एवं अन्य स्वरोजगार गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। जीरो ऑफिस डे के माध्यम से इन संगठनों को और अधिक प्रभावी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपौल में पिपिंग सेरेमनी आयोजित, दो सार्जेंट बने सार्जेंट मेजर

**सुपौल:** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सुपौल में गुरुवार को पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सार्जेंट खुशबू कुमारी एवं सार्जेंट शशि कुमार को पदोन्नति के उपरांत उनके कंधों पर एक-एक सितारा लगाकर सार्जेंट मेजर पद पर अलंकृत किया गया। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दोनों पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। ऐसे में अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील रहते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा पुलिस विभाग की गरिमा और विश्वास को कायम रखने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। पिपिंग सेरेमनी के दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे। उन्होंने दोनों अधिकारियों को पदोन्नति पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छपरा-पटना के बीच नई पैसेंजर ट्रेन की मांग पर रेल मंत्री ने दिया आश्वासन

**सारण :** छपरा के दैनिक रेल यात्रियों के लिए एक उत्साहजनक खबर है। छपरा से पटना के बीच प्रतिदिन एक नई पैसेंजर ट्रेन चलाने की जनहित की मांग पर रेल मंत्रालय ने सकारात्मक रुख दिखाया है। बिहार विधान परिषद सदस्य ई. सच्चिदानन्द राय द्वारा 19 जून को लिखे गए पत्र पर त्वरित संज्ञान लेते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वासन दिया है। एमएलसी कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, रेल मंत्री ने पत्र का जवाब देते हुए कहा कि इस प्रस्ताव की गंभीरता से जांच कराई जा रही है और जल्द ही इस पर उचित व सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस पहल का स्वागत करते हुए ई. सच्चिदानन्द राय ने कहा कि छपरा-पटना मार्ग पर नई नियमित ट्रेन सेवा शुरू होने से नौकरीपेशा, छात्रों और व्यापारियों सहित हजारों दैनिक यात्रियों को आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी।

### व्हाट्सऐप चैटबॉट के जरिए आयुष्मान सारथी से घर बैठे बनेगा आयुष्मान कार्ड

**सारण :** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों के लिए अब सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आयुष्मान सारथी नाम से आधिकारिक व्हाट्सऐप चैटबॉट सेवा शुरू की है। इसके माध्यम से जिले लाभार्थी 24 घंटे अपने मोबाइल से ही योजना की विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसके जरिए लोग घर बैठे अपनी पात्रता जांचने, नया आयुष्मान कार्ड बनाने, कार्ड डाउनलोड करने, ई-केवाईसी कराने और इलाज का पूरा रिकॉर्ड देखने जैसी सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, नजदीकी सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी और 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान वयो वंदना कार्ड की जानकारी भी यहाँ उपलब्ध होगी। सिविल सर्जन डॉ राजकुमार चौधरी ने बताया कि यह डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इस प्लेटफॉर्म के जरिए मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद अपना फीडबैक भी दे सकते हैं और अपनी शिकायतों का त्वरित निवारण भी पा सकते हैं। लाभार्थी अपने मोबाइल में +91 72908 23838 नंबर सेव कर व्हाट्सऐप पर ळ लिखकर भेजें। इसके बाद चैटबॉट स्वतः सक्रिय हो जाएगा और इसके बाद आप सेवा का विकल्प चुन सकेंगे।

### सीएम के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने सभा स्थल का किया निरीक्षण

**अररिया :** फारबिसगंज के हरिपुर पंचायत में आगामी 7 जुलाई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संभावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने हेलीपैड और सभा स्थल को लेकर निरीक्षण किया।गुरुवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हरिपुर पंचायत का दौरा कर प्रस्तावित हेलीपैड एवं सभा स्थल के साथ आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने हरिपुर पंचायत सरकार भवन परिसर का निरीक्षण कर सभा स्थल के रूप में इसकी उपयुक्तता का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम के लिए हरिपुर पंचायत सरकार भवन प्रांगण में सभा स्थल बनाया जाएगा, जबकि सभा स्थल से 3 किलोमीटर दूर स्टेट हाईवे किनारे हेलीपैड की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पंचायती राज पदाधिकारी मनीष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज अभय तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फारबिसगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी फारबिसगंज, बिजली विभाग की एसडीओ कोमल कुमारी, बीपीआरओ शशि रंजन, ग्रामीण विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर चंदन कुमार, हरिपुर पंचायत के मुखिया परमानंद ऋषि, सुभाष चंद्र, नवल राही एवं दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### दिनदहाड़े हथियार के बल पर कलेक्शन एजेंट से 60 हजार की लूट

**कटिहार :** जिले के मनिहारी प्रखंड स्थित नवाबगंज आईटीआई के समीप गुरुवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने एक निजी कंपनी के कलेक्शन एजेंट से 50 से 60 हजार रुपये लूट लिए। अपराधी बंदूक की नोक पर घटना को अंजाम देकर तेज रफ्तार बाइक से फरार हो गए। व्यस्त मार्ग पर दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित कलेक्शन एजेंट सोनू कुमार बोलिया क्षेत्र में दुकानों और ग्राहकों से रुपये का कलेक्शन करने गया था। वहां से नकदी लेकर वह वापस मनिहारी लौट रहा था। इसी दौरान नवाबगंज आईटीआई के पास पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। अपराधियों ने सोनू को हथियार दिखाया और डरा-धमका कर उसके पास रखे कलेक्शन के 50 से 60 हजार रुपये नकद छीन लिए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मनिहारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विनोद कुमार और थाना अध्यक्ष संतोष कुमार झा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

### सारण के सोनपुर में 46 किलो से अधिक गांजे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सारण :** सोनपुर हरिहरनाथ थाना पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक मारुति आल्टो कार सहित दो युवको को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हरिहरनाथ थाना को सूचना मिली थी कि एक चारपहिया वाहन से कुछ युवक सबलपुर क्षेत्र में मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वाले हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार को सूचित किया गया। उनके निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सोनपुर के नेतृत्व और अंचलाधिकारी की उपस्थिति में एक टीम का गठन किया गया। विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए सीपिया आम मोड़ के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया।

बच्चों की स्टेशनरी अक्सर इधर-उधर फैली रहती है। ऐसे में उसे आर्गेनाइज करने के लिए स्टेशनरी आर्गेनाइजर की मदद ली जा सकती है। आप इसे खुद घरेलू आइटम्स की मदद से तैयार कर सकते हैं।



# घरेलू आइटस की मदद से बनाएं स्टेशनरी आर्गेनाइजर

स्टेशनरी एक ऐसी चीज है, जो लगभग हर घर में होती ही है। जिन घरों में बच्चे होते हैं, वहां तो अक्सर पेन, पेंसिल या कलर आदि अक्सर इधर-उधर रखे हुए नजर आते हैं। अमूमन घरों में मम्मी ही स्टेशनरी को उठाकर बार-बार रखती रहती है। अगर आपके घर में भी ऐसा होता है तो सबसे अच्छा तरीका है कि आप स्टेशनरी आर्गेनाइजर का इस्तेमाल करें। स्टेशनरी आर्गेनाइजर की मदद से सभी तरह की स्टेशनरी को एक जगह आसानी से आर्गेनाइज करके रखा जा सकता है। यूं तो आपको मार्केट में कई तरह के अलग-अलग स्टेशनरी आर्गेनाइजर आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप चाहें तो इसे घर पर पुरानी आइटम्स की मदद से भी बेहद आसानी से बना सकते हैं। घर पर स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनाना ना केवल बजट फ्रेंडली है, बल्कि आप खुद ही एक यूनिक डिजाइन व साइज का स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनाकर तैयार कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बच्चों के लिए घरेलू आइटम्स की मदद से स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनाने के तरीके के बारे में बता रहे हैं-

### कार्डबोर्ड से बनाएं स्टेशनरी आर्गेनाइजर

- अगर आपके पास पुराने जूते के डिब्बे या कार्डबोर्ड हैं, तो आप उससे स्टेशनरी आर्गेनाइजर बना सकते हैं। आर्गेनाइजर बनाने के लिए कार्डबोर्ड बॉक्स को मनचाहे आकार में काटें। आप आर्गेनाइजर के अलग-अलग सेक्शन बनाने के लिए कार्डबोर्ड को नापकर काट लें।
- अब ग्लू या टेप का उपयोग करके उन्हें चिपका लें। सुनिश्चित करें कि वे मज़बूती से जुड़े हुए हैं। आप तैयार आर्गेनाइजर को डेकोरेटिव पेपर से ढक दें या फिर आप उन्हें पेंट भी कर सकते हैं। अब इसे सूखने दें और फिर तैयार आर्गेनाइजर में स्टेशनरी आइटम को अंदर रखें। पुरानी चीजों को इस्तेमाल करने का आसान तरीका है।


### मेसन जार की मदद से बनाएं आर्गेनाइजर

- मेसन जार की मदद से भी स्टेशनरी आर्गेनाइजर तैयार किया जा सकता है। आप अलग-अलग मेसन जार को बतौर आर्गेनाइजर इस्तेमाल करें। इसके लिए आप मेसन जार लें। फिर उसे पेंट करें और सूखने दें। एक जार में सारी स्टेशनरी आर्गेनाइज करना संभव नहीं है, इसलिए आप अलग-अलग मेसन जार को पेंट करें।
- अब आप हर जार में लेबल लगाएं। अगर आपके पास स्पेस की कमी है और आप माउंटेड ऑर्गनाइज़र चाहते हैं, तो स्क्रू और ड्रिल का उपयोग करके लकड़ी के बोर्ड पर होज़ क्लैंप लगाएं। फिर, जार को क्लैंप में सुरक्षित करें। अपने स्टेशनरी आइटम को जार में रखें।

### पुरानी प्लास्टिक बोतल से बनाएं आर्गेनाइजर

- घर में पुरानी प्लास्टिक की बोतल होना आम बात है। आप इसे भी बतौर स्टेशनरी आर्गेनाइजर काम में ला सकते हैं। यह इन बोतल को रिसाइकिल करने का एक बेहतरीन तरीका है। आर्गेनाइजर बनाने के लिए प्लास्टिक की बोतलों के ऊपरी हिस्से को मनचाही ऊंचाई पर काटें। सुनिश्चित करें कि किनारे चिकने हों। अगर किनारे नुकीले होंगे तो इससे चोट लगने का खतरा बढ़ जाएगा।
- अब बोतलों को पेंट करें या उन्हें डेकोरेटिव पेपर से कवर ककर दें। इसी तरह, आप आवश्यकतानुसार बोतलों को तैयार कर लें। इन्हें एक पैटर्न में अरेंज करें और फिर उन्हें गोंद या टेप से सिक्योर करें। आपका स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनकर तैयार है।





# घर की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए ऐसे सजाएं खिड़कियां

**घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए हम सभी चीजों की सजावट करते हैं लेकिन कई लोग खिड़की पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। खिड़कियां की साफ- सफाई के साथ इसकी सजावट करना भी काफी ज्यादा जरूरी हैं। अगर आप भी खिड़कियां की सजावट करना चाहती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप इसकी सजावट कैसे कर सकती हैं।**

खिड़कियां की सजावट करने से पहले आपको उसे अच्छे तरीके से साफ करना होगा। अगर आप अपने खिड़कियों की सजावट सही तरीके से करना चाहती हैं तो आपको खिड़की पर लगी धूल को साफ करना होगा। धूल निकालने के बाद आप इसे अच्छे तरीके से सजा सकती हैं।

### स्टफ टॉयज का करें इस्तेमाल

अपनी खिड़की को सजाने के लिए आप चाहे तो स्टफ टॉयज का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आपके खिड़की पर जगह है तो आपको उस पर स्टफ टॉयज रखना होगा। स्टफ टॉयज देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है।

### पौधे से करें सजावट

खिड़कियां अगर बड़ी है तो आपको अपने घर की खिड़कियों को सजाने के लिए हैंगिंग प्लांट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। इसकी मदद से आप अपने घर के खिड़कियों की मिनटों में सजावट कर सकती हैं। यह काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा।

### कर्टेन सही चुनें

कर्टेन आपके घर की खिड़कियों की रौनक को बढ़ा सकता है। ऐसे में आपको अपने घर के खिड़कियों की सजावट करने के लिए लाइट कलर के कर्टेन लगाने होगे। इसकी मदद से आप आसानी से अपने घर के खिड़कियों को सजा सकती हैं।





# बरसात के मौसम में घर के फर्नीचर को सेफ रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**बारिश का मौसम अपने साथ तरह-तरह की परेशानियां लेकर ही आता है। रोड पर जलजमाव के कारण कहीं आने-जाने में दिक्कत से लेकर घर की साफ-सफाई तक हर कुछ में इस दौरान समस्याएं बढ़ जाती है। ऐसा ही एक दिक्कत घर में मौजूद फर्नीचर के साथ भी होता है। दरअसल, बरसात के दिनों में लकड़ी के फर्नीचर में भी नमी आ जाती है। यही नहीं, इसके कारण सड़न और दीमक लगने की भी संभावनाएं काफी बढ़ जाती है, लेकिन आपको अब ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम आज एक्सपर्ट के बताए कुछ आसान से टिप्स बताने वाले हैं, जिसे फॉलो करके आप अपने काम को आसान बना सकते हैं।**

### फर्नीचर को ढक कर रखें

अगर यह खिड़की या बालकनी के पास रखी है तो आप अपने फर्नीचर ढक कर रख सकते हैं। इसके लिए प्लास्टिक शीट या वाटरप्रूफ कवर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने से आप अपने फर्नीचर को पानी और नमी से बचा सकते हैं। इसके अलावा, सोफों और कुर्सियों को फैब्रिक कवर से भी आप ढक सकते हैं।



### अपने फर्नीचर को धूप में सुखाएं

फर्नीचर में नमी को बनने से रोकने के लिए संभव हो तो इसे धूप में जरूर सुखाएं। इससे पानी का असर फर्नीचर पर नहीं होगा और न ही इसमें दीमक आदि लगने की स्थिति बन पाएगी।

### लकड़ी के फर्नीचर को पेंट या पॉलिश करें

पानी और नमी से फर्नीचर को बचाने के लिए आप एक सुरक्षात्मक परत बना सकते हैं। इससे फर्नीचर की चमक बरकरार रहेगी ही। साथ ही, बरसात में ये खराब होने से भी बच सकते हैं।

### फर्नीचर को दीवारों से दूर रखें

नम दीवारों से फर्नीचर में नमी आ सकती है। ऐसे में फर्नीचर और दीवारों के बीच थोड़ा गैप रखना जरूरी है। इसके अलावा, नमी के स्तर को कम करने और लकड़ी के फर्नीचर को सुरक्षित रखने के लिए कमरे में डीह्यूमिडिफायर का उपयोग कर सकते हैं।

### रबर पैड का करें इस्तेमाल

गंदे और गीले फर्श के साथ सीधे संपर्क में आने से फर्नीचर पर भी बुरा असर पड़ता है। ऐसे में आप अपने फर्नीचर को सुरक्षित रखने के लिए पैरों के नीचे रबर पैड लगा सकते हैं।

### फर्नीचर को कैसे रखें साफ?

- धूल और गंदगी को जमा होने से रोकने के लिए अपने फर्नीचर को नियमित रूप से साफ करते रहें।
- इसपर कवर, कोस्टर या पैड को बिछाकर रखें।
- अपने फर्नीचर को सीधे धूप से बचाएं।
- लकड़ी के फर्नीचर को महीने में एक बार घरेलू तरीके से जरूर पॉलिश करें।
- कपड़े के फर्नीचर को वैक्यूम क्लीनर से साफ करते रहें।

# बिना खर्च किए इस तरीके से बनाएं फर्नीचर क्लीनिंग स्प्रे

महंगे फर्नीचर की खास केयर की जरूरत होती है। इसके लिए बाजार में आपको यूं तो कई सारे प्रोडक्ट मिल जाएंगे। पर, आप चाहें तो केमिकल मुक्त घर पर ही क्लीनिंग स्प्रे तैयार कर सकती हैं।

### फर्नीचर क्लीनर स्प्रे बनाने की सामग्री

1 कप सफेद सिरका, 2 कप पानी
2 चम्मच नींबू का रस
1 बड़ा चम्मच ऑलिव ऑयल, स्प्रे बोतल

### घर पर फर्नीचर क्लीनर कैसे बनाएं?

- फर्नीचर क्लीनर तैयार करने के लिए सबसे पहले एक स्प्रे बोतल में सफेद सिरका और पानी डालें। आप चाहें तो सिरके की जगह नींबू का रस भी डाल सकती हैं।
- अब इसमें 1 बड़ा चम्मच ऑलिव ऑयल डालें। यह आपके फर्नीचर पर पॉलिश का काम करेगा।
- इसके बाद, बोतल को अच्छी तरह हिलाएं।
- बस लीजिए, आपका फर्नीचर क्लीनिंग स्प्रे तैयार है।
- फर्नीचर क्लीनर का कैसे करें इस्तेमाल?
- स्प्रे बोतल को अच्छी तरह से हिलाकर मिक्स कर लें।
- इसके बाद, एक मुलायम कपड़े को इस स्प्रे से गीला करें।
- फर्नीचर की सतह को अच्छी तरह पोंछ लें।
- अगर दाग एक बार में न मिटे, तो इसे फिर से दोहराएं।
- आप इस स्प्रे को लकड़ी, प्लास्टिक, धातु और कांच सहित विभिन्न प्रकार के फर्नीचर पर उपयोग कर सकते हैं।

### फर्नीचर स्प्रे बनाते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

- यदि आप एक स्ट्रॉन्ग क्लीनर चाहते हैं, तो आप सिरके की मात्रा को 1/2 कप तक बढ़ा सकते हैं।
- स्प्रे को सुगंधित बनाने के लिए आप नींबू का रस या चंदन के तेल की मात्रा को 20 बूंद तक डाल सकते हैं।
- यदि आप एक चमकदार फिनिशिंग चाहते हैं, तो ऑलिव ऑयल की मात्रा को भी 2 बड़े चम्मच तक बढ़ा सकते हैं।
- बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से दूर रखें।



# इन्वर्टर की बैटरी खरीदने से पहले इन बातों का रखें ध्यान वर्षो तक नहीं होगी खराब

अगर आप भी घर के लिए इन्वर्टर की बैटरी खरीदने जा रहे हैं तो उससे पहले इन बातों का ज़रूर ध्यान रखें।
दिन या रात में जब बिजली जाती है तो सबसे पहले ध्यान इन्वर्टर की तरफ जाता है। अगर इन्वर्टर ठीक है तो कई बात नहीं, लेकिन इन्वर्टर की बैटरी डाउन या ख़राब होती है तो अंधेरे में रहना पड़ता है। इसलिए इन्वर्टर की बैटरी सही खरीदना चाहिए। अगर आप भी इन्वर्टर के लिए बैटरी खरीदने जा रहे हैं और यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि इन्वर्टर के लिए बैटरी कैसी होना चाहिए।

### बैटरी लेने से पहले रखें इन बातों का ध्यान

- इन्वर्टर के लिए बैटरी लेना कोइबदी बात नहीं है, लेकिन बैटरी लेने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान देने की ज़रूरत है।
- सबसे पहले आपको यह तय करना है कि आपको कितने घंटे के लिए बैकअप चाहिए।
- आपके घर में लाइट कितनी बार जाती है और कितने देर के लिए जाती है। इसका पूरा अनुमान सेट करके आप आसानी से अच्छी बैटरी खरीद सकते हैं।
- जैसे-पूरे 24 घंटे में लगभग 3 घंटे के लिए बिजली जाती है उसके हिसाब से आप 75-80Ah (एंपीयर/आर) पावर वाली बैटरी खरीद सकते हैं।
- अगर इससे कम या इससे अधिक समय के लिए बिजली जाती है तो आप समय के अनुसार एंपीयर/आर) पावर वाली बैटरी खरीद सकते हैं।

### अच्छी बैटरी कैसे सेलेक्ट करें?

मार्केट में मौजूद इन्वर्टर बैटरियों में अच्छी बैटरी कैसे पहचाने ये बड़ा ही सवाल होता है। अगर आप भी इस सवाल में उलझे हुए कि अच्छी बैटरी कैसे सेलेक्ट करें तो फिर आपको कुछ टिप्स को फ़ॉलो करें की ज़रूरत है। जैसे-

- आपको बता दें कि मार्केट में लगभग 3 तरह की बैटरी सबसे अधिक चलती है। फ़्लैट बैटरी, नॉर्मल बैटरी और ट्यूबलर बैटरी अधिक चलती है।
- कई लोगों का मानना है कि ये तीनों बैटरी ही अपने स्थान पर है, लेकिन लॉन्ग लाइफ के लिए ट्यूबलर बैटरी अच्छी मानी जाती है। ट्यूबलर बैटरी अधिक समय तक चलती और कम समय में चार्ज भी हो जाती है। इसलिए आप आपने घर के लिए ट्यूबलर बैटरी खरीद सकते हैं।

### फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल बैटरी कैसी होती है?

यह तो आपको मालूम हो चुका होगा कि इन तीनों बैटरी में से ट्यूबलर बैटरी अच्छी होती है, लेकिन कई लोग फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल भी खरीद लेते हैं। ऐसे में इन दोनों बैटरी के बारे में आप भी जन लीजिए। कहा जाता है कि फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल बैटरी में कई बार हीटिंग की समस्या होती है जिसके कारण वो जल्दी ख़राब भी हो जाती है। फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल बैटरी अधिक समय तक नहीं चलती हैं और कई बार जल्दी ख़राब भी हो जाती हैं। इन दोनों बैटरी के साथ बैकअप की भी समस्या रहती हैं।

### इन्वर्टर बैटरी की वारंटी और सर्विस चेक करें

इन्वर्टर बैटरी सेलेक्ट करने के बाद बैटरी की वारंटी देखना बहुत ज़रूरी होता है। कई बैटरी की वारंटी 1 साल या फिर 2 तक तक ही होती है, लेकिन अगर आप घर के लिए बैटरी खरीद रहे हैं तो कम से कम 5-7 साल तक की वारंटी वाली ही बैटरी खरीदें। इसके वाला सर्विस के बारे में भी चेक करना बहुत ज़रूरी है। जी हां, वारंटी के साथ सर्विस के बारे में भी ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है। अगर बैटरी किसी वजह से ख़राब होती है और कंपनी फ्री मेंटेनेंस करती है। इसलिए इन्वर्टर के लिए बैटरी लेते समय वारंटी और सर्विस ज़रूर चेक करें।

